www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -312 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





भ्रष्टाचार और संरक्षण प्रतिभा के लिए घातक: धनखड़ 02
■ दिल्ली का बजट अटका, मार्च के पहले सप्ताह...
■ केंद्र सरकार ने माना, दिल्ली में कम हुआ वायु... 03
■ इमरान ने उमर अयूब को प्रधानमंत्री पद के लिए...
■ कतर में प्रवासी भारतीयों से मिले पीएम मोदी,... 07
जब निर्देशक ने महिमा मकवाना से कहा 'तुमसे ... 10

## सार संक्षेप

### नंदकिशोर यादव बने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष



**पटना।** बिहार में नई सरकार के गठन के बाद भाजपा नेता नंदकिशोर यादव बिहार विधानसभा के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद नंदकिशोर यादव को सर्वसम्मति से स्पीकर चुना गया। खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नए स्पीकर को आसन पर बैठाया। गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद उन्हें निर्विरोध विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया।

### हेमंत सोरेन को जेल भेजा, 22 को फिर सुनवाई




**रांची।** झारखंड में जमीन घोटाला मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लगातार 13 दिनों की पुलिस रिमांड के बाद गुरुवार को यहां ईडी कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले ईडी कोर्ट ने दो बार पांच-पांच दिन एवं एक बार तीन दिन की पुलिस रिमांड पर हेमंत को ईडी को सौप था। सोरेन को केंद्रीय कारा होटवार जेल भेज दिया गया और अब 22 फरवरी को उनकी अगली पेशी होगी।

### कुपवाड़ा में आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस, राष्ट्रीय राइफल (आरआर) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बस (सीआरपीएफ) की 162 बटालियन ने गुंडिमाचेर ब्रिज पर संयुक्त जांच अभियान छेड़ा था। उसकी पहचान लालपोरा शेखपोरा के निवासी रफीक अहमद गनी के रूप में की गई है।

### बीजद विधायक के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी



**भुवनेश्वर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने करोड़ों रुपए के भूमि घोटाला मामले में गुरुवार को बीजू जनता दल (बीजद) विधायक एवं ओडिशा के पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल के भूमि घोटाले के सिलसिले में भुवनेश्वर और भद्रक में कई ठिकानों पर छापेमारी की। ओडिशा में भंडारीपोखरी के विधायक के भद्रक और भुवनेश्वर स्थित आवासों और बारापाड़ा स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के पूर्व प्रिंसिपल के आवास पर भी छापेमारी की गई।

### दिल्ली में दो कारों की टक्कर में एक शख्स की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में दो कारों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में बुधवार शाम करीब 5.49 बजे सूचना मिली, इसके बाद पुलिस पहुंची।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड योजना पर रोक लगाई

## सर्वोच्च अदालत ने योजना को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द किया

- पांच जजों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया
- आयोग को 13 मार्च तक चंदे को सार्वजनिक करने का आदेश
- सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है चुनावी बांड योजना



यह योजना सूचना के अधिकार के मुकाबले सूचनात्मक गोपनीयता के अधिकार को प्रधानता देती है। यह काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र तरीका नहीं हो सकती है।

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने देश में राजनीतिक दलों के चंदे लिए 2018 बनाई गई चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए गुरुवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ सर्वसम्मति से ये ऐतिहासिक फैसला दिया। अपने फैसले में पीठ ने चुनावी बांड जारी करने वाले बैंक , भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को बांड जारी करना बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही, उसने राजनीतिक दलों को भी उन बांडों को वापस करने का निर्देश दिया, जो वैधता के 15 दिनों के भीतर के हैं और भुनाए नहीं गए हैं। संविधान पीठ ने एसबीआई को चुनावी बांड प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों और बांड से संबंधित सभी विवरण तीन सप्ताह के भीतर चुनाव आयोग को सुपुर्द करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इसके अलावा चुनाव आयोग को भी निर्देश दिया कि वह एसबीआई से बांड से संबंधित प्राप्त उन विवरणों को एक सप्ताह के भीतर यानी 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट के जरिए सार्वजनिक कर दे। संविधान पीठ ने अपने फैसले में योजना के साथ-साथ इससे संबंधित आयकर अधिनियम और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में किए गए संशोधनों को भी रद्द कर दिया।

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है

शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनावी बांड योजना अपनी गुमनाम प्रकृति के कारण सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। इस प्रकार से यह संविधान के अनुच्छेद 19(1) (ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा, चुनावी बांड योजना, आयकर अधिनियम की धारा 139 द्वारा संशोधित धारा 29(1)(सी) और वित्त अधिनियम 2017 द्वारा संशोधित धारा 13(बी) के प्रावधान, अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह योजना सूचना के अधिकार के मुकाबले सूचनात्मक गोपनीयता के अधिकार को प्रधानता देती है।



सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय लोकतंत्र के लिए एक बड़ा वरदान है। हम सभी पिछले कई वर्षों से इसके बारे में चिंतित थे। लोकतंत्र से प्यार करने वाले इसका विरोध कर रहे थे। मैंने खुद कई लेख लिखे और कई बार बात की : **एसवाई कुरैशी, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त**

### दो नवंबर सुरक्षित रख लिया था फैसला

संविधान पीठ ने कहा, व्यक्तियों के योगदान की तुलना में किसी कंपनी का राजनीतिक प्रक्रिया पर अधिक गंभीर प्रभाव होता है। कंपनियों द्वारा योगदान पूरी तरह से व्यावसायिक लेनदेन है। कंपनी अधिनियम की धारा 182 में संशोधन स्पष्ट रूप से कंपनियों और व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार करने के लिए मनमाना है। पीठ ने कहा कि चुनावी बांड योजना घाटे में चल रही कंपनियों को बदले में योगदान देने की अनुमति देने के नुकसान को पहचानने में सक्षम नहीं है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों को वित्तीय सहायता से पारस्परिक लाभ की व्यवस्था हो सकती है और चुनावी बांड योजना काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र तरीका नहीं हो सकती है। शीर्ष अदालत ने तीन दिनों की सुनवाई के बाद दो नवंबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### काला धन सफेद करो योजना थी : कांग्रेस



शीर्ष अदालत के फैसले के बाद कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार हमलावर होते हुए भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप मढ़ दिया। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेडा ने कहाकि भाजपा यह चुनावी बॉन्ड योजना केवल अपना खजाना भरने के लिए लाई थी। यह भाजपा की काला धन सफेद करो योजना थी। यह सत्ता में बैठी पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए तैयार की गई थी। हर साल इस योजना के जरिए भाजपा ने सभी राजनीतिक दान का 95 फीसदी हिस्सा हासिल किया।

### बैकफुट पर नजर आ रही भाजपा



चुनावी बॉन्ड योजना को लेकर विपक्ष जहां मोदी सरकार पर हमलावर है तो भाजपा बैकफुट पर खड़ी नजर आ रही है। अदालत के आदेश पर वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व कानून मंत्री रविशंकर ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि चुनावी बॉन्ड के जरिए चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाने का केंद्र सरकार का उद्देश्य था। बावजूद उनकी पार्टी शीर्ष अदालत के फैसले का सम्मान करती है।

# ज्ञानवापी मामले में सुनवाई पूरी



**प्रयागराज,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी गृहतल में काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पूजा की अनुमति देने की जिला जज के आदेश की वैधता की चुनौती देने वाली अपीलों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया। न्यायधीश रोहित रंजन अग्रवाल मसाजिद कमेटी की तरफ से दाखिल जिला जज के दो आदेशों की चुनौती अपीलों की सुनवाई कर रहे थे। मस्जिद पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी व पुनीत गुप्ता ने तर्क दिया कि पूजा के अधिकार की मांग में दाखिल सिविल वाद में अधिकार तय किए बगैर अंतरिम आदेश से फाइनल रिलीफ देना कानूनी प्रक्रिया का उल्लघंन है। तहखाने में पूजा की अनुमति देकर वस्तुतः सिविल वाद स्वीकार कर लिया गया है। साथ ही जिला जज ने स्वयं ही दो विरोधाभाषी आदेश दिए हैं। यह भी कहा गया कि सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 152 के अंतर्निहित अधिकार का प्रयोग करते हुए अदालत मूल आदेश की प्रकृति में बदलाव का आदेश नहीं दे सकती।

**उच्च न्यायालय ने सुरक्षित रखा फैसला**

# देश में हर रोज अन्याय हो रहा : राहुल

## औरंगाबाद की सभा में बोले, हिंदुस्तान के डीएनए में है मोहब्बत

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा



■ 40 वर्षों के दौरान सबसे अधिक बेरोजगारी

**औरंगाबाद,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि हिंदुस्तान के डीएनए में मुहब्बत होने के कारण भाजपा कभी अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाएगी। श्री गांधी ने गुरुवार को औरंगाबाद में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के क्रम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में हर रोज अन्याय हो रहा है। जिस समाज में अन्याय होता है उस समाज में हिंसा होगी ही, नफरत होगी ही । भाजपा के लोग पूरे देश में नफरत फैलाने में लगे हैं लेकिन हिंदुस्तान का डीएनए मोहब्बत का है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले 40 वर्षों के दौरान सबसे अधिक बेरोजगारी अभी है । बड़े उद्योगपति चीन का सामान देश में बेच रहे हैं । ऐसे में देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है । छोटे कारखाने नोटबंदी और जीएसटी से बर्बाद हो गये । कांग्रेस रोजगार समेत अन्य मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही है और जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता, हम इन सवालों को उठाते रहेंगे ।

### देश में तानाशाही चला रहे मोदी : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने अपने संबोधन में कहा, ये लोग (बीजेपी) न संविधान को मानते हैं, न लोकतंत्र को मानते हैं, ये लोग सिर्फ इस देश में हुकुमशाही चाहते हैं, डिक्टेटरशिप चाहते हैं, और वो डिक्टेटरशिप मोदी जी आज कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'बीजेपी के लोग ये बात कर रहे हैं, इसलिए हमको चाहिए कि हम मजबूत बनकर उनका मुकाबला करें।'

संयुक्त किसान मोर्चा ने जारी किया बयान

# किसान आंदोलन में 150 किसान घायल, छह गंभीर

**चंडीगढ़,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली कूच के आह्वान के तहत आन्दोलनरत किसानों पर पंजाब से लगती शंभू और खनौरी सीमा पर हरियाणा पुलिस के ड्रोन से आंसू गैस के गोले दागने, लाठीचार्ज और रबड़ की गोलियां चलाने की कार्रवाई में 150 से अधिक किसान घायल हुए हैं, जिनमे छह की हालत गंभीर है। यह जानकारी आज संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से अवतार सिंह महिमा ने एक बयान में दी। उन्होंने बताया कि घायलों का पटियाला और राजपुरा के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। हरियाणा सरकार की इस कार्रवाई के विरोध में किसान संगठनों ने आज पंजाब में 'रेल रोको' किया और टोल नाकों पर प्रदर्शन भी किया।



■ विरोध में 'रेल रोको' व टोल पर प्रदर्शन किया

### किसानों को शांतिपूर्वक विरोध करने का अधिकार : पंधेर

किसान मजदूर संघर्ष समिति के नेता सरवन सिंह पंधेर ने वीरवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंत्रियों से बात करें और मांगें मानने को कहें। संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर संघर्ष समिति के 13 फरवरी को दिल्ली कूच के आह्वान के बाद पिछले तीन दिनों से हरियाणा - पंजाब सीमाओं पर किसानों और हरियाणा पुलिस के बीच टकराव और तनाव की स्थिति बनी हुई है। श्री पंधेर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि या तो उनकी मांगें मानी जाएं या उन्हें दिल्ली में शांतिपूर्वक विरोध करने दिया जाए। चूंकि यह एक लोकतान्त्रिक देश है और किसानों को शांतिपूर्वक विरोध करने का अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बातचीत के लिए उनका एजेंडा वही होगा, जो मांगें वह पहले रख चुके हैं। किसानों की मांगों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी का कानून बनाने और कर्ज माफी तथा अन्य मांगें शामिल हैं।

### भारत बंद को सफल बनाने का आह्वान

मोर्चा के बयान के अनुसार किसान संगठनों के प्रतिनिधीय की एक बैठक 18 फरवरी को लुधियाना में बुलाई गई है जिसमें आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी। आज की बैठक में सभी से शुक्रवार के किसान-मजदूरों के 'ग्रामीण भारत बंद' आंदोलन को सफल बनान का आह्वान भी किया गया।

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का फैसला

# अजित पवार गुट ही असली एनसीपी



**किसी भी गुट के खिलाफ कार्रवाई नही**

**मुंबई,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने गुरुवार को यहां फैसला सुनाया कि असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) उप मुख्यमंत्री अजित पवार की है। जुलाई, 2023 में एनसीपी विभाजन के बाद दो प्रतिद्वंद्वी गुटों द्वारा दायर विधायकों की अयोग्यता पर अपने आदेश में अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे से जुड़े शिवसेना अयोग्यता मामले का उल्लेख किया।

अध्यक्ष ने कहा कि एनसीपी के दो गुट 30 जून 2023 को उभरे और किसी ने कोई गुट नहीं छोड़ा, इसलिए किसी भी गुट के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। नार्वेकर ने कहा, (महाराष्ट्र) सरकार में शामिल होने से पहले, अजित पवार गुट ने विधायकों और एमएलसी की संख्या के मामले में शरद पवार गुट को पछाड़ दिया था। 2 जुलाई, 2023 से पहले दो समानांतर पार्टी अध्यक्ष और संरचनाएं मौजूद थीं, जब अजित पवार सरकार का हिस्सा बने।

### चुनाव आयोग ने भी दिया था झटका

यह निर्णय शरद पवार के लिए एक और बड़ा झटका साबित हुआ और यह निर्णय चुनाव आयोग द्वारा अजित पवार समूह को एनसीपी पार्टी और उसका 'घड़ी' चिन्ह आवंटित करने के कुछ दिनों बाद आया। शरद पवार गुट, जिसे 'एनसीपी-शरदचंद्र पवार' का अस्थायी नाम दिया गया है, ने चुनाव आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

### शरद की 3 और अजित की 2 याचिकाएं थीं

शरद पवार गुट की तरफ से 3 और अजित पवार गुट की तरफ से 2 याचिका दायर की गई थीं। सभी 5 याचिकाएं खारिज कर दी गई हैं। सुनवाई में अजित पवार गुट की तरफ से अनिल पाटिल और समीर भुजबल मौजूद रहे, जबकि शरद पवार गुट से पहले सिर्फ वकील ही आए थे। बाद में जितेंद्र आहवाड भी आ गए थे।

महुआ की मुश्किलें नहीं हो कम

# अब ईडी ने किया महुआ को तलब



■ पहले ही जा चुकी है लोकसभा सदस्यता

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा से निष्कासित होने के बाद भी तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। अब प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने उन्हें कथित विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम उल्लंघन से जुडे एक मामले में पूछताझ के लिए तलब किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने महुआ से 19 फरवरी को नई दिल्ली वाले ईडी कार्यालय में पेश होने को कहा है। बता दें कि महुआ के खिलाफ सीबीआई भी जांच कर रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उन पर उपहार के बदले कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर अडानी समूह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। उन्होंने महुआ मोइत्रा पर आर्थिक लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता करने का भी आरोप लगाया था। उनके आरोपों पर लोकसभा की आचार समिति को जांच सौंपी गई थी।

जम्मू-कश्मीर में भी इंडिया गठबंधन को झटका

# अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी नेशनल कांफ्रेंस

**जम्मू,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। विपक्षी दलों के भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी (इंडी) गठबंधन को करारा झटका देते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को घोषणा की कि पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगी। अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में विपक्षी इंडिया गठबंधन की सीट बंटवारे में अनिश्चितता के बीच यह घोषणा की है। एनसी, कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ जम्मू-कश्मीर में इंडी गठबंधन की तीन पार्टियों में से एक है। अब्दुल्ला ने श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारी पार्टी अपने दम पर सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

भावना | *पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने रायबरेली की जनता का जताया आभार*

# सोनिया ने रायबरेली की जनता को लिखा भावुक पत्र

**नई दिल्ली, 15 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अब राजस्थान से राज्यसभा के जरिए संसद जा रही हैं। बुधवार को उन्होंने इसके लिए जयपुर जाकर नामांकन किया। इसी के साथ अब उनका रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से लगातार दो दशक पुराने रिश्तों पर विराम लग गया है। हालांकि माना जा रहा है कि इस बार रायबरेली से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अपनी किस्मत आजमा सकती है।**

इस बीच सोनिया ने अपने पारिवारिक रिश्तों का हवाला देते हुए रायबरेली की जनता के नाम एक भावुक खत लिखा है। अपने संबोधन में उन्होंने लिखा- मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है, वह रायबरेली आकर आप लोगों से मिलकर पूरा होता है। यह स्नेह और नाता बहुत पुराना है,जो अपनी ससुराल में मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़े बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने हमारे ससुर फीरोज गांधी को यहां से जिताकर दिल्ली भेजा। उसके बाद मेरी सास को आपने अपना बना लिया। तब से लेकर अब तक ये सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरे राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया। उन्होंने लिखा- इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी।



■ सोनिया ने लिखा अब मेरे परिवार को संभाल लेना

### मेरा मन -प्राण हमेशा आपके साथ रहेगा

सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर जब मै आपके पास आई,आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे। मैं यह कभी भूल नहीं सकती। मुझे कहते हुए गर्व हो रहा है कि आज जो कुछ भी हूं ,आपकी बदौलत हूं। उन्होंने लिखा- स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलतें मै अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा,लेकिन यह तय है कि मेरा मन -प्राण हमेशा आपके साथ रहेगा। मुझे पता है कि आप भी हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे, जैसे अब तक संभालते रहे हैं।


# देश

**उवाच** “बीजद आगामी चुनाव में राज्य के रेलवे और दूरसंचार विकास के व्यापक हित के लिए केंद्रीय रेल, संचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री की राज्य सभा उम्मीदवारी का समर्थन करेगा, बीजद के पूर्व विधायक देबाशीष सामंत्रे और बीजू युवा जनता दल के उपाध्यक्ष सुभाशीष खुंटिया के नामों की घोषणा की थी :-**नवीन पटनायक, अध्यक्ष बीजद**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 26.0 | 08.8 |
| मुंबई | 32.9 | 18.0 |
| कोलकाता | 29.6 | 19.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 22.0 |

## भ्रष्टाचार और संरक्षण प्रतिभा के लिए घातक: धनखड़



**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कानून के समक्ष समानता को लोकतांत्रिक शासन के लिए सर्वोत्कृष्ट करार देते हुए गुरुवार को कहा कि भ्रष्टाचार और संरक्षण युवा प्रतिभा के लिए सबसे घातक है। उपराष्ट्रपति ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज के 125 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और संरक्षण युवा नवोन्वेषी दिमागों के लिए सबसे घातक हैं। इन से योग्यता और क्षमता प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि युवा लोग भ्रष्टाचार से नफरत करते हैं क्योंकि वे भाई-भतीजावाद, पक्षपात से ठगा हुआ महसूस करते हैं।

प्रशासनिक सुधारों की चर्चा करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि सत्ता गलियारे अब भ्रष्ट तत्वों से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं और एक पारदर्शी, जवाबदेह प्रणाली स्थापित हो गई है। उन्होंने कहा कि योग्यता का बोलबाला है और युवा आकांक्षा कर सकते हैं, अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं और अपनी क्षमता का पूरा लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा, ‘कानून के समक्ष समानता लोकतांत्रिक शासन के लिए सबसे अपरिहार्य विशेषता है।’ उन्होंने कहा कि अब कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, कानून के लंबे हाथ हर किसी तक पहुंच रहे हैं, खासकर उन लोगों तक जिन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें कानून के प्रति जवाबदेह ठहराया जाएगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कानून का सम्मान राष्ट्रवाद, लोकतंत्र और योग्यता का सम्मान है। कानून का सम्मान भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा रहा है। विशेष रूप से सत्ता और सत्ता के पदों पर बैठे लोगों का यह प्रमुख दायित्व है कि वे कानून के प्रति सम्मान दिखाकर एक उदाहरण स्थापित करें।

### चुनावी बांड पर कोर्ट के फैसले से कांग्रेस हुई हमलावर

## मोदी का भ्रष्टाचार हुआ बेनकाब: कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने चुनावी बांड को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले स्वागत करते हुए गुरुवार को कहा कि यह भ्रष्टाचार का मामला है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे सीधे जुड़े हैं और न्यायालय के फैसले से उनका भ्रष्टाचार बेनकाब हुआ है। कांग्रेस मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज माननीय सुप्रीम कोर्ट की तरफ से इलेक्टोरल बॉन्ड पर एक महत्वपूर्ण फैसला आया है और कांग्रेस न्यायालय के मोदी सरकार की ‘चुनावी बॉन्ड योजना’ को रद्द करने के सर्वसम्मत फैसले का स्वागत करती है।’ उन्होंने कहा, ‘आज प्रधानमंत्री और उनका भ्रष्टाचार बेनकाब हो गया है। प्रधानमंत्री ने मनी बिल लाकर इसे कानूनी जामा पहनाया था ताकि विधायक खरीदे जा सकें, अपने मित्रों को कोयले की खदान, हवाई अड्डे दिए जा सकें। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम भ्रष्टाचार का मामला है जिसमें सीधे-सीधे प्रधानमंत्री शामिल हैं। देश पर चुनावी बॉन्ड को थोपा गया, जबकि चुनाव आयोग, वित्त मंत्रालय और कानून मंत्रालय के अधिकारियों ने इसका विरोध किया था। श्री खेड़ा ने कहा, आज यह बात साफ हो गई- मोदी सरकार सिर्फ कमीशन, रिश्वतखोरी और काला धन छिपाने के लिए ही ‘चुनावी बॉन्ड’ लेकर आई थी। ये बॉन्ड श्री मोदी की ‘भ्रष्टाचार बढ़ाओ नीति’ की वो साजिश है जो आज पूरे देश के सामने बेनकाब हो चुकी है। श्री मोदी की ऐसी भ्रष्टाचारी नीतियां लोकतंत्र के लिए बेहद घातक और देश के लिए खतरा हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम भ्रष्टाचार का मामला है, जिसमें सीधे-सीधे प्रधानमंत्री शामिल हैं।



**आज सुप्रीम कोर्ट की तरफ से इलेक्टोरल बॉन्ड पर एक महत्वपूर्ण फैसला आया है और कांग्रेस न्यायालय के मोदी सरकार की ‘चुनावी बॉन्ड योजना’ को रद्द करने के सर्वसम्मत फैसले का स्वागत करती है।’ ‘आज प्रधानमंत्री और उनका भ्रष्टाचार बेनकाब हो गया है:-पवन खेड़ा, प्रमुख, मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग कांग्रेस**

उन्होंने कहा, साल 2017 में जब इलेक्टोरल बॉन्ड लाया गया था तब से हमने इसका पुरजोर विरोध किया था। हमारी इसको लेकर ये आपत्तियां थीं कि यह प्रक्रिया अपारदर्शी है,इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा,काला धन सफेद हो जाएगा, सारा लाभ सत्ता पक्ष को मिलेगा और इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और सत्ता पक्ष के बीच एक अनकहा- अनदेखा रिश्ता स्थापित हो जाएगा। प्रवक्ता ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि चुनावी बॉन्ड योजना संसद द्वारा पारित कानूनों के साथ ही भारत के संविधान का भी उल्लंघन कर रही है। भाजपा को ‘इलेक्टोरल बॉन्ड’ में जो 5200 करोड़ रुपए मिले हैं, उसके बदले भाजप ने क्या बेचा है। हमारी मांग है कि भारतीय स्टेट बैंक इससे जुड़ी तमाम जानकारी को सार्वजनिक पटल पर रखे, जिससे जनता को मालूम पड़े कि किसने कितना पैसा दिया। यह स्कीम मोदी सरकार ‘मनी बिल’ के तौर पर लाई थी, ताकि राज्यसभा में इस पर चर्चा न हो, यह सीधा पारित हो जाए। हमें डर है कि कहीं फिर से कोई अध्यादेश जारी न हो जाए और मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से बच जाए।

## गठबंधन से अलग ने होने के बाद नीतीश कुमार की लालू प्रसाद से पहली मुलाकात

**पटना,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। सीएम नीतीश के अचानक पाला बदलकर एनडीए के साथ जाने के बाद गुरुवार को लालू और नीतीश की आमने सामने मुलाकात हुई। इंडिया गठबंधन से अलग ने होने के बाद नीतीश कुमार की लालू प्रसाद से यह पहली मुलाकात हुई। लालू के साथ उनके बेटे तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुले दिल से लालू का अभिवादन किया।



■ **नीतीश कुमार ने खुले दिल से लालू का अभिवादन किया**

दरअसल, पुरानी कहावत है कि सियासत में न तो कोई दोस्त होता है और ना ही दुश्मन, बल्कि राजनीति संभावनाओं का खेल है। अपने हितों को साधने के लिए नेता अक्सर पाला बदलने का खेल खेलते रहते हैं। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पाला बदलकर कभी महागठबंधन के साथ गए थे लेकिन उन्होंने फिर से पाला बदला और अपने पुराने घर में वापस लौट आए। करीब डेढ साल लालू के साथ रहने के बाद नीतीश कुमार ने अचानक पाला बदल लिया और महागठबंधन की सरकार सत्ता से बाहर हो गई। इस दौरान विपक्षी दलों को केंद्र सरकार के खिलाफ एकजुट करने के लिए दोनों बड़े और छोटे भाई यानी लालू प्रसाद और नीतीश कुमार ने मुहिम चलाई और उन दलों को भी एक गठबंधन में लेकर आए जो कभी साथ बैठना तो दूर एक दूसरे को देखना भी पसंद नहीं करते थे लेकिन राजनीतिक महत्वकांझा पूरी नहीं होता देख लालू-नीतीश फिर से अलग हो गए।

मुख्यमंत्री सदन की कार्यवाही खत्म होने के बाद वापस सीएम आवास के लिए रवाना हो रहे थे। जैसे ही वे विधानसभा से बाहर निकले लालू प्रसाद सामने दिख गए। पाला बदलने के बाद नीतीश कुमार की लालू प्रसाद से यह पहली मुलाकात थी। उन्होंने हाथ जोड़कर लालू का अभिवादन किया। दोनों एक दूसरे से मिले और अपने-अपने रास्ते निकल गए। इस दौरान तेजस्वी यादव भी लालू के साथ मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### महागठबंधन से जदयू के निकलने के बाद सहयोगी दलों की लोकसभा चुनाव के लिए बढ़ी मांग

पटना। बिहार में महागठबंधन से जदयू के बाहर निकल जाने के बाद सहयोगी दलों में लोकसभा चुनाव के लिए सीटों की अपेक्षाएं बढ़ गई हैं, जिस कारण उनकी मांग भी बढ़ी हैं। भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य का कहना है कि महागठबंधन से नीतीश कुमार की जदयू के बाहर निकलने के बाद भाकपा माले निश्चित रूप से आगामी लोकसभा चुनाव में बड़ी हिस्सेदारी मांगेगी। एक-दो दिन में राजद समेत महागठबंधन के नेताओं से इस मामले पर चर्चा की जाएगी। इससे पहले भाकपा माले ने महागठबंधन में पांच सीटों की मांग रखी थी। कांग्रेस ने भी सीटों की अपनी मांग बढ़ा दी है। कांग्रेस के एक नेता कहते हैं कि स्वाभाविक है कि जदयू महागठबंधन से बाहर हो गई है तो सहयोगियों में हिस्सेदारी भी बढ़ेगी।

### कर्नाटक के किसानों की हिरासत पर सिद्दारमैया ने मध्य प्रदेश सीएम को लिखा पत्र

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को मध्य प्रदेश में अपने समकक्ष मोहन यादव को पत्र लिखकर किसानों की हिरासत के मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। कर्नाटक के किसानों के समूह को ‘दिल्ली चलो’ किसान विरोध-प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय राजधानी जाते समय भोपाल में हिरासत में लिया गया। पत्र में लिखा है, ‘केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन में भाग लेने के लिए बेंगलुरु से दिल्ली जा रहे कर्नाटक के किसानों के एक समूह को बिना किसी कारण के मध्य प्रदेश के भोपाल में हिरासत में लिया गया है। कर्नाटक सीएम ने लिखा कि ‘हमारे किसानों को हिरासत में लिए हुए चार दिन हो गए हैं’ और अभी तक उन्हें रिहा नहीं किया गया है।

### ‘नाराज’ तृणमूल सांसद मिमी चक्रवर्ती ने लोकसभा से इस्तीफे की घोषणा की

कोलकाता। अभिनय से राजनीति में आने वाली तृणमूल कांग्रेस सांसद मिमी चक्रवर्ती ने गुरुवार को यहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद लोकसभा से इस्तीफा देने की घोषणा की। वह कोलकाता के जादवपुर से सांसद हैं। चक्रवर्ती ने स्थायी रूप से राजनीति से दूर जाने और इसकी बजाय अपने अभिनय करियर पर ध्यान केंद्रित करने की भी इच्छा व्यक्त की है। अभिनेत्री-राजनेता गुरुवार दोपहर विधानसभा परिसर पहुंचीं और अपने निर्वाचन क्षेत्र में अपनी ही पार्टी के स्थानीय नेतृत्व द्वारा उनके साथ किए गए व्यवहार के खिलाफ मुख्यमंत्री से शिकायत की।

## ‘ए2जेड देखो’ की बैनर तले पटना में लगने जा रहा है बिहार का सबसे बड़ा एजुकेशन फेयर

पटना, 15 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार का सबसे बड़ा एजुकेशन फेयर पटना में 24 और 25 अप्रैल 2024 को राजधानी पटना के होटल पाटलिपुत्र एग्जॉटिका एग्जिबिशन रोड में लगने जा रहा है इस एजुकेशन फेयर में 200 कॉलेज यूनिवर्सिटी 2000 एजुकेशन कंसल्टेंट पूरे देश से जुड़ें 2000 टीचर बिहार के 38 जिले से आएंगे 15 से 20000 बच्चे। पटना के एग्जीबिशन रोड अवस्थित होटल पाटलिपुत्र एग्जॉटिका में होगा आयोजन ए 2 जेड देखो कंपनी कर रही है यह आयोजन। कंपनी के सीईओ रोशन राज ने बताया कि वह पिछले 15 साल से एजुकेशन फील्ड में काम कर रहे हैं पिछले साल 23 अप्रैल को पटना में 101 यूनिवर्सिटी और कॉलेज एक छत के नीचे उनके बैनर तले जुटे थे इस बार पूरे बिहार से 38 जिलों के 20000 बच्चों को इस फेयर में बुलाने की व्यवस्था की गई है उन्होंने बताया कि इस फेयर में पीजीडीएम एमबीए बीटेक बीबीए बीसीए होटल मैनेजमेंट के साथ ही साथ सभी प्रोफेशनल कोर्स से जुड़े हुए एजुकेशनल यूनिवर्सिटी कॉलेज कंसलटेंट साथ ही साथ एजुकेशन लोन मुहैया करने वाले सभी राष्ट्रीयकृत और प्राइवेट बैंक के वरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## ‘विकसित भारत विकसित राजस्थान’ कार्यक्रम को संबोधित करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ‘विकसित भारत विकसित राजस्थान’ कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान 17,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन , लोकार्पण और आधारशिला रखेंगे। ये परियोजनाएं सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत ट्रांसमिशन, पेयजल तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री राजस्थान में 5000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री 8-लेन के दिल्ली-मुंबई ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट (एनई-4) के तीन पैकेजों अर्थात बौंली-झालाई रोड से मुई विलेज सेक्शन, हरदेवगंज गांव से मेज नदी सेक्शन, और तकली से राजस्थान/मध्य प्रदेश सीमा तक के खंड का उद्घाटन करेंगे। यह खंड क्षेत्र में तेज और बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यह खंड वन्यजीवों के निर्बाध आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए छलावरण के साथ पशु अंडरपास और पशु ओवरपास से लैस हैं। इसके अतिरिक्त, वन्यजीवों पर ध्वनि प्रभाव को कम से कम करने के लिए ध्वनि अवरोधकों का भी प्रावधान किया गया है।



**17,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और आधारशिला रखेंगे**

प्रधानमंत्री काया गांव में एनएच-48 के दक्षिणपुर-शामलाजी सेक्शन के साथ देबारी में एनएच-48 के चित्तौड़गढ़-उदयपुर राजमार्ग खंड को जोड़ने वाले 6-लेन ग्रीनफील्ड उदयपुर बाईपास का भी उद्घाटन करेंगे। यह बाईपास उदयपुर शहर की भीड़भाड़ कम करने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे जो राजस्थान के झुंझुनू, आबू रोड और टोंक जिलों में सड़क आधारभूत अवसंरचना में सुधार करेंगी।

श्री मोदी क्षेत्र में रेल अवसंरचना को मजबूत करते हुए लगभग 2300 करोड़ रुपए की राजस्थान की आठ महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और उनकी आधारशिला रखेंगे। जोधपुर-राय का बाग-मेड़ता रोड-बीकानेर सेक्शन (277 किलोमीटर), जोधपुर-फलोदी सेक्शन (136 किमी) और बीकानेर-रतनगढ़-सादुलपुर-रेवाड़ी सेक्शन (375 किमी) सहित रेल मार्गों के विद्युतीकरण के लिए विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं।

## ममता ने ईडी पर संदेशखाली में हिंसा भड़काने का आरोप लगाया

**कोलकाता,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों और सीएपीएफ कर्मियों पर 5 जनवरी को उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखाली में हमले के बाद पिछले सप्ताह से क्षेत्र में जारी तनाव के लिए गुरुवार को केंद्रीय एजेंसी को ही जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के आरोपी मास्टरमाइंड और फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां को भी वस्तुत: क्लीन चिट दे दी, जिनके करीबी सहयोगियों पर संदेशखाली में स्थानीय महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को विधानसभा के पटल पर कहा, ‘वर्तमान में संदेशखाली में जो कुछ भी हो रहा है उसके लिए ईडी जिम्मेदार है। एजेंसी के अधिकारी शाहजहाँ को निशाना बनाते हुए संदेशखाली में समस्या पैदा करने के इरादे से वहाँ गए।’ बनर्जी ने भी अपनी पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा अपनाई गई लाइन पर कायम रहते हुए कहा कि बाहरी लोग संदेशखाली में परेशानी पैदा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, पहले, ईडी शाहजहां को निशाना बनाकर वहां गई और इलाके में तनाव पैदा किया। फिर अल्पसंख्यक और आदिवासी आबादी के बीच तनाव पैदा करने का जानबूझकर प्रयास किया गया।

## तमिलनाडु सरकार राज्यपाल रवि के बचकाने व्यवहार से नहीं डरेगी : स्टालिन

**चेन्नई,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार निरंकुश शासन को चुनौती दे रही है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के ‘बचकाने व्यवहार’ से नहीं डरेगी। मुख्यमंत्री स्टालिन ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए यह बात कही। सीएम ने राज्यपाल पर अपनी राजनीतिक गतिविधियों के विस्तार के लिए विधानसभा का उपयोग करने का आरोप लगाया। स्टालिन ने कहा कि उनकी ‘द्रविड़ मॉडल’ सरकार ने अतीत में कई बाधाओं को पार किया है और ‘बाधाओं को खत्म करना’ जारी रखेगी। राज्यपाल के लिए तैयार अभिभाषण को पढ़ने से आरएन रवि के इनकार का जिक्र करते हुए स्टालिन ने कहा, ‘मैं एक ऐसे आंदोलन के नेता के रूप में अपनी क्षमता से कहना चाहता हूं, जो बाधाओं को नष्ट करने में सक्षम है कि मैं मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन हूं।’ सीएम ने कहा, ‘प्रोटोकॉल की मांग है कि राज्यपाल सत्र की शुरुआत में सदन को संबोधित करें। राज्यपाल ने इस तरह का व्यवहार किया, जिससे हमें विश्वास हो गया कि वह विधानसभा का उपयोग अपनी राजनीतिक गतिविधियों के विस्तार के रूप में कर रहे हैं। क्या यह एक सदी पुरानी विधानसभा को बदनाम करने वाला कृत्य नहीं था? क्या यह तमिलनाडु के लोगों को अपमानित करने वाला कृत्य नहीं था? क्या यह उस संविधान का उल्लंघन और अपमान करने जैसा नहीं है, जिसके द्वारा उन्होंने पद की शपथ ली थी।



**‘द्रविड़ मॉडल’ सरकार ने अतीत में कई बाधाओं को पार किया है और ‘बाधाओं को खत्म करना’ जारी रखेगी:-स्टालिन**

## संजय सेठ को राज्यसभा का उम्मीदवार बना भाजपा ने किया ‘खेला’, कैसे बिगड़ेगा वोटों का समीकरण ?

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय सेठ ने गुरुवार को अपना नामांकन पर्चा भरा। दरअसल, भाजपा ने राज्यसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले चुनाव में अपना आठवां प्रत्याशी उतारकर मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। इससे पहले बुधवार को भाजपा के सात उम्मीदवारों ने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। वहीं, समाजवादी पार्टी के तीन प्रत्याशियों ने मंगलवार को अपना नामांकन पर्चा भरा था। यूपी से कुल 10 प्रत्याशी मैदान में थे। यूपी कोटे की राज्यसभा की 10 सीटें खाली हुईं थीं, ऐसे में वोटिंग की जरूरत नहीं थी। लेकिन, अचानक भाजपा ने संजय सेठ को अपना उम्मीदवार बना दिया है, जिसके बाद अब वोटिंग की जरूरत है।

अगर आंकड़े पर नजर डालें तो, भाजपा को आठवें प्रत्याशी को जिताने के लिए आठ विधायकों के वोट की ज़रूरत पड़ेगी। आरएलडी विधायकों को मिलाकर एनडीए के पास 288 वोटों का आंकड़ा है। जबकि, सपा को तीसरे प्रत्याशी को जिताने के लिए एक अतिरिक्त विधायक के वोट की ज़रूरत है, लेकिन सपा के दो विधायक जेल में कैद हैं। वहीं, पल्लवी पटेल बागी रूख अपना चुकी हैं, सपा-कांग्रेस को मिलाकर 110 विधायक हैं। ऐसे में सपा को चार अतिरिक्त वोट की जरूरत पड़ेगी। एक राज्यसभा सीट जीतने के लिए प्रत्याशी को 37 विधायकों के वोट की ज़रूरत है। एनडीए के पास 279 सीटें हैं, आरएलडी के 9 मिलाकर कुल आंकड़ा 288 का बनता है। सपा और कांग्रेस को मिलाकर 110 और बहुजन समाजवादी पार्टी के पास एक विधायक है। चार सीटें ऐसी हैं, जिस पर कोई विधायक नहीं यानी वो सीटें खाली हैं। ऐसे में भाजपा को एक सीट के लिए आठ विधायकों के समर्थन की जरूरत है, जिसको लेकर क्रॉस वोटिंग होने के ज्यादा आसार हैं।



### कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया

भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण बंदगे और जद-एस से कुपेंद्र रेड्डी ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर. अशोक, पूर्व मुख्यमंत्री और जद-एस के प्रदेश अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी और राज्य भाजपा महासचिव वी. सुनील कुमार उपस्थित थे। अशोक ने बाद में मीडिया से कहा कि भाजपा-जद-एस गठबंधन दोनों सीटें जीतने को लेकर आश्वस्त है।

**समाधान** *चीन सीमा पर चार सालों से जारी तनातनी*

## श्रीनगर-लेह राजमार्ग जल्द खोलने में राह हुई आसान

**जम्मू, 15 फरवरी (देशबन्धु)। लद्दाख सेक्टर में चीन सीमा पर चार सालों से जारी तनातनी के माहौल के बीच एलएसी तक सप्लाई को निर्बाध जारी रखने की खातिर 434 किमी लंबे श्रीनगर-लेह राजमार्ग को खुला रखना सीमा सड़क संगठन के लिए चुनौती साबित हो रहा है। इतना जरूर था कि इस बार इसे मात्र 36 दिनों के बाद खोल दिए जाने में कामयाबी इसलिए मिली थी क्योंकि इस राजमार्ग पर इस बार उतनी बर्फबारी नहीं हुई है जितनी पिछले साल हुई थी।**

बीआरओ के बीकन संगठन के अनुसार, इस राजमार्ग से बर्फ हटाने का कार्य इसके खुल जाने के बाद भी पूरी तेजी के साथ जारी है। दरअसल जम्मू कश्मीर व लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन इस पर जोर देते रहे हैं कि राजमार्ग को जल्द से जल्द खोला जाए। परसों इसे खोल तो दिया गया था पर अब चुनौती 17 फरवरी से होने वाली भारी बर्फबारी की भविष्यवाणी है।

हालांकि इस राजमार्ग पर पिछले साल की बनिस्बत कम बर्फबारी हुई है पर राजमार्ग से बर्फ हटाने में जुटे कर्मियों को कई स्थानों पर हिमस्खलन की परिस्थितियों से दो चार होना पड़ा है जो कार्य में लगातार बाधा उत्पन्न कर रहे थे। बीआरओ के अधिकारियों के बकौल, इस बार मौसम ने उनका साथ दिया है जिस कारण इस राजमार्ग से 36 दिनों के बाद ही बर्फ को हटा दिया गया है। इस राजमार्ग के इतिहास में यह अवधि अब तक की सबसे कम अवधि है। राजमार्ग की परिस्थितियों को जांचने के बाद ही इस पर यातायात बहाल करने की अनुमति प्रदान की जा चुकी है। माना कि श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर इस बार कम बर्फ गिरी है पर इस राजमार्ग के सबसे ऊंचे प्वाइंट जोजिला दर्रे पर ऐसा नहीं था। वहां जम कर बर्फ गिरी थी और वहीं पर हिमस्खलन बीआरओ कर्मियों के लिए चुनौती बनता रहा था। याद रहे जोजिला दर्रे को बर्फ के कारण अभी तकसाल में 4 से 6 महीने तक बंद रखा जाता रहा है पर इस बार यह मात्र 36 दिनों तक ही बंद रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सोनामर्ग-बालटाल रोड पर कई स्थानों पर इस बार 4 से 6 फीट बर्फ थी और जोजिला पर यह 8 से 10 फुट थी। यही कारण था कि इस बार अधिकारियों को इसे जल्द चालू करने की उम्मीद बंधी थी जो पूरी हो चुकी है। वैसे हर साल जोजिला में 10 से 15 फुट और सोनामर्ग-बालटाल पर भी इतनी ही बर्फ होती थी। बीआरओ अधिकारियों के मुताबिक, जोजिला से सोनामर्ग के 30 किमी के भाग में ही उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। सोनामर्ग से जोजिला तक बर्फ साफ करने का जिम्मा प्रोजेक्ट बीकन और करगिल की तरफ वाले भाग से बर्फ को हटाने की जिम्मेदारी प्रोजेक्ट विजयांक के हवाले होती है।



उल्टा पुल्टा

पत्नी तारों को देखकर पति से बोली
वो कौन सी चीज है जो तुम रोज
देख सकते हो, पर ला नहीं सकते ?
पति तुरंत बोला- पड़ोसन...!!!

# दिल्ली का बजट अटका, मार्च के पहले सप्ताह तक सत्र बढ़ाया

**नई दिल्ली,**15 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र उपराज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही आज से शुरू हो गया है, लेकिन अब दिल्ली की नई वित्त मंत्री आतिशी अपना पहला बजट कब पेश करेंगी, यह तय नहीं है। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि 25 फरवरी से पहले कोई आसार नहीं है। गुरुवार को दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने से पहले सरकार द्वारा जानकारी दी गई थी कि 16 फरवरी को दिल्ली का बजट विधानसभा में पेश किया जाएगा। वहीं, गुरुवार को उपराज्यपाल के अभिभाषण के बाद जब सदन की कार्रवाई शुरू हुई तब इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने वित्त मंत्री से पूछा तो उन्होंने कहा कि अभी बजट पेश करने में कुछ अड़चनें आ गई हैं। इसलिए वह तारीख नहीं बता सकती। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से बजट सत्र बढ़ाने की बात कही।



वित्त मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा तैयार बजट स्वीकृति के लिए उपराज्यपाल के पास भेजा गया था। उपराज्यपाल कार्यालय ने उसमें कुछ संशोधन करने के लिए वापस भेजा था। गुरुवार यानी आज बजट में संशोधन कर उसे उपराज्यपाल को दोबारा भेज दिया गया है। उपराज्यपाल कार्यालय से उसे गृह मंत्रालय को भेज दिया गया है। यह एक तय प्रक्रिया है। इसलिए गृह

**25 फरवरी से पहले कोई आसार नहीं है। गुरुवार को दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने से पहले सरकार द्वारा जानकारी दी गई थी कि 16 फरवरी को दिल्ली का बजट विधानसभा में पेश किया जाएगाः आतिशी, वित्त मंत्री**

मंत्रालय से स्वीकृति मिलने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि बजट कब पेश किया जा सकता है।

आतिशी ने बताया कि इसमें 10 से 15 दिन का समय लग सकता है. इसलिए विधानसभा अध्यक्ष से आतिशी ने गुजारिश की कि बजट सत्र को भी मार्च तक बढ़ाया जाए। बजट सत्र कब तक चलेगा इस पर भी विधानसभा अध्यक्ष ने कुछ स्पष्ट नहीं किया है। लेकिन उन्होंने अनुमति दी है कि अब मार्च के पहले सप्ताह तक सत्र बढ़ाया जाता है। बता दें कि दिल्ली का बजट आमतौर पर उपराज्यपाल के माध्यम से अनुमोदन के लिए गृह मंत्रालय को भेजा जाता है. जो एक औपचारिकता है।

# केंद्र सरकार ने माना, दिल्ली में कम हुआ वायु प्रदूषण : आप

**नई दिल्ली,**15 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में लगातार सुधार हो रहा है। केंद्र सरकार भी इसे मानने लगी है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि देश के दूसरे राज्यों को भी दिल्ली से सीखकर काम करना चाहिए। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि केंद्र की आर्थिक सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि 2016 से दिल्ली की हवा लगातार अच्छी हुई है। यह सभी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रयासों की वजह से संभव हो पाया है। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली का ग्रीन कवर बढ़ाकर, इंडस्ट्री को पीएनजी में शिफ्ट कर और 24 घंटे बिजली देकर वायु प्रदूषण को नियंत्रित किया। हवा को सुधारने में इलेक्ट्रिक बसों का भी काफी योगदान है। दिल्ली के पब्लिक ट्रांसपोर्ट में इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने से 2022 से अब तक 47 हजार टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन कम हुआ है।

**■ साल 2016 से लगातार साफ हो रही है दिल्ली की आबोहवा**





उन्होंने कहा कि दिल्ली में 1800 इंडस्ट्री हैं और सभी को पीएनजी ईंधन पर शिफ्ट कर दिया गया है। दिल्ली में इंडस्ट्रीयल, कमर्शियल और रेजिडेंशियल इस्तेमाल के लिए 24 घंटे बिजली मिलती है। इस वजह से दिल्ली के अंदर प्रदूषण पैदा करने वाले डीजल पर आधारित जेनरेटर समाप्त हो गए हैं। मुख्यमंत्री

**केजरीवाल सरकार ने दिल्ली का ग्रीन कवर बढ़ाकर, इंडस्ट्री को पीएनजी में शिफ्ट कर और 24 घंटे बिजली देकर वायु प्रदूषण को नियंत्रित किया। हवा को सुधारने में इलेक्ट्रिक बसों का भी काफी योगदान हैः प्रियंका कक्कड़**

ने लक्ष्य रखा है कि 2025 तक 80 फीसदी बसें इलेक्ट्रिक होंगी। अभी तक दिल्ली में कुल 7582 हैं। इससे पहले दिल्ली के बस बेड़े में इतनी संख्या में बसें कभी नहीं थी। इन 7582 बसों में से 22 फीसदी बसों को इलेक्ट्रिक हैं। यह पूरे देश में सबसे अधिक है। साथ ही, इलेक्ट्रिक बसों की संख्या के मामलों में दिल्ली दुनिया का तीसरा शहर बन गया है।

प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल ने इतने कम समय में प्रदूषण के विरुद्ध युद्ध में इतना सुधार कर दिया तो बाकी सरकारें असमर्थ क्यों हैं। हम सभी सरकारों से अपील करते हैं कि वो भी वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अरविंद केजरीवाल की तर्ज पर काम करें।

## सार संक्षेप

### शार्क टैंक में फीचर्स कंपनी अप्लायंस एआई ने जुटाए 34 करोड़

**नई दिल्ली।** भारत की पहली एआई पावर्ड होम अप्लायंस कंपनी अप्लायंस एआई ने 143 करोड़ के वैल्यूएशन पर सीड राउंड में 34 करोड़ रुपए जुटाए है। इस राउंड का नेतृत्व खोसला वेंचर्स ने किया जिसने ओपन-आई, रैबिट और सर्वम-आई जैसे कई आई-फोक्स्ड स्टार्टअप में निवेश किया है। खोसला वेंचर्स पिछले दो दशकों से साहसिक, प्रभावशाली और अभिनव स्टार्टअप में निवेश कर रहा है। उनके पोर्टफोलियो में सिलिकॉन वैली की कुछ सबसे बड़ी सफलता की कहानियां शामिल हैं जिनमें डोरडैश, ब्लॉक, इंस्टाकार्ट, गिटलैब और स्ट्राइप शामिल हैं। इस अवसर पर को-फाउंडर और सीईओ महेक मोदी ने कहा कि हम खोसला वेंचर्स को पार्टनर के रूप में पाकर बेहद उत्साहित हैं। उनका इन्वेस्टमेंट अप्लायंस.ए.आई की क्षमता और बाजार में हमने जो आकर्षण देखा है, दोनों का मान्यता है। खोसला वेंचर्स के पार्टनर राजेश स्वामीनाथन ने कहा कि खोसला वेंचर्स में, हम साहसिक और प्रभावशाली विचारों में शुरुआती निवेश करते हैं। महेक और उनकी टीम ने एक ऐसा प्रोडक्ट बनाया है जिसे शुरुआती उपभोक्ता पसंद करते हैं और इसमें लोगों की दैनिक खान-पान की दिनचर्या को महत्वपूर्ण रूप से बदलने की क्षमता है।

### बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ ने लॉन्च की शॉर्ट फिल्म

**नई दिल्ली।** नंदन एवं रोहिणी नीलेकणि और शंकर मरुवडा के एकस्टेप फाउंडेशन की पहल बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ ने देशभर में 1000 से ज्यादा पीवीआर स्क्रीन तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सेलीब्रेट चाइल्डहुड, कीप ग्रोइंग - बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ के शीर्षक से फिल्म रिलीज की है। इस पहल का उद्देश्य बचपन का उत्सव मनाना और इस दौरान उपलब्ध अवसरों के बारे में शिक्षित करना है। एकस्टेप फाउंडेशन के तहत, रोहिणी नीलेकणि फिलेन्थ्रोपीज का ग्रांटी , बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ पहल खेल-खेल में बच्चों के संपूर्ण विकास के महत्व को दर्शाती है। विशेषरूप से बच्चों के शुरुआती आठ वर्ष सीखने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इसी सोच के साथ यह फिल्म बच्चों के विकास के चार महत्वपूर्ण स्तंभों पर विमर्श करती है। अपने पार्टनर्स सहित टेक महिंद्रा फाउंडेशन, प्रथम, रॉकेट लर्निंग व अन्य जैसे कोलेबैक्टर्स के साथ मिलकर इस मिशन का उद्देश्य ऐसे फैसलों को ताकत देना है, जिससे यह सुनिश्चित हो कि तेजी से भागती दुनिया में बच्चों के जीवन के शुरुआती अनुभवों की अनदेखी न हो जाए।

### पीडब्ल्यू ने अपने जेईई मेन 2024 सत्र के नतीजों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख एड-टेक प्लेटफॉर्म फिजिक्सवाला पीडब्ल्यू ने अपने जेईई मेन 2024 सत्र एक के नतीजों की घोषणा कर दी है। इसमें 2900 से अधिक छात्रों ने 98 प्रतिशत से अधिक स्कोर किया है। 507 से अधिक पीडब्ल्यू छात्रों ने 99.5 प्रतिशत अंक हासिल कर इस सफलता को और बड़ा कर दिया है। यह इस प्लेटफॉर्म के इतिहास में पहली बार हुआ है। जबकि 1,194 से अधिक छात्रों ने 99 प्रतिशत स्कोर किया है। सिखाने के सुगठित नजरिये ने इन परिणामों को संभव बनाया है। बेहतर शिक्षा अनुभव के लिए इसके ऑफलाइन और ऑनलाइन प्लेटफार्मों को संयोजित किया गया। बड़ी उपलब्धि हासिल करने वालों में पीडब्ल्यू के कवीश सुरेका (99.99 प्रतिशत), सुशांत पाधा (99.98 प्रतिशत), अनोमित्र संतरा (99.96 प्रतिशत), विनायक गुप्ता (99.95 प्रतिशत), कृष्णा अग्रवाल (99.94 प्रतिशत), और तन्मय गौड़ (99.94 प्रतिशत)। पीडब्ल्यू के संस्थापक और सीईओ अलख पांडे ने कहा कि जेईई मेन परीक्षा में हमारे छात्रों के उत्कृष्ट परिणाम देखकर खुशी हो रही है। उनकी सफलता उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का नतीजा है। साथ ही पीडब्ल्यू में सम्मानित फैकल्टी के समर्पण और व्यक्तिगत मार्गदर्शन को दिखाता है।

## 8 दिवसीय मैक्सिकन फूड फेस्टिवल का आयोजन

**नई दिल्ली,**15 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली में विदेशी खान-पान के प्रेमियों के लिए हिल्टन गार्डन इन साकेत दिल्ली ने 8 दिवसीय मैक्सिकन फूड फेस्टिवल -मैक्सी मिंगल का आयोजन किया है। मैक्सिको का असली स्वाद पेश और देश की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करते इस फेस्टिवल में पारंपरिक मैक्सिकन व्यंजन परोसे जायेंगे। 19 फरवरी तक चलने वाले इस फेस्टिवल में एचजीआई साकेत के कार्यकारी शेफ बिस्वरूप चटर्जी, जो अपने पाक नवाचार के लिए जाने जाते हैं, ने मैक्सिको से विशेष रूप से आयी शेफ तानिया तोवर के साथ मिलकर मेनू तैयार किया है, जो उनके रचनात्मक अंदाज में मैक्सिकन व्यंजनों के सार का जश्न मनाता है। दोनों ने मिलकर एक आनंददायक गैस्ट्रोनॉमिक अनुभव पेश किया है, जो निश्चित रूप से मेहमानों को दिल्ली में मैक्सिको की प्रामाणिकता और गुणवत्ता वाला भोजन अनुभव प्रदान करेगा। मेक्सी मिंगल का उद्घाटन भारत में मैक्सिको के राजदूत फेडेरिको सालास ने किया। इस अवसर पर शेफ तानिया तोवर, एचजीआई के कार्यकारी शेफ, बिस्वरूप चटर्जी, महाप्रबंधक जॉयजीत चक्रवर्ती, मैक्सिकन दूतावास के मेहमानों सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। फेस्टिवल का आधिकारिक उद्घाटन करते हुए, श्री फेडेरिको सालास ने भारतीय राजधानी में मैक्सिकन व्यंजनों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के इस उत्सव पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## अधिकारी पानी बिल माफी योजना के लिए प्रशासनिक नियमों का पालन करना चाहते हैं : प्रवीण शंकर

**नई दिल्ली,**15 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की अरविंद केजरीवाल सरकार आराजक सरकार है जो मनमर्जी से योजनाए घोषित करती है, फिर उससे सम्बंधित प्रशासनिक कार्यप्रणाली पूर्ण नही करती और जब कोई सरकारी अधिकारी आपत्ति दर्ज करता है तो पूरी सरकार उस पर बयानबाजी शुरू कर देती है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की दिल्ली सरकार जो पानी बिल माफी योजना लाना चाहती है उसके लिये एक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करने की आवश्यकता है पर केजरीवाल सरकार प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा कर



जिम्मेदारी की इतिश्री करना चाहती है जिसके चलते अधिकारियों ने प्रक्रिया पालन की आपत्ति दर्ज की है।

वहीं दिल्ली नगर निगम द्वारा अनुदानित हरदयाल म्युनिसिपल लाइब्रेरी के कर्मचारियों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा पांच महीने की सैलरी का चेक सौंपने पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि हमने हमेशा कहा है कि हरदयाल लाइब्रेरी वित्तीय संकट में है जिसे केवल सरकारी स्तर के अनुदान से ही हल किया जा सकता है।

हम हरदयाल लाइब्रेरी के कर्मचारियों के 5 महीने के वेतन जारी करने का स्वागत करते हैं और आग्रह करते हैं कि दिल्ली सरकार को टुकड़ों में प्रयासों के बजाय लाइब्रेरी के ऋणों का पूरा भुगतान करने में मदद करने, अपनी विरासत इमारत का उचित रखरखाव सुनिश्चित कर सके और इसे और विस्तारित करने के लिए एकमुश्त अनुदान दे कर मदद करनी चाहिए।

## भारत से दक्षिण अफ्रीका घूमने जाने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली,**15 फरवरी (देशबन्धु)। पिछले साल दर्ज पर्यटन की उत्साहवर्द्धक गति को और तेज करने के लिए दृढ़संकल्पित, साउथ अफ्रीकन टूरिज्म ने दिल्ली में अपने 20वें वार्षिक इंडिया रोडशो का दूसरा चैप्टर पूरा कर लिया है। यह रोडशो 12 फरवरी को जयपुर से शुरू हुआ था। इसके पहले 11 फरवरी को एक परिचर्चा की गई थी। अब यहाँ से यह व्यापार यात्रा 14 फरवरी को अहमदाबाद, 15 फरवरी को बेंगलुरु में होगी और 16 फरवरी को मुंबई में इसका समापन होगा। इस अवसर पर नेलिस्वा न्कानी, हब हेड मध्य पूर्व, भारत और दक्षिण पूर्व एशिया, साउथ अफ्रीकन टूरिज्म ने कहा कि 20वें वार्षिक इंडिया रोडशो का आयोजन भारतीय बाज़ार के प्रति साउथ अफ्रीकन टूरिज्म की वचनबद्धता के दो दशकों से अधिक समय पूरा होने के अवसर पर हो रहा है। 2023 हमारे लिए एक और सफल वर्ष साबित हुआ, और हमने इसके पिछले वर्ष की तुलना में भारत से आने वाले यात्रियों की संख्या में 43 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। यह उपलब्धि हमारे भारतीय व्यापार सहयोगियों के लगातार प्रयासों और भारतीय यात्रियों द्वारा रेनबो राष्ट्र के लिए दर्शाए गए प्यार के बगैर संभव नहीं होता। हम उन सभी के हार्दिक आभारी हैं।

## दिल्ली के रैन बसेरा में मृत पाया गया अज्ञात शख्स

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के एक 'रैन बसेरा' में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। एक अधिकारी ने



गुरुवार को बताया कि उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। अधिकारी ने कहा कि बुधवार को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी जिसमें रिंग रोड सराय काले खां में दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित 'रैन बसेरा' के कार्यवाहक ने पुलिस को बताया कि पिछले दो माह से वहां रह रहा अज्ञात व्यक्ति जाग नहीं रहा था। मौके पर पहुंचने पर पीड़ित को मृत पाया गया।

केयरटेकर ने यह भी कहा कि पांच दिन पहले उस व्यक्ति का एक्सीडेंट हो गया था, लेकिन उसने पुलिस को रिपोर्ट नहीं की क्योंकि उसे बिना किसी को बताए उपचार मिल गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'सनलाइट कॉलोनी थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 279 और 304ए के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू की गई है।' अधिकारी ने कहा, 'मृतक आवारा था और उसके परिवार के सदस्यों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।'

## निगम कर्मचारियों की दुर्दशा के लिए सीधे तौर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ज़िम्मेदार : संजय गहलोत

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर गेट नम्बर 5 पर गुरुवार को दिल्ली नगर निगम मजदूर फेडरेशन एवं दिल्ली कर्मचारी परिसंघ के संयुक्त तत्वाधान में निगम कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया गया।

कर्मचारियों के आह्वान पर प्रदर्शन में पहुंचे संजय गहलोत ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि निगम कर्मचारियों की दुर्दशा के लिए केवल और केवल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सीधे तौर पर ज़िम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि जब से मुख्यमंत्री सत्ता में आये तब से निगम का फंड रोक रोककर निगम को पंगु बना दिया। जिसके कारण



कर्मचारियों को उनके न्यायोचित अधिकार नही मिल रहे हैं। अपने सम्बोधन में संजय गहलोत ने कहा कि आज केजरीवाल सरकार की तरफ से ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसके चलते मजदूरों पर कुठाराघात किया जा रहा है। संजय गहलोत ने कहा कि कर्मचारियों से किये गए वादे भी केजरीवाल सरकार पूरी तरह से नकार रही है।

प्रदर्शनकारियों को फेडरेशन के अध्यक्ष रणधीर गागट और परिसंघ के अध्यक्ष संतलाल चांवरिया ने भी सम्बोधित किया।

प्रदर्शन में संतलाल चांवरिया, रणधीर गागट, सत्यवान सारसर, सत्यवान पंवार, पूनम सिंह, रीना बहोत, सुनीता ढिलोर, जे पी टांक, पवन टांक, वीरेंद्र चूडीयाना, राजकुमार बिड़ला, बिजेन्द्री गहलोत, राजू कोहली, कप्तान ढिका, जसवंत सिंह, बबली खरे, संगीता म्हरोलिया, आज़ाद बागड़ी, मीना लुक्कड़, संजय वाल्मीकि समेत हज़ारों कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आयोजन** *दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन*

# लोकसभा चुनाव पर होगी अहम चर्चा

**नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा इस बार अपना राष्ट्रीय अधिवेशन 17-18 फरवरी को नई दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक के लिए देशभर से जुटे पार्टी के 11,500 के लगभग नेताओं को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों और लगातार तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने को लेकर अहम दिशा-निर्देश देंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि 17-18 फरवरी को भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन हो रहा है।**

सामान्यत: हर लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा एक बड़ा राष्ट्रीय अधिवेशन करती है। 2014 में, लोकसभा चुनाव से पहले, भाजपा ने रामलीला मैदान में बैठक की थी, जहां नरेंद्र मोदी का ऐसा ऐतिहासिक भाषण हुआ कि 30 वर्षों के बाद पहली बार भारत में एक स्थायी सरकार बनी। इसी तरह 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले फिर से रामलीला मैदान में पार्टी ने राष्ट्रीय अधिवेशन किया था और ज्यादा संख्या में जीत के साथ केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनी।

प्रसाद ने आगे कहा कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा का लक्ष्य 370 का सेट किया है और एनडीए का लक्ष्य 400 पार बताया है। प्रधानमंत्री के आह्वान को पूरा करने के लिए 17-18 फरवरी को भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन नई दिल्ली के





भारत मंडपम में होगा। इसमें 11,500 के लगभग डेलिगेट्स (भाजपा नेता) भाग लेंगे। बैठक के एजेंडे के बारे में बताते हुए प्रसाद ने कहा कि 17 फरवरी को फर्स्ट हाफ में पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद रह सकते हैं। दोपहर बाद 3 बजे राष्ट्रीय अशिवेशन की बैठक शुरू होगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का उद्घाटन भाषण होगा और प्रधानमंत्री मोदी समापन भाषण देंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में दो प्रस्ताव लाए जाएंगे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा होगी। अलग से विस्तारकों की बैठक होगी और '2047 तक विकसित भारत' के ब्लूप्रिंट को लेकर एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। सम्मेलन के दौरान एक व्यापक संगठनात्मक एजेंडा प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, 'हमारे बारे में कांग्रेस हो या वामपंथी, कई प्रकार की टिप्पणियां करते हैं। लेकिन, लोकतांत्रिक रूप से पार्टी के संगठन का अभियान सबसे अधिक भाजपा चलाती है। समय पर राष्ट्रीय अधिवेशन करना, समय पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी करना, प्रदेशों और जिलों में संगठन के कार्यक्रम करना, ये हमारे डीएनए में है। भाजपा अपने राष्ट्रीय सत्र अत्यधिक लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित करती है। हम समय पर पार्टी चुनाव कराते हैं और क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करते हैं।'

## बम की धमकी के बाद दिल्ली हाई कोर्ट में सुरक्षा कड़ी की गई

नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। अदालत के अधिकारियों को एक धमकी भरे ईमेल के बाद गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई। ईमेल में परिसर में संभावित बम विस्फोट की चेतावनी दी गई थी। अदालत के रजिस्ट्रार जनरल को बुधवार देर रात एक ईमेल मिला। इसमें गुरुवार को एक 'बड़े बम विस्फोट' की चेतावनी दी गई थी। अदालत के अधिकारियों को संबोधित ईमेल में कहा गया है, '15/2/2024 को मैं एक बम विस्फोट करूंगा, मेरे शब्दों पर ध्यान दें। यह धमाका दिल्ली में सबसे बड़ा होगा. इसे गंभीरता से लें। यथासंभव सुरक्षा तैनात करें और सभी मंत्रियों को एक साथ बुलाएँ; हम एक साथ फूंक मारेंगे।' गुरुवार को कोर्ट में सिक्युरिटी ड्रिल किये गये। ईमेल की जांच भी शुरू कर दी गई है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-58-T-2023-24-E3<br>डीईई/जी के अधिकार क्षेत्र में अन्य संबंधित कार्यों के साथ विद्युत संपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.74.70 लाख |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 149400.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 26.03.2024, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 26.03.2024 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in<br>वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

509/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उवाच**

उन्होंने जो रणनीति बनाई थी पहले प्रत्येक जोन में टॉप 10 से टैक्स वसूले जानेपर जोर था लेकिन उन्होंने वार्ड स्तर पर टॉप 20 की लिस्ट बनाकर टैक्स वसूलने निर्देश दिए और उसी के हिसाब से टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री विभाग में जीएसटी विभाग से भी जानकारी लेकर टैक्स में निर्धारण कराया जाएगा। बैठक में यह भी बताया कि शास्त्री नगर से डायमंड फ्लाईओवर होते हुए हिंडन नदी तक नाला निर्माण के लिए 119 करोड़ रुपए की स्वीकृति लगभग हो चुकी है। **विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त**

# अवस्था अपना निधि की बैठक में 70.88 करोड़ के विकास कार्यों पर लगी मुहर

- **रामायण पथ थीम पर पार्क विकसित करने के प्रोजेक्ट पर हुई मंत्रणा**
- **राजनगर एक्सटेंशन में बनेंगे कई रोड**

**गाजियाबाद,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। गुरुवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) सभा कक्ष में क्षेत्र क्षेत्रीय अवस्था अपना निधि की बैठक में 70.88 करोड़ के विकास कार्यों पर मुहर लग गई। जीडीए उपाध्यक्ष व जिलाधिकारी इन्द्रविक्रम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक में राज नगर एक्सटेंशन में कड़ी कई बड़े रोड बनवाने व अन्य विकास कार्य करने का भी निर्णय हुआ। बैठक में रामायण पथ थीम पर पार्क विकसित करने के प्रोजेक्ट पर चर्चा की गई, जिसमें थीम पार्क के लिए सलाहकार एजेंसी का चयन कर प्रोजेक्ट तैयार करने की भी जानकारी दी। बताया गया कि कोयल एन्क्लेव में यह पार्क विकसित किया जाएगा, जिसका एक एजेंसी से डिजाइन भी तैयार कराया है। इसमें करीब 25 करोड़ रुपए खर्च होगा। इस पार्क में त्रेतायुग के जीवंत दर्शन हो सकेंगे, जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के 14 वर्ष वनवास के दौरान का पूरा दृश्य प्रदर्शित होगा। इस चर्चा के बाद जीडीए उपाध्यक्ष ने इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने से पहले एजेंसी को बुलाकर प्रजेंटेशन



देने के निर्देश दिए। ताकि अगर इस प्रोजेक्ट में कोई परिवर्तन कराना हो, तो उसे कराया जा सके। इसके बाद ही यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। बैठक में राजनगर एक्सटेंशन में करीब आठ विकास कार्यों को मंजूरी दे दी गई, जिसपर करीब 35.11 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस क्षेत्र के सभी नालों की सफाई कराई जाएगी। सिकरोड़ क्षेत्र में 45 मीटर चौड़ी सड़क, ड्रेन व सीवेज व्यवस्था का निर्माण किया जाएगा। मुख्य बंधा मार्ग से नूरनगर को जाने वाले रास्ते 18 मीटर चौड़ी जोनल रोड, ड्रेनज एवं सीवेज व्यवस्था का निर्माण होगा। श्री राम हाईट्स के सामने 45 मीटर चौड़ी सड़क, सीवर, ड्रेन व डिवाइडर का भी निर्माण किया जाएगा। बंधा रोड से चार्म्स केसल को जाने वाली प्रस्तावित 18 मीटर रोड के दोनों तरफ नाला व सड़क सुदृढ़ीकरण होगा। ऑफिसर सिटी दो के सामने 45 मीटर चौड़ी सड़क की सर्विस रोड की मरम्मत कराएंगे। राम मनोहर लोहिया पार्क की चाहर दीवारी, कार्यालय कक्ष, शौचालय आदि की मरम्मत, 15 एचपी क्षमता का समरसिबर पंप लगेगा। साथ ही पौधारोपण कर उसका रखरखाव भी होगा। अटौर गांव के ग्रामीण स्टेडियम में पौधारोपण व उनका रखरखाव करने, सिटी फॉरेस्ट पार्क में बोटिंग पांड की पीचिंग की मरम्मत, हट्स, टायलेट पंप, आफिसर बिल्डिंग की मरम्मत, रंगाई पुताई का कार्य होगा। सिटी फारेस्ट के पॉकेटों का रखरखाव और वहां रह रही बत्तखों के राशन की दो वर्ष तक व्यवस्था करने का प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली। कविनगर गेस्ट हाउस व उसके सामने ग्रीन पार्क का दो वर्ष तक रखरखाव करने, भोवापुर में प्राधिकरण की रिक्त पड़ी भूमि पर पौधारोपण व एक वर्ष तक रखरखाव करने और एनपीआर की सेंट्रल वर्ज व रोड साइड वृक्षारोपण, आरसीसी पोल के साथ तार की फेंसिंग व दो वर्ष तक रखरखाव, राजनगर एक्सटेंशन में मोरटी क्षेत्र में वृक्षारोपण व रखरखाव का कार्य को मंजूरी मिली है।

बैठक में जीडीए सचिव राकेश कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह, उद्यान अधिकारी शशि कुमार भारती, नगर निगम, जल निगम के अधिकारी भी आदि मौजूद रहे।

# रामसेतु मार्ग के नाम से पुकारा जाएगा एलिवेटेड रोड, भगवान श्रीराम की मूर्ति भी लगेगी



**गाजियाबाद,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली से सटे गाजियाबाद स्थित एलिवेटेड रोड का नाम अब राम सेतु मार्ग होगा। यह प्रस्ताव गाजियाबाद नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में गुरुवार को ध्वनि मत से पास हो गया। गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने यह नाम यह प्रस्ताव कार्यकारिणी के समक्ष रखा। जिस पर सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने अपनी स्वीकृति दे दी। इस बैठक में डीएम सर्किल रेट के आधार पर गाजियाबाद महानगर में संपत्ति कर लगाने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया। वहीं हाउस बकाया हाउस टैक्स ऑनलाइन जमा करने वाले लोगों के लिए एक प्रतिशत छूट देने का प्रस्ताव भी पास हो गया।

इससे पहले निर्धारित समय 11:00 बजे से करीब आधा घंटा विलंब से महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में वंदे मातरम के साथ कार्यकारिणी की बैठक शुरू हुई। इस बैठक में अयोध्या में श्री भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। महापौर च ने सबसे पहले एलिवेटेड रोड का नाम रामसेतु मार्ग रखने का प्रस्ताव रखा जिस पर नगर आए समय तमाम कार्यकारिणी ने सहमति जाता दी। इसके साथ ही राजनगर एक्सटेंशन में भगवान श्री राम की एक ऊंची प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया। यह प्रतिमा राजनगर एक्सटेंशन में रखे गए एरोप्लेन के नजदीक लगाई जाएगी।

बैठक में टैक्स को लेकर लंबी चर्चा हुई। जिसमें कार्यकारिणी के सदस्यों ने टैक्सी दर बढ़ाने के बजाय जहां पर टैक्स नहीं लगा है वहां पर लगाने पर जोर दिया ताकि निगम का राजस्व बढ़ा सके। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने कार्यकारिणी को बताया कि जीआईएस सर्वे में 1 लाख 40 हजार भवनों को टैक्स के दायरे में लाया गया था लेकिन इसमें क्योंकि काफी त्रुटि थी इसलिए नगर निगम ने जोन स्तर अपने तरीके से इसकी जांच कराई और करीब 53000 नए भवनों पर टैक्स लगा दिया गया है। 20 हजार लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में 40 प्रतिशत उद्योगों को नगर निगम टच नहीं कर पाया है। सवाल का जवाब देते हुए मुख्य का निर्धारण अधिकारी ने कहा कि सभी औद्योगिक क्षेत्र में

- **नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में ध्वनिमत से प्रस्ताव पास**
- **डीएम सर्किल रेट पर टैक्स का प्रस्ताव निरस्त**

लगभग सभी उद्योगों में टैक्स वसूला जा रहा है। पिछले साल की अपेक्षा इस साल 50 करोड़ रुपए से ज्यादा का टैक्स हम लोग वसूल कर चुके हैं । नगर आयुक्त ने बताया कि उन्होंने जो रणनीति बनाई थी पहले प्रत्येक जोन में टॉप 10 से टैक्स वसूले जानेपर जोर था लेकिन उन्होंने वार्ड स्तर पर टॉप 20 की लिस्ट बनाकर टैक्स वसूलने निर्देश दिए और उसी के हिसाब से टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री विभाग में जीएसटी विभाग से भी जानकारी लेकर टैक्स में निर्धारण कराया जाएगा।

बैठक में यह भी बताया कि शास्त्री नगर से डायमंड फ्लाईओवर होते हुए हिंडन नदी तक नाला निर्माण के लिए 119 करोड़ रुपए की स्वीकृति लगभग हो चुकी है। अभी एक स्टेज पर और बात होनी है जल्दी ही ब्रिज विहार नाल के निर्माण का योजना बनाई जाएगी इस बैठक में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, सदस्य शीतल, राजकुमार, पहलवान, आदिल मालिक व अजय शर्मा, अपर नगर आयुक्त अरुण शर्मा, पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज, अधिशासी अभियंता फरीद जैदी, जोनल प्रभारी सुनील राय, राजवीर सिंह, आरपी सिंह, विवेक त्रिपाठी अनिल असीम आदि मौजूद थे।

## सार संक्षेप

### आईएमएस में वैदिक मंत्रोच्चार से हुई मां सरस्वती की पूजा



**नोएडा।** सेक्टर 62 स्थित आईएमएस नोएडा में वैदिक मंत्रोचार से मां सरस्वती की पूजा की गई। बुधवार को संस्थान परिसर में आईएमएस के महानिदेशक प्रो.(डॉ.) विकास धवन, आईएमएस-डीआईए की निदेशिका डॉ. अनुराधा मोदक देवनाथन के साथ संस्थान के शिक्षक एवं छात्रों ने वसंत पंचमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। वहीं कार्यक्रम के दौरान मां शारदा की स्तुति कर सभी के जीवन में ज्ञान, विद्या, बुद्धि की मंगल कामना की।

### श्याम महोत्सव का किया आयोजन, निकाली गई निशान यात्रा

**नोएडा।** सेक्टर 51 स्थित वेंडिंग विला में गुरुवार को श्रीश्याम सेवक परिवार ने श्याम महोत्सव का आयोजन किया।



इसमें दोपहर तीन बजे सेक्टर 34 स्थित मानस हॉस्पिटल से श्रीश्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्त भजनों पर नाचते गाते एक दूसरे को गुलाल लगाए। हवा में रंगों को उड़ाकर होली खेली गई। श्रीश्याम परिवार संस्था के अध्यक्ष सौरभ सिंघल ने बताया कि यात्रा के बाद शाम को महोत्सव में भजन गायिका अंजलि द्विवेदी, शुभम-रूपस, वेद रसिक, श्रीभगवान दीक्षित ने भजनों की प्रस्तुति दी। श्रीश्याम बाबा को 56 भोग का प्रसाद लगाया गया। संस्था के सदस्य विकास जैन ने बताया कि महोत्सव के मध्य बच्चों से धार्मिक क्विज भी आयोजन किया गया, इसमें विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद राधा रसोई का आयोजन हुआ, इसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### पीजी में युवती की लाश, प्रेमी ने लगाई फांसी

**नोएडा।** नोएडा के नवादा गांव में रहने वाली एक युवती बेसुध हालत में कमरे में मिली। उसके गले पर रस्सी के निशान थे। वो नोएडा की एक कंपनी में नौकरी कर रही थी। कंपनी के कर्मचारियों उसे फोर्टिस अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने उसके साथी पर शक जाहिर करते हुए मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मूल रूप से मथुरा निवासी शालिनी त्रिपाठी (24) नोएडा की एक कंपनी में एचआर थी। जांच में पता चला कि युवती की अमन से दोस्ती थी। अमन मथुरा का रहने वाला है। दोनों के बीच अनबन चल रही थी। परिजनों द्वारा एक प्रार्थना पत्र देते हुए अमन पर उनकी पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। जिस संबंध में धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# प्राधिकरण ने 5500 वर्गमीटर जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**नोएडा,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर 141 गांव गढ़ी शहदरा के खसरा नंबर 169 से नोएडा प्राधिकरण पर अवैध अतिक्रमण को हटाया। यहां करीब 5500 वर्गमीटर

- **किसानों का आरोप जमीन पर है स्टे**
- **प्राधिकरण ने बताया कि ग्रीन बेल्ट में था अवैध कब्जा**



जमीन पर बनी अवैध दुकान, झुग्गी, नर्सरी को तोड़ा गया। प्राधिकरण ने बताया कि अतिक्रमण कर्ताओं ने यहां ग्रीन बेलट और सर्विस रोड पर अतिक्रमण किया था। जानकारी मिलने पर प्राधिकरण की तीन जेसीबी और 70 लोगों की टीम ने इस अवैध निर्माण को ध्वस्त किया।

प्राधिकरण की इस कार्रवाई के खिलाफ किसान संगठन लामबंद हो गए। किसान घटनास्थल पर ही धरने पर बैठ गए। किसानों का आरोप है जिस जमीन पर दुकानें बनी थी इस जमीन पर 2013 से हाई कोर्ट का स्टेज चल रहा है। इसके बावजूद प्राधिकरण ने बिना चेतावनी और नोटिस के उनकी दुकानों को ध्वस्त कर दिया है। उनका यह भी कहना है कि जब उन्होंने इस कार्रवाई के बाद में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से बातचीत की तो उन्होंने ऐसा कोई आदेश नहीं दिए जाने का बात कही है। बता दे नोएडा प्राधिकरण लगातार नोएडा में अवैध निर्माण को लेकर सख्त है। लगातार अवैध निर्माण हटाकर जमीन खाली कराई जा रही है। प्राधिकरण ने बताया कि जिस जमीन की बात की जा रही है वो ग्रीन बेल्ट की है। वहां किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकता।

# 19वीं मंजिल से कूदकर एफडीसीआई के सीओओ ने जान दी

**नोएडा,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा में गुरुवार को 19वीं मंजिल से कूदकर सीओओ ने जान दी। वह तीसरी मंजिल पर अपने फ्लैट से चुपचाप बाहर आए। लिफ्ट से 19वीं मंजिल पर पहुंचे। वहां से छलांग लगा दी। नीचे गिरा तो आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। वारदात के वक्त घर में पत्नी, बच्चा और माता-पिता थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त अमित गंडोत्रा (39) के तौर पर हुई है। वह अभी एफडीसीआई यानी फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया में सीओओ यानी चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के पद पर तैनात थे। अमित नोएडा के सेक्टर-100 स्थित लोट्स बुलेवर्ड सोसाइटी में परिवार के साथ रहते थे। एफडीसीआई के पहले अमित कई मीडिया हाउस में बड़े पद पर अपनी सेवाएं दे चुके थे। फिलहाल, सुसाइड की वजह नहीं पत चल पाई है। अमित के पास से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। डीसीपी विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अपार्टमेंट के सीसीटीवी की जांच की जा रही है। परिवार और ऑफिस के लोगों से भी बात की जाएगी।

- **तीसरे फ्लोर में परिवार था, लिफ्ट से ऊपर जाकर छलांग लगाई**

**फ्लैट से निकलकर 19वीं मंजिल पर गए**

अमित फ्लैट नंबर-302 थर्ड फ्लोर टॉवर नंबर-21 में परिवार के साथ रहते थे। पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे वो अपने फ्लैट से निकले और लिफ्ट से 19वें फ्लोर पर गए। वहां से सीधे छलांग लगा दी। लिफ्ट में जाते हुए उन्हें देखा गया है। अमित 19वीं फ्लोर से कूदे तो जमीन पर गिरने की आवाज आई। मौके पर पहुंचे गार्ड ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद घायल अवस्था में अमित को जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में अमित ने कंपनी जॉइन की थी। डीसीपी विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि अभी परिवार वालों से बात की जाएगी। शुरुआती जांच में पारिवारिक समस्या हो ऐसे तथ्य सामने नहीं आ आए हैं। हो सकता है कुछ प्रोफेशनल से जुड़ी परेशानी हो। पूछताछ और जांच के बाद ही स्पष्ट कहा जा सकता है।

# नोएडा के किसानों ने किया भारत बंद का समर्थन

**नोएडा,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। किसान आंदोलन के चलते आज देशभर में ग्रामीण भारत बंद का आह्वान किया गया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर भारत बंद बुलाने की घोषणा की है।

केंद्र सरकार से अपनी मांगे मनवाने के लिए किसान कई दिनों से दिल्ली पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें हरियाणा बॉर्डर के पास रोका गया है। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से बुलाए गए भारत बंद के तहत सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक विरोध प्रदर्शन चलने वाला है। नोएडा के कई किसान संगठनों ने इसका समर्थन किया है।

**एनटीपीसी पर होंगे एकत्रित यहां से आगे की तय होगी रणनीति**

इस भारत बंद का समर्थन नोएडा में पिछले दो महीने से धरना दे रहे किसान संगठन भारतीय किसान परिषद ने किया है। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी किसान एक है। भले ही हमारी मांग और मुद्दे अलग है। लेकिन हम सभी किसान है और भारत बंद का पूरा समर्थन करते है। रणनीति के तहत सुबह 10 बजे किसान सेक्टर-24 एनटीपीसी पर एकत्रित होंगे। यहां पंचायत करने के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। इस दौरान कोई काम नहीं किया जाएगा।

- **सुबह 10 बजे एनटीपीसी पर होंगे एकत्रित, लगाई गई धारा-144**

**किसान एकता संघ**

किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन सिंह प्रधान ने बैठक करके तय किया उनका संगठन भी संयुक्त किसान मोर्चा के साथ है। उनके पदाधिकारी भारत बंद को सफल बनाने के लिए पूर्ण प्रयास करेंगे। चौधरी बाली सिंह ने कहा कि पंजाब व हरियाणा के किसानों को सरकार अकेला न समझे। किसान एकता संघ मजबूती से उन के साथ खड़ा है। आंसू गैस के गोले रबड़ बुलेट व कटीले तार लगाकर किसानों की मांगों को दबाया नहीं जा सकता।

**जनपद में लगाई गई धारा-144**

भारत बंद और नोएडा के किसानों के समर्थन के बाद यहां धारा-144 लगा दी गई है। इसके अलावा दिल्ली को जोड़ने वाले चिल्ला, कालिंदी कुंज बार्डर और एक्सप्रेस वे पर पुलिस की तैनाती रहेगी। वहीं बाजारों में भी पुलिस लगाई गई है। हालांकि किसानों की ये कॉल ग्रामीण इलाकों में आने वाली अपनी दुकान, काम और खेतों में कोई काम नहीं करने की है। इसके बाद भी बाजारों में सुरक्षा सख्त रहेगी।

**18 फरवरी को नोएडा के किसानों की समस्या का होगा हल**

नोएडा के एनटीपीसी और प्राधिकरण पर बैठे किसानों की समस्या का समाधान के लिए एक हाई पावर कमेटी का गठन किया जा रहा है। इसका गठन एक दो दिन में हो जाएगा। 18 फरवरी को संभवता या उसके बाद किसानों के साथ उनकी बैठक हो सकती है। इसमें किसानों की मांगों का हल निकाला जाएगा। यदि इस बार भी किसानों को सिर्फ आश्वासन मिलता तो दिल्ली पर कूच किया जाएगा।

# आज से पुरानी रफ्तार से दौड़ सकेंगे वाहन

**नोएडा,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। सड़क दुर्घटनाओं में कमी और बढ़ते कोहरे के चलते नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे, यमुना एक्सप्रेस वे समेत यहां की आंतरिक सड़कों की स्पीड लिमिट को कम किया गया था। यहां कल से पुरानी स्पीड लिमिट पर वाहन दौड़ सकेंगे। ये जानकारी प्राधिकरण के एनटीसी विभाग की ओर से दी गई। दोनों एक्सप्रेस वे पर भारी वाहन 60 किमी प्रतिघंटा और हल्के वाहन 75 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार की गई थी। इसे बढ़ाकर हल्के वाहन 100 किमी प्रतिघंटा और भारी वाहन 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल सकेंगे।

इसी तरह नोएडा में एलिवेटेड रोड सेक्टर-27 से सेक्टर-61 चौराहे तक की स्पीड लिमिट भी कम कर दिया गया था। यहां हल्के वाहनों की स्पीड लिमिट को वापस 60 किमी प्रतिघंटा किया जा रहा है। इसी तरह एमपी-01 रजनीगंधा अंडरपास से सेक्टर-55-56 तिरहे, एमपी-3 पर सेक्टर-37 से सेक्टर-71 और एमपी-2 रोड की स्पीड लिमिट हल्के वाहनों के लिए 80 किमी प्रति घंटा कल से कर दी जाएगी।

- **दिसम्बर में कोहरे के चलते कम की गई थी एक्सप्रेस वे और आंतरिक सड़कों की स्पीड लिमिट**

इसके अलावा यहां लगे कैमरों को इसी स्पीड लिमिट के अनुसार दोबारा से सेट कर दिया जाएगा। ताकि ओवर स्पीड होने पर चालान किया जा सके। नए बोर्ड लगा दिए जाएंगे। वहीं लोगों को नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया जाएगा। एनटीसी के अधिकारियों ने बताया कि अब सड़कों पर कोहरा नहीं है। इससे विजिबिलिटी पूरी है। ऐसे में स्पीड लिमिट को कम किया जा सकता है।

# सेवानिवृत्ति कर्मचारी का समय से हो भुगतान, लापरवाही करने पर होगी कार्रवाई : शेल्वा कुमारी

**बुलंदशहर,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। मेरठ मंडल के अनेक जनपदों में मंडला आयुक्त द्वारा समय-समय पर कलेक्ट्रेट परिसर में अनेक पटल का निरीक्षण किया जाता आ रहा है ऐसे में बुलंदशहर कलेक्ट्रेट परिसर का भी मंडल आयुक्त द्वारा अनेक पटल का निरीक्षण किया गया, जिसकी जिला अधिकारी सहित अनेक अधिकारियों ने की संपूर्ण तैयारी, मंडल आयुक्त द्वारा निरीक्षण करने में पटल पर नहीं मिली कोई खामियों, जिन्होंने की जिलाधिकारी सहित अनेक कर्मचारी की सराहना। तथा संबंधित पटल पर



अनेक समस्याओं को शीघ्र निस्तारण करने के दिए निर्देश।बता दें कि सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट परिसर में मंडलायुक्त को सलामी दी। मंडलायुक्त शेल्वा कुमारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में निर्वाचन कंट्रोल रूम एव निर्वाचन आईटी सेल0 रूम का किया गया सौंदर्यीकरण एव जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया गया। साथ ही निर्वाचन कन्ट्रोल रूम एव निर्वाचन आई0टी0 सेल0 रूम की समस्त व्यवस्थाओं को देखा। तत्पश्चात मंडलायुक्त शेल्वा कुमारी ने क्रमवार दण्डाभिलेखागर रिकार्ड रूम में पंजीकरण रजिस्टर, समस्त तहसीलों के थानेवार रिकार्ड को देखा और रिकार्ड से सम्बन्धित पत्रावलियों से मिलान भी किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त शमशाद हुसैन, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) विवेक कुमार मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं बाबू सागर एवं तुषार सहित अन्य उपस्थित रहे।

- **कलेक्ट्रेट परिसर के अनेक पटल का जिलाधिकारी के साथ मंडलायुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण**
- **निर्वाचन कंट्रोल रूम एवं आईटी सेल रूम के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्वार कार्य का किया गया लोकार्पण**

# कांशी राम कॉलोनी के दो फ्लैटों में लगी आग

**नोएडा,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-45 स्थित कांशी राम के फ्लैट में गुरुवार दोपहर करीब 12:07 बजे आग लगी। त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस की 4 यूनिटों के द्वारा मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत कर आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। आग द्वितीय तल पर फ्लैट संख्या 42 सी व तृतीय तल पर फ्लैट संख्या 42डी में लगी थी। फ्लैट में 2 एलपीजी सिलेंडर थे। उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ की आग द्वितीय तल पर बैटरी फटने के कारण लगी थी, जिस कारण तृतीय तल तक आग फैल गई। आग ने मिनटो में ही विकराज रूप ले लिया। जिसके बाद आग बालकनी के रास्ते फैल गई। आग की लपट इतनी तेज थी जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंचती तीसरे फ्लोर के मकान को भी उसने अपनी जद में ले लिया। आग से बालकनी रखा सारा सामान जल गया। लोग छह पर चढ़े रहे और वहीं से पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास करते रहे। इसके बाद एक -एक करके तीन दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। जीने के रास्ते पाइन को पहुंचाया गया। साथ ही ऊपर चढ़े लोगों को नीचे लाया गया। इसके बाद आग को बुझाने का प्रयास किया गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है।



- **इनवर्टर फटना बताई गई वजह, 3 गाड़ियों ने डेढ़ घंटे में आग पर पाया काबू**

उवाच

सेक्टर ईकोटेक दो व तीन के एसटीपी का 5 वर्ष तक रखरखाव व संचालन के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। इस कार्य पर लगभग 11 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके साथ ही जोन 1, 2, 3, 4 व 5 के गांवों व सेक्टरों में सीवर सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए लगभग 70 करोड़ रुपए के टेंडर जारी कर दिए गए हैं।

**जितेंद्र गौतम, प्राधिकरण जल-सीवर विभाग महाप्रबंधक**

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेनो प्राधिकरण ने 23 कार्यों के लिए 85 करोड़ रुपए के टेंडर निकाले

**ग्रेटर नोएडा,**15 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टरों व गांवों में मरम्मत व रखरखाव के कार्यों को और तेज कर दिया है। प्राधिकरण ने 23 कार्यों के लिए लगभग 85 करोड़ रुपए के टेंडर निकाले हैं। इसी माह टेंडर प्रक्रिया को पूरा काम शुरू कराने की तैयारी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों व गांवों में विकास व रखरखाव के कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देशों पर अमल करते हुए परियोजना, जल-सीवर और उद्यान विभाग ने 23 कार्यों के लिए करीब 85 करोड़ रुपए के टेंडर निकाल दिए हैं। प्राधिकरण के जल-सीवर विभाग के महाप्रबंधक जितेंद्र गौतम ने बताया कि सेक्टर ईकोटेक दो व तीन के एसटीपी का 5 वर्ष तक रखरखाव व संचालन के लिए टेंडर

- **गांवों व सेक्टरों में सीवर सिस्टम को ठीक करने पर खर्च होंगे 69 करोड़**
- **गांवों के विद्युतीकरण पर 11 व निर्माण कार्यों पर 4 करोड़ के टेंडर**

जारी किए गए हैं। इस कार्य पर लगभग 11 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके साथ ही जोन 1, 2, 3, 4 व 5 के गांवों व सेक्टरों में सीवर सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए लगभग 70 करोड़ रुपए के टेंडर जारी कर दिए गए हैं। पौव्वारी स्थित गौशाला में बिजली कार्य और सिरसा, कासना व अन्य गांवों में 6 प्रतिशत आबादी भूखंडों के विद्युतीकरण के लिए भी टेंडर जारी हुए हैं। ईकोटेक 6, 7 व 8 में पार्कों व ग्रीन बेल्ट के विकास और अनुरक्षण के कार्यों के लिए भी टेंडर जारी हुए हैं। सेक्टर टेकजोन टू में 60 व 45 मीटर चौड़ी सड़क की ब्रिक ड्रेन की रिपेयरिंग, बीटा वन व स्वर्णनगरी में शापिंग सेंटर की मरम्मत, म्यू टू में 29.76 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के चार मंजिला फ्लैटों की मरम्मत, अच्छेजा व डाबरा के श्मशान घाट के मरम्मत का कार्य आदि के लिए भी टेंडर जारी हो गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने निर्धारित अवधि में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर इन कार्यों को प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए हैं।

## लीजबैक मामलों की सुनवाई के लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने बनाई ग्रामवार योजना

**ग्रेटर नोएडा,**15 फरवरी (देशबन्धु)। लीजबैक के मामलों को सुनने के लिए ग्रामवार योजना बना ली गई है। 21 फरवरी, 28 फरवरी, छह मार्च व 13 मार्च को सुनवाई होगी। इसकी सूचना किसानों को दे दी गई है।

ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित गांवों के लीजबैक प्रकरणों की जांच के लिए शासन ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में समिति गठित की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कई किसानों की लीजबैक निरस्त करने की सिफारिश की थी। इसका विरोध शुरू हो गया। इसके बाद शासन ने पुनः परीक्षण कराने के आदेश दिए। एसआईटी ने सुनवाई शुरू कर दी है। गांव रिठौरी, घंघोला, अजायबपुर, जुनपत के 16 मामलों की सुनवाई 14 फरवरी को हो चुकी है। अब खानपुर, कुलेसरा, बिसरख, बिरौंडी, चक्रसेनपुर के 16 मामलों की सुनवाई 21 फरवरी को की जाएगी। योजना के मुताबिक, खेड़ा चौगानपुर, पाली, नामौली, साकीपुर, बादलपुर, घोड़ी बछेड़ा के लीजबैक प्रकरण 28 फरवरी को सुने जाएंगे। छह मार्च को मायचा के 19 प्रकरणों की सुनवाई होगी। जबकि खैरपुर गुर्जर के 21 प्रकरणों की सुनवाई 13 मार्च को होगी। किसान इसमें अपना पक्ष रखेंगे और उन्हें सूचना दे दी गई है।

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक



**ग्रेटर नोएडा,**15 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं का ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह 4.0 आगामी 19 से 21 फरवरी 2024 तक लखनऊ में आयोजित होने जा रहा है। इसी

- **आगामी 19 फरवरी जिले में भी होगा 'ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी' का आयोजन**

क्रम में आगामी 19 फरवरी को जनपद स्तर पर भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आगामी 19 फरवरी 2024 को आयोजित होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि 19 से 21 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित होने वाला ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 उत्तर प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इसलिए अधिकारीगण कार्यक्रम की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए आगामी 19 फरवरी को जनपद स्तर पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर अपनी सभी तैयारियां को युद्ध स्तर पर मानकों के अनुरूप पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, ताकि जिले में उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित किया जा सके। जिलाधिकारी ने उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार को बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जनपद की तीनों विधानसभा में आयोजित की जाएगी, इसलिए वह संबंधित उप जिलाधिकारी से वार्ता करते हुए कार्यक्रम के आयोजन हेतु स्थल का चिन्हांकन करते हुए वहां पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें। साथ ही निर्देश दिए की उक्त कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री, सांसद तथा विधायकगणों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रतिष्ठित उद्यमियों, निवेशकों, उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा निवेश से संबंधित विभागों के अधिकारियों व जनता को भी आमंत्रित किया जाए।

## मेडिकल के मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। ईशान आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में बी.ए.एम.एस. कोर्स के मेधावी छात्रों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुरेन्द्र चौधरी राष्ट्रीय सचिव, विश्व आयुर्वेद परिषद, चेयरमैन डॉ. डी.के. गर्ग, प्राचार्य प्रो. डॉ. सुभान अली, प्रो. डॉ. जसविंदर कौर, डॉ. राजेन्द्र बी. खेडेकर, प्रो. डॉ. संतोष भोर, डॉ. नीलेश खामकर, आयुर्वेद के सीनियर प्रोफेसरों द्वारा मेधावी छात्रों को सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि आयुर्वेद के पारंपरिक उपयोगिता से हटकर अन्य क्षेत्रों में आयुर्वेदों के अलग महत्व एवं नवीन उपयोगिताओं पर विस्तृत से प्रकाश डाला, नये-नये शोधों एवं विश्व में घटती घटनाओं एवं रोगों के रोकथाम के लिए शोध एवं औषधि विकसित करने की प्रेरणा दी। चेयरमैन डॉ. डी.के. गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा चित-परिचित एवं पुरानी चिकित्सा पद्धति है और मौसम के बदलाव होने से प्रकृति के प्रकोप एवं रोगों से बचने के लिए हमारे रसोई एवं आस-पास ही औषधि एवं उपाय उपलब्ध है, केवल औषधीय ज्ञान की आवश्यकता है। आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा में आगे एवं सफल होने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ रोगियों का इलाज में बहुत ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर डॉ. अंकुश अवध, डॉ. शिरीष शेपल, डॉ. आर. पी सिंह, डॉ. किरन कुमारी, डॉ नवीद खान, डॉ. अर्चना प्रजापति, निशा अग्रवाल, डॉ. अनुप मिश्रा आदि शिक्षक गण भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार मानसी शुक्ला, बी.ए.एम.एस कोर्स वर्ष 2022-23, द्वितीय पुरस्कार हिमानी भारद्वाज, बी.ए.एम.एस कोर्स वर्ष 2022-23 और तृतीय पुरस्कार निशीमा मिश्रा, बी.ए.एम.एस कोर्स वर्ष 2022-23 मिला।

## शिक्षिका चंचल शर्मा को मिला राष्ट्रीय विद्या विभूति सम्मान




**ग्रेटर नोएडा,**15 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर बीटा-2 की रहने वाली शिक्षिका चंचल शर्मा को राष्ट्रीय विद्या विभूति सम्मान मिला है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय सांस्कृतिक विरासत के लिए काम कर रही संस्था वेद शास्त्र रिसर्च एण्ड फाउंडेशन ने देहरादून स्थित राज्य सांस्कृतिक केंद्र ऑडिटोरियम विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री सतपाल महाराज ने चंचल शर्मा को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान किया। चंचल शर्मा प्राथमिक विद्यालय डाढ़ा की प्रधानाध्यापिका हैं। इस पुरस्कार के लिए देश भर से 21 शिक्षकों का चयन किया

- **पुरस्कार के लिए देश भर से 21 शिक्षकों का किया गया था चयन**

गया था। तीन श्रेणी के अंतर्गत पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर स्वामी हरि चौतन्य पुरी, डॉ. उमकांतानंद सरस्वती, पर्यावरणविद पद्मभूषण चंडीप्रसाद भट्ट, डॉ. वैदेही तामण आदि उपस्थित रहे।

## सामूहिक विवाह समारोह में सोलह जोड़ों ने लिया मंगल फेरे

**ग्रेटर नोएडा,**15 फरवरी (देशबन्धु)। बसंत पंचमी के अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह का अयोजन साइट-4 में हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज ने सभी वर बधुओं को आशीर्वचन दिए, उनके नए जीवन की नई बेला को शुभकामनाएं दी। सनातन बेटियां जो साधनहीन है उनके लिए किए गए इस अयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से कई बच्चियों के सपने पूरे होते हैं, ऐसे अयोजन की जितनी प्रसंशा की जाए कम है।

श्रीबालाजी मानव सेवा समिति के द्वारा समाज के लिए किए जा रहें समाजिक कार्य प्रेरणा स्त्रोत है, समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल व पूनम अग्रवाल को उनके 27वीं शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दी व इस पुनीत कार्य की सराहना की।

बारात की चढत बैंड बाजा, घोड़ी बग्गी साज सज्जा, आतिशबाजी के साथ जय किसान खल भण्डार के मालिक व श्री बालाजी मानव सेवा समिति के कोषाध्यक मनोज सिंघल वि अनुज सिंघल के प्रतिष्ठान से शुरू हुआ। इस अवसर पर लड़कियों ने इच्छा जताई कि मेरा भी सपना है कि मेरी शादी भी रीति रिवाज से हो, उसके हौसले को स्वीकार्य करते हुए कागजी प्रक्रिया पूरी करके उसको आमंत्रित किया और शादी के एक



- **जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज ने वर वधू को दिया आशीर्वाद**

दिन पहले 13 फरवारी को मेंहदी रस्म का भी अयोजन रीति रिवाज से हुआ। प्रोग्राम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत सह सम्पर्क प्रमुख वेद पाल, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, डीसीपी सुनिती सिंह, नौरंग सिंह, प्रमोद चौहान, भोपाल सिंह, मुकेश शर्मा, मनोज गर्ग, सरदार मंजीत सिंह, चरन सिंह, सौरभ बंसल,संजय शर्मा, अंकित मित्तल, मुकुल गोयल,अमर जीत सिंह, कपिल गुप्ता, अमित गोयल, सुरेश गर्ग, अमन अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, हरीश जिंदल, कमल बंसल आदि मौजूद रहे।

## जिम्स संस्थान का मनाया गया नौवां स्थापना दिवस

**ग्रेटर नोएडा,**15 फरवरी (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्वेदिक संस्थान (जिम्स) ने अपनी स्थापना के सफल 8 वर्ष पूरे कर लिए हैं, जिसका 9वां स्थापना दिवस मनाया गया। गुरुवार को कार्यक्रम जीबीयू परिसर स्थित जिम्स के एकेडमिक ब्लॉक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरेन्द्र सिंह विधायक जेवर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत जिम्स एट ए ग्लांस वीडियो से हुई। इसके बाद सीएमएस, जिम्स डॉ. सौरभ श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन हुआ। जीआईएमएस के डीन ने जीआईएमएस की वार्षिक रिपोर्ट



- **स्थापना दिवस पर सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए चिकित्सक व विद्यार्थी हुए पुरस्कृत**

पढ़ी। जीआईएमएस के निदेशक ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता ने मेहमानों का स्वागत किया और जीआईएमएस का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने सर्वश्रेष्ठ संकाय को पुरस्कार सौंपे। शिक्षाविदों, अनुसंधान और रोगी देखभाल के लिए सर्वश्रेष्ठ संकाय का पुरस्कार डॉ. पुलिमी विनील (एनाटॉमी), डॉ. रूपाली कलसी (दंत चिकित्सा) और डॉ. दीपक शर्मा (सामान्य चिकित्सा) को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ विभाग का पुरस्कार जनरल मेडिसिन को दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के तहत यूपी सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट भी मुख्य अतिथि ने छात्रों को वितरित किए।

## महिलाओं पर लाठी डंडों से हमला, वीडियो वायरल



**रबूपुरा,**15 फरवरी (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खाद के गड्ढों पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर महिलाओं के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उधर पुलिस जानकारी से इंकार करते हुए शिकायत मिलने पर जांचोपरांत कार्रवाई का दावा कर रही है। उक्त वायरल वीडियो गांव फलैदा का बताया जा रहा है जिसमें कुछ युवक महिलाओं के साथ लाठी डंडों से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि गांव के एक व्यक्ति ने कुछ प्रशासनिक लोगों से साठ-गांठ कर खाद के गड्ढों पर अवैध कब्जा कर लिया है। जिसकी कई बार शिकायत अधिकारियों से की जा चुकी है। आरोप है शिकायत करने से नाराज दबंगो ने मारपीट की वारदात को अंजाम दिया है तथा जान से मारने की धमकी दी है।

## सूक्ष्म, लघु उद्यमियों की समस्या को केन्द्रीय वित्तमंत्री के सामने रखा



**ग्रेटर नोएडा,**15 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के वितमंत्रालय कार्यलय में राकेश कुमार चेयरमैन आईईएमएल, मेंटोर ईपीसीएच एवं अवधेश अग्रवाल, महासचिव, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने जफर इस्लाम राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा के नेतृत्व में मुलाकात की। इस अवसर पर राकेश कुमार व अवधेश अग्रवाल ने वित्तमंत्री को एमएसएमई के अंतर्गत 45 दिन मे पेमेंट करने की परेशानियों से अवगत कराया व मांग की कि इस कानून को तुरंत समाप्त किया जाए या इसकी समय सीमा 180 दिन की जाए। क्योंकि निर्यात आर्डर को बनाने में 90 दिन व माल पहुंचने में और पेमेंट आने में 90 दिन लगते हैं। इसके अलावा जीएसटी रिफंड में कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए पोर्टल में ऐसी व्यवस्था हो की ट्रेडर्स जब तक ई-वे बिल नहीं जेनरेट कर पाए तब तक उनके यहां माल इन वार्ड नहीं हो, जिससे जीएसटी चोरी रोकी जा सके व अन्य परेशानियों पर विस्तार पूर्वक अवगत कराया। वित्तमंत्री ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना व कहा कि एमएसएमई को सपोर्ट सभी को करना चाहिए व इस समस्या का तत्काल क्या हल होगा इस पर विचार किया जाएगा। जीएसटी रिफंड में अवधेश अग्रवाल के दिए गए सुझाव का उन्होंने स्वागत किया व कहा कि यह बहुत अच्छा है, शीघ्र ही इस पर कार्य करेंगे।

- **आईएमएल व ईपीसीएच राकेश कुमार व अवधेश अग्रवाल ने वित्तमंत्री को कराया अवगत**

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक्स.टी.001 आवासीय भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या 378, BLOCK-B, AREA-120, SECTOR-03, ALLOTMENT NO.-XT00186846, GREATER NOIDA, आवंटी SH. RAJ SINGH S/O SH. THAKUR SINGH के पक्ष में आवंटित है। आवंटी SH. RAJ SINGH S/O THAKUR SINGH की मृत्यु दिनांक 06.05.2021 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को समाचार विज्ञप्ति/वारिसान के आधार पर मृतक आवंटी के पुत्र SH RAJ SINGH S/O SH. THAKUR SINGH द्वारा उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय SH. RAJ SINGH S/O THAKUR SINGH स्थान पर भूखण्ड को उनके पुत्र SH. AJAY KUMAR MALIK R/O E-24, SHATABDI ENCLAVE BARBOL, SECTOR-49, NOIDA, DISTT.-G.B. NAGAR का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-चिपियानाखुर्द उर्फ तिगरी की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-सी.एच.आई.00112, भूखण्ड संख्या-20, क्षेत्रफल-210 वर्ग मीटर को आवंटित सर्वश्री दिलीप कुमार, मुकेश कुमार, नरेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व० श्री इमरत, श्रीमती नरायणी पत्नी स्व० श्री इमरत, निवासी-ग्राम-चिपियानाखुर्द उर्फ तिगरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व० श्री इमरत, श्रीमती नरायणी पत्नी स्व० श्री इमरत की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती सर्वश्री सुशील, अतुल पुत्रगण श्री राजेश, निवासी-ग्राम-इटेहरा, तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-110, पृष्ठ संख्या-111 से 131 पर क्रमांक 457 दिनांक 16.12.2017 को उप निबन्धक, दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित्त आपत्ति कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में पर सर्वश्री सुशील, अतुल पुत्रगण श्री राजेश, निवासी-ग्राम-इटेहरा तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-सैनी की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटित आवंटन सख्या-एस.ए.आई.01519, भूखण्ड संख्या-65, पाकेट-ए, क्षेत्रफल-280 वर्ग मीटर श्री अतराज पुत्र श्री बलवन्त, निवासी-ग्राम-चौडा सहादतपुर, जिला -गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवटित किया गया था। आवंटी श्री अतराज पुत्र श्री बलवन्त की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री सतपाल सिंह पुत्र स्व० श्री अतराज, सर्वश्री धर्मवीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, राकेश कुमार पुत्रगण स्व० श्री अतराज, निवासी-सी-79, उत्तराखण्ड पब्लिक स्कूल, सेक्टर-56, नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री सतपाल सिंह पुत्र स्व० श्री अतराज, निवासी-सी-79, उत्तराखण्ड पब्लिक स्कूल, सेक्टर-56, नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस श्री सतपाल सिंह पुत्र स्व० श्री अतराज, निवासी-सी-79, उत्तराखण्ड पब्लिक स्कूल, सेक्टर-56, नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## परीक्षा के तनाव से बचने के लिए लें भरपूर नींद, करें योग और अभ्यास

**ग्रेटर नोएडा,**15 फरवरी (देशबन्धु)। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई हैं और यूपी बोर्ड की परीक्षा में काफी कम समय बचा हुआ है। ऐसे में छात्र परीक्षा को लेकर मानसिक तनाव लेने लग जाते हैं। खासतौर पर अच्छे नंबर लाने को लेकर छात्रों में प्रतिद्वंदिता देखी जाती है। आलम यह है कि कई छात्र इतना तनाव ले लेते हैं कि गलत कदम भी उठा लेते हैं। शारदा अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. निखिल नायर का मानना है कि परीक्षा के दौरान स्ट्रेस लेना अच्छी चीज है, यह आपकी परफॉर्मेंस को बेहतर करता है। लेकिन तनाव सकारात्मक तरीके से एक लेवल तक ही लेना चाहिए अन्यथा यह मानसिक बीमारी में भी तब्दील हो सकता है। परीक्षा की चिंता को परफॉर्मेंस रिलेटेड स्ट्रेस के रूप में भी जाना जाता है। यह डर, आशंका, घबराहट की स्थिति है, जो परीक्षा से पहले या फिर परीक्षा के दौरान या परीक्षा देने के बाद हो सकती है। इस तनाव से याद करने की क्षमता पर असर पड़ता है और पढ़ने में मन न लगने जैसी समस्या उत्पन्न हो सकती है। शारदा अस्पताल मनोचिकित्सक डॉ. अभिनीत कुमार ने कहा कि आजकल के बच्चे बहुत स्मार्ट हैं। चीजों को अच्छे से समझते हैं। आप पढ़ाई को लेकर तनाव ले रहे हैं और उस तनाव से आपको नींद न आने, याद रखने में परेशानी हो रही है या फिर परीक्षाओं को दौरान चिड़चिड़ापन अधिक होता है, तो समझ लें कि जो तनाव कम मात्रा में फायदेमंद था, जिससे आप पढ़ाई कर पा रहे थे, वह बढ़ चुका है। अगर आपके अंदर इस तरह के लक्षण आते हैं,



- **बोर्ड परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में बढ़ जाता है तनाव**

तो आप बोर्ड परीक्षाओं अथवा अन्य किसी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं। मनोवैज्ञानिक प्रभाव के रूप में यह तनाव चिंता, चिड़चिड़ापन एवं लाचारी जैसे भावनात्मक लक्षण भी नजर आते हैं। ऐसे में परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए समय रहते तनाव को दूर करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए हमें अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देने के साथ ही भरपूर नींद लेना जरूरी है।

इस दौरान योग और अभ्यास (एक्सरसाइज) भी जरूर करना चाहिए। परीक्षा के समय अपनी पसंद की गतिविधियों के लिए समय निकालकर अपना ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण है। परीक्षा के दौरान एक अच्छा अध्ययन कार्यक्रम (स्टडी शेड्यूल) बनाना, ब्रेक लेना, प्रॉपर नींद ले, पढ़ाई के दौरान बीच-बीच में फोन न देखें, इससे भी दिमाग थकता है। इन चीजों का ध्यान रखने से परीक्षाओं के दौरान मानसिक तनाव से बचा जा सकता है।

## वरिष्ठ नागरिकों के सामने आने वाली चुनौती को लेकर होगा मंथन

**ग्रेटर नोएडा,**15 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस पब्लिक सामाजिक संगठन शारदा विश्व विद्यालय के साथ मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक आयोग बनाने और राष्ट्रीय स्तर पर सीनियर सिटिजन फोरम बने। यह कार्यक्रम 17 फरवरी की सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक, शारदा विश्वविद्यालय के धनवंतरी सभागार में होगा।

गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता में देवदत्त शर्मा, मेम्बर सेक्रेटरी, आर.के. माहेश्वरी, सीईओ, आर.के. वर्मा ज्वाइंट सेक्रेटरी, डॉ. अजीत सिंह, डायरेक्टर पीआर, डॉ. रुकमनी, विमल कक्कड़, डायरेक्टर ने कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के विचारों को जानना है कि भारत में वरिष्ठ नागरिकों की किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है तथा इनका समाधान खोजने का प्रयास करना है। कार्यक्रम में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलासानंद, निवगिरी अखाड़ा और आचार्य मिथिलेश नदिनी सरन, महंत, हनुमान निवास, अयोध्या, पूर्व उच्चतम न्यायालय-उच्च न्यायालय न्यायाधीश, पूर्व आईएएस, आईएफएस, आईपीएस और आईआरएस अधिकारियों, प्रौद्योगिकीविद, बैंकरों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, चार्टर्ड एकाउंटेंट और देश के अन्य विशिष्ट नागरिकों के समर्थन से पब्लिक पुलिस को राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक मंच स्थापित करने में भी सहायता मिलेगी। पब्लिक पुलिस एनजीओ एक प्रमुख गैर-लाभकारी, पंजीकृत संगठन है जो वर्ष 2010 से 15 राज्यों में कार्य कर रहा है।

- **पुलिस पब्लिक सामाजिक संगठन व शारदा विवि मिलकर आयोजित कर रहे हैं कार्यक्रम**
- **कार्यक्रम में विधि, शिक्षा, पुलिस, प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्र के अधिकारी होंगे शामिल**

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 16 फरवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# चुनावी बॉड्स पर सुप्रीम रोक : ऐतिहासिक फैसला

सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को सुनाए अपने ऐतिहासिक फैसले में भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा जारी किये गये इलेक्टोरल (चुनावी) बॉड्स योजना पर रोक लगा दी है, जो संविधानसम्मत होने के साथ जनअपेक्षाओं के अनुरूप भी है। कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भी आदेश दिया है कि वह 6 मार्च, 2024 तक उन सभी राजनीतिक दलों के नाम व प्राप्त राशि निर्वाचन आयोग को बतलाये जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाया है और इस जानकारी को आयोग 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर साझा करे। इस जानकारी से ज्ञात होगा कि किस दल ने किससे और कितनी राशि प्राप्त की है। इस तरह सूचना के अधिकार की रक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, पारदर्शिता एवं चुनावी सुधार की चारों दिशाओं के क्षितिजों का स्पर्श करने वाला यह निर्णय संसदीय प्रणाली के शुद्धिकरण की राह में मील का पत्थर कहा जा सकता है।

इस योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए प्रमुख न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय बेंच ने एकमत से इसे असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि यह सूचना के अधिकार के नियम का उल्लंघन है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने 2017 में यह योजना एक वित्त अधिनियम के रूप में लोकसभा से पारित कराई गई थी, जिसे 29 जून, 2018 को कानूनन लागू किया गया था। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की चुनिंदा शाखाओं से कोई भी नागरिक इस बॉंड को खरीदकर अपने पसंदीदा दल को चंदे के रूप में दे सकता था। इसे एक तरह से राजनीतिक दलों की गुमनाम तरीके से मदद करना भी कहा जा सकता है।

इस योजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि वोटर को यह जानने का हक है कि राजनीतिक दलों के पास धन कहां से आ रहा है। उसने यह भी कहा कि यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है, जिसके कारण संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) में उल्लिखित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव पड़ता है। सुनवाई के दौरान सरकार की दलील थी कि इससे राजनैतिक दलों की फंडिंग में काले धन का इस्तेमाल रुकेगा तथा फंडिंग साफ-सुथरी होगी। कोर्ट ने इसे अस्वीकार करते हुए कहा कि उसके दूसरे तरीके भी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जानकारी जनता को न देने की सरकार के अटॉर्नी जनरल की यह दलील खारिज कर दी जिसमें कहा गया कि उचित प्रतिबन्धों के अधीन हुए बिना 'कुछ भी' और 'सब कुछ' जानने का अधिकार नहीं दिया जा सकता।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि इस योजना में किस पार्टी को किसने कितना चंदा दिया। इस तरह सरकार ने इसे जनता की पहुंच से दूर रखा है जिसके कारण इसकी विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता दोनों ही संदेहों के घेरे में रही। इस योजना के नियमों के अनुसार एसबीआई की निर्दिष्ट शाखाओं से 1000 रुपये, 10,000 रुपओ 1 लाख, 10 लाख और एक करोड़ रुपए तक के बॉड्स खरीदे जा सकते हैं। इसकी वैधता 15 दिनों की है जिस अवधि में जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत पंजीकृत एवं पिछले चुनाव में कम से कम 1 प्रतिशत वोट पाने वाले दलों को प्राप्त सहयोग राशि का इस्तेमाल करना ज़रूरी है। इस बाबत कई वकीलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सिविल सोसायटियों तथा चुनावी सुधार के पक्षधरों ने आरोप लगाया था कि इसके माध्यम से कार्पोरेट घराने, व्यवसायी एवं वे लोग जो सरकारों से अपने काम कराना चाहते हैं, ये बॉड्स खरीदकर राजनीतिक दलों से नज़दीकियां बढ़ा सकते हैं। इस बात पर इसलिये सहज विश्वास किया जा सकता है क्योंकि भाजपा सरकार की कारोबारी व उद्योग जगत से नज़दीकियां ज्ञात हैं। बाद में यह बात सही भी साबित हुई क्योंकि भाजपा को सबसे ज्यादा चंदा प्राप्त हुआ- करीब 5300 करोड़ रुपये। लोग जानना चाहते हैं कि चंदा देने वाले कौन हैं और उन्होंने कितना चंदा दिया है। इन्हीं शंकाओं के साथ सुप्रीम कोर्ट को दो याचिकाएं प्राप्त हुई थीं। एक तो थी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफ़ॉर्म्स (2017) की एवं दूसरी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (2018) ने दाखिल की थी। इन दोनों में ही कहा गया कि इससे देशी-विदेशी चंदे की बाढ़ आ जायेगी जिसके जरिये चुनावी भ्रष्टाचार को वैध बनाया जायेगा। इसे रिश्वतखोरी भी कहा गया।

इस योजना के कारण भाजपा ने जो सम्पत्ति बटोरी है उसके कारण उसे चुनाव लड़ने में विरोधी दलों के मुकाबले बढ़त मिल जाती है। भाजपा को मिली उपरोक्त राशि के मुकाबले मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को केवल 952 करोड़, तृणमूल कांग्रेस को लगभग 768 करोड़ तथा एनसीपी को सिर्फ 63.75 करोड़ रुपए मिले हैं। सही है कि इलेक्टोरल बॉड्स योजना से कमोबेश अनेक दल लाभान्वित हुए हैं लेकिन माना जाता है कि इस फैसले से सबसे ज्यादा अड़चन भाजपा को ही होगी क्योंकि यह निर्णय ऐसे वक्त पर आया है जबकि लोकसभा के चुनाव कुछ ही महीनों की दूरी पर हैं। नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिये बेताब भाजपा ने इस बार खुद के लिये 370 और अपने गठबन्धन (एनडीए) के साथ मिलकर 400 पार का नारा दिया है। जाहिर है कि लगभग सभी मोर्चों पर नाकाम मोदी-भाजपा ने जब यह लक्ष्य बनाया होगा तब केवल उनकी कथित लोकप्रियता इसका आधार नहीं रही होगी। बड़ी संख्या में सीटों पर चुनाव लड़ने के लिये भाजपा को बड़ी धन राशि चाहिये, जो उसकी प्रमुख ताकत है। जानकारी सार्वजनिक होने से उजागर हो जायेगा कि भाजपा के मददगार कौन हैं और भाजपा ने उनके चंदे के एवज में उन्हें क्या लाभ पहुंचाया है। यह भी देखना होगा कि मोदी व भाजपा इस बात के क्या उपाय करते हैं कि शीर्ष अदालत के इस फैसले को न माना जाये, जो सीधे तौर पर उसके चुनावी हितों के खिलाफ है। इसकी कोई भी कसर भाजपा छोड़ने वाली नहीं है।

# अन्नदाता के प्रति क्रूरता क्यों ?



**राहुल लाल**

केन्द्र सरकार द्वारा एक तरफ किसानों के प्रति उच्चस्तरीय संवेदनशीलता दिखाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह और कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न प्रदान किया गया है, वहीं दूसरी ओर अन्नदाता के ऊपर स्वतन्त्र भारत में पहली बार ड्रोन से आंसू गैस के हमले किए जा रहे हैं। इन हमलों को किसानों के ऊपर एयर स्ट्राइक कहा जाए, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। रुस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल द्वारा गाजा पर हमलों में ड्रोन हमलों की अंतरराष्ट्रीय आलोचना हुई है। वास्तव में अन्नदाता के उपर ड्रोन से आंसू गैस के हमलों को मानवता के अपराध के रूप में देखा जाएगा। किसान जब चंडीगढ़ में शान्तिपूर्ण तरीकों से सरकार के साथ बातचीत कर रहे थे, तो दूसरी तरफ पुलिस ने जगह-जगह हाईवे जाम करने शुरू कर दिए थे। बड़े-बड़े कांक्रीट के बोल्डर रखे गए। बैरिकेड और कांटों की दीवार बनाई गई। शंभू बॉर्डर पर अन्नदाता पर ड्रोन हमलों ने कई सवाल खड़े किए हैं। अपने देश में क्या कोई पुलिस या अर्द्धसैनिक बल अन्नदाता पर हवाई हमले कर सकती है? क्या निगरानी के अलावा किसी तरह के हमले के लिए ड्रोन का इस्तेमाल युद्ध की श्रेणी में नहीं आता है? किस कानून के तहत ड्रोन का इस्तेमाल हमले के लिए किया जाता है? क्या आने वाले दिनों में हर जन आंदोलन, सरकार विरोधी प्रदर्शन को ड्रोन हमलों से गुजरना पड़ेगा?

माननीय प्रधानमंत्री कहां तो ड्रोन का प्रयोग कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए कर रहे थे, लेकिन अंततः ड्रोन का प्रयोग अन्नदाता को कुचलने के लिए हो रहा है।

प्रदर्शनकारी किसानों की सबसे बड़ी मांग एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गांरटी की है। किसान एमएसपी पर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। किसानों की यह मांग काफी स्वाभाविक भी है, जब सरकार एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दे रही है, तो आखिर उनके एमएसपी पर सबसे महत्वपूर्ण सिफारिश को क्यों नहीं मानती है?

2011 में गुजरात मुख्यमंत्री और एक कार्य समूह के अध्यक्ष के रूप में नरेंद्र मोदी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें कहा गया था कि 'किसानों के हितों की रक्षा के लिए हमें कानूनी प्रावधानों के माध्यम से सुनिश्चित करना होगा कि किसान और व्यापारी के बीच कोई भी लेन-देन एमएसपी से नीचे नहीं होना चाहिए।' 2014 के लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान कई भाषणों और चुनावी रैलियों में, मोदीजी ने वादा किया था कि सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएगी, जो स्वामीनाथन समिति के फॉर्मूले के अनुसार सभी लागतों और 50 फीसदी मार्जिन को कवर करेगी। परन्तु आज तक न तो एमएसपी की कोई गांरटी है और न ही यह सी-2+50 फीसदी के स्वामीनाथन फॉर्मूले पर आधारित है। वहीं 13 फरवरी को राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस किसानों को फसलों पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार, एमएसपी की कानूनी गांरटी देगी। उन्होंने कहा कि इंडिया एलायंस की सरकार बनेगी तो हम स्वामीनाथन की रिपोर्ट पर अमल करेंगे। राहुल गांधी की इस घोषणा के बाद बीजेपी किसान मामलों पर और फंसती हुई दिखाई दे रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेन्द्र मोदी स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों के अनुसार एमएसपी का समर्थन कर रहे थे, परन्तु जब सत्ता में आए तो सुप्रीम कोर्ट में ही हलफनामा देकर कहा कि- स्वामीनाथन कमिटी के अनुसार सी-2+50फीसदी के फॉर्मूले पर एमएसपी देना संभव नहीं है। इस सम्पूर्ण मामले को समझने के लिए सर्वप्रथम समझते हैं कि स्वामीनाथन कमीशन ने किस प्रकार के एमएसपी का समर्थन किया है?

भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के अंतर्गत कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कोस्ट्स एंड प्राइसेस अर्थात सीएसीपी ही एमएसपी तय करता है। एमएसपी का आशय है- न्यूनतम समर्थन मूल्य। न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी किसानों को दी जाने वाली एक गारंटी की तरह होती है, जिसमें तय किया जाता है कि बाजार में किसानों की फसल किस दाम पर बिकेगी। दरअसल, फसल की बुआई के दौरान ही फसल की कीमत तय कर दी जाती है। एमएसपी तय होने के बाद बाजारों में फसलों की कीमत गिरने के बाद भी सरकार किसानों से तय कीमत पर ही फसलें खरीदती हैं। सरल शब्दों में कहें तो, एमएसपी का उद्देश्य फसल की कीमत में उतार-चढ़ाव के बीच किसानों को नुकसान से बचाना है। कृषि मंत्रालय खरीफ, रबी सीजन समेत अन्य सीजन की फसलों के साथ कॉमर्शियल फसलों पर भी एमएसपी लागू करती है। केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से ही साल 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग यानी सीएसीपी का गठन किया था। पहली बार 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। सीएसीपी द्वारा दी जाने वाली सिफारिशों के आधार पर सरकार हर साल 23 फसलों के लिए एमएसपी का ऐलान करती है।

स्वामीनाथन आयोग ने किसानों को उनकी फसल की लागत का 50 फीसदी ज्यादा देने की सिफारिश की थी। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश है- एमएसपी को सी 2+50 प्रतिशत के फार्मूले से लागू करने की। किसान आंदोलनकारी मोदी सरकार से एमएसपी पर यही फॉर्मूला लागू करने की मांग कर रहे हैं। स्वामीनाथन आयोग ने सी-2+ 50 का आंकड़ा बताने के लिए फसल लागत को तीन हिस्सों में बांटा था। फसल लागत के तीन हिस्सों के नाम हैं- ए 2, ए 2+ एफ एल और सी 2।

ए 2 के लागत में फसल की पैदावार में हुए सभी तरह के नकदी खर्च शामिल होते हैं। इसमें बीज, खाद, कीटनाशक, उर्वरक से लेकर मजदूरी, ईंधन और सिंचाई में लगने वाली लागत भी शामिल होती है।

ए 2 + एफ एल में फसल की पैदावार में लगने वाली कुल लागत के साथ -साथ परिवार के सदस्यों की मेहनत की अनुमानित लागत को भी जोड़ा जाता है। इस तरह ए 2 + एफ एल का मतलब है-लागत + किसान परिवार की मेहनत।

जबकि, सी 2 में पैदावार में लगने वाली नकदी और गैर नकदी के साथ-साथ जमीन पर लगने वाले लीज के खर्च और ब्याज पर लिए गए रूपयों को भी शामिल किया जाता है। इस फॉर्मूले को अगर सामान्यीकृत करें, तो सी 2 का मतलब है- ए 2 + एफ एल + जमीन के लीज का खर्च और ब्याज पर लिए गए पैसों की भी लागत। स्वामीनाथन आयोग ने सी 2 की लागत में ही डेढ़ गुनी यानी 50 फीसदी और जोड़कर एमएसपी देने की सिफारिश की थी। इसे ही सी 2 +50 कहा जाता है।

उदाहरण के लिए गेहूं की फसल पर सी 2+50 के फॉर्मूले के अनुसार, एमएसपी दिया जाए, तो प्रति क्विंटल 350 रूपये से ज्यादा का अंतर आएगा। सीएसीपी की रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 के लिए प्रति क्विंटल गेहूं की फसल पर ए 2 के अनुसार, लागत 903 रूपये थी। वहीं गेहूं की ए 2+ एफएल की लागत 1,128 रूपये है और सी 2 की लागत 1,652 रूपये लगाई गई थी। जबकि 2023-24 के लिए प्रति क्विंटल गेहूं की एमएसपी 2,125 रूपये तय की गई है। स्वामीनाथन आयोग का सी 2 +50फीसदी का फॉर्मूला अपनाया जाए, तो प्रति क्विंटल गेहूं पर एमएसपी 1,652+ 826= 2,478 रूपये होती है। इस हिसाब से 2023-24 के लिए गेहूं के एमएसपी में 353 रूपये का फर्क है। अभी सीएसीपी फसलों पर जो एमएसपी तय करती है, वह ए 2 + एफ एल की लागत के हिसाब से तय करती है। इस संपूर्ण विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार एमएसपी देने में सरकार सक्षम है। क्या सरकार गेहूं के एमएसपी में 353 रूपये की वृद्धि नहीं कर सकती है?

केंद्र सरकार वर्ष 2020 के आंकड़ों को प्रस्तुत कर एमएसपी गारंटी कानून से बचने का प्रयास कर रही है। सरकार समर्थकों का कहना है कि एमएसपी गारंटी कानून को क्रियान्वित करने की लागत कम से कम 10 लाख करोड़ होगी, इसलिए यथार्थ के धरातल पर यह संभव नहीं है। केंद सरकार के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 में देश की कृषि उपज का कुल मूल्य 40 लाख करोड़ रूपये था। इसके साथ ही 2020 में एमएसपी के दायरे में आने वाले फसलों का मूल्य 10 लाख करोड़ था। उस वर्ष सरकार ने एमएसपी पर 2.5 लाख करोड़ खर्च कर एमएसपी वाली फसलों की 25फीसदी खरीदारी की थी। अब सरकार तर्क दे रही है कि सभी एमएसपी वाले फसलों को खरीदना होगा, तो 10 लाख करोड़ खर्च होंगे। लेकिन मेरा मूल प्रश्न है कि सरकार एमएसपी वाली सभी फसल क्यों लेगी? अभी सरकार जरूर एमएसपी पर फसल खरीदती है, लेकिन निजी कंपनियां एमएसपी पर नहीं खरीदती है। क्या निजी कंपनियों को एमएसपी पर खरीदने की बाध्यता नहीं होनी चाहिए? जब एमएसपी गारंटी कानून बन जाएगा, तो निजी कंपनियां भी एमएसपी पर खरीदने के लिए बाध्य होंगीं। ऐसे में एमएसपी गारंटी पर 10 लाख करोड़ रूपये खर्च की बात पूर्णतः गलत है। अभी 24 फसलों पर एमएसपी दी जा रही है। पिछले वर्ष 5 फसलों का मंडी भाव स्वाभाविक रूप से एमएसपी से ऊपर था, जबकि दो फसलों का दर एमएसपी के बराबर था। इस प्रकार पिछले वर्ष 7 फसलों को एमएसपी दर पर लाने में सरकार को एक रूपया खर्च नहीं करना पड़ा। ऐसे में सवाल उठता है कि सरकार केवल निजी क्षेत्र के कंपनियों के दबाव में एमएसपी गारंटी कानून से बच रही है। वर्तमान केंद्र सरकार पर पहले से ही पूंजीपतियों का समर्थन करने.और गरीब, मजदूर व किसानों को हाशिए पर रखने का आरोप लगता रहा है। ऐसे में एमएसपी गारंटी कानून पर 10 लाख करोड़ रूपये का खर्च का बहाना मूलतः निजी कंपनियों को बचाने का प्रयास है। वास्तव में सरकार की अब तक मूल मंशा यह दिख रही है कि निजी क्षेत्र को अन्नदाता का शोषण का मौका मिलता रहे। अगर सरकार इन आरोपों से बचना चाहती है, तो त्वरित तौर पर एमएसपी गारंटी कानून को क्रियान्वित करें।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार व आर्थिक मामलों के जानकार हैं )**

> **भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के अंतर्गत कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कोस्ट्स एंड प्राइसेस अर्थात सीएसीपी ही एमएसपी तय करता है। एमएसपी का आशय है- न्यूनतम समर्थन मूल्य। न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी किसानों को दी जाने वाली एक गारंटी की तरह होती है, जिसमें तय किया जाता है कि बाजार में किसानों की फसल किस दाम पर बिकेगी। दरअसल, फसल की बुआई के दौरान ही फसल की कीमत तय कर दी जाती है।**

# चुनावों के लिए सरकारी वित्तपोषण पर बहस फिर से शुरू करने का समय

■ **के रवीन्द्रन**

सआपत्तिजनक चुनावी बांड योजना के माध्यम से सत्तारूढ़ दल को बेरोकटोक राजनीतिक फंडिंग के कड़वे परिणामों को ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि देश में चुनावों के लिए राज्य फंडिंग की अवधारणा पर वापस जाने का समय आ गया है, अगर देश में लोकतंत्र को जीवित रखना है तो, विशेषकर इसलिए क्योंकि चुनावी बांड योजना के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में तोड़फोड़ हो रही है।

ऐसा करने के लिए शायद यह सबसे उपयुक्त समय है, क्योंकि भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक संवैधानिक पीठ चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर फैसला करने के लिए तैयार है। यह अलग बात है कि फैसले में देरी, जिसे अदालत ने पिछले साल नवंबर में सुरक्षित रख लिया था, ने निस्संदेह लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं और उत्साही लोगों को निराश किया है। फिर भी सर्वोच्च न्यायालय एक सार्थक हस्तक्षेप करके संशोधन कर सकता है और अधिक न्यायसंगत और निष्पक्ष व्यवस्था का सुझाव देकर चीजों को सही कर सकता है। ऐसा करने में, अदालत को वर्तमान याचिकाओं के दायरे से परे जाना पड़ सकता है, लेकिन इस तरह का दृष्टिकोण देश में लोकतंत्र को संरक्षित करने में काफी मदद करेगा, जो अन्यथा खतरे में है।

सत्ताधारी पार्टी को बेरोकटोक राजनीतिक फंडिंग की सुविधा देने के लिए आलोचना की गई और चुनावी बांड योजना तेजी से जांच के दायरे में आ गई है। भाजपा ने इस योजना से अधिकांश धन प्राप्त किया है, जबकि मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी सहित अन्य पार्टियों को कुल राशि का केवल दसवां हिस्सा ही मिला है। अनुपातहीन धन शक्ति ने सत्ताधारी पार्टी को विपक्षी शासित राज्यों के खिलाफ कुछ सबसे विचित्र अस्थिरता उत्पन्न करने की योजनाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है, जो वैध रूप से निर्वाचित सरकारों को हटाने और स्पष्ट दलबदल की मदद से अपने स्वयं के कठपुतली संगठनों की स्थापना में प्रकट हुई है। कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार ऐसे ही भाजपा की विध्वंसक राजनीति के सबसे खराब व्यंग्यचित्र के रूप में सामने आते हैं।

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्यों की जांच करते हुए, 1998 की इंद्रजीत गुप्ता समिति की रिपोर्ट और 1999 की भारतीय विधि आयोग की रिपोर्ट की सिफारिशें, दोनों चुनावों के लिए पूर्ण राज्य वित्त पोषण की वकालत करती हैं, जो इस बहस की दीर्घकालिक प्रकृति को रेखांकित करती हैं। इंद्रजीत गुप्ता समिति ने राज्य के वित्त पोषण की दो सीमाओं की सिफारिश की: पहला, राज्य का धन केवल राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों को आवंटित किया जाना चाहिए, न कि स्वतंत्र उम्मीदवारों को। दूसरे, अल्पावधि में राज्य वित्त पोषण केवल मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों को कुछ सुविधाओं के रूप में दिया जाना चाहिए। समिति ने कहा कि रिपोर्ट की तैयारी के समय, देश की आर्थिक स्थिति चुनावों के लिए केवल आंशिक राज्य वित्त पोषण के अनुकूल थी, न कि पूर्ण वित्तपोषण के।

1999 की विधि आयोग की रिपोर्ट मोटे तौर पर इंद्रजीत गुप्ता पैनल की रिपोर्ट से सहमत थी और इस बात पर जोर दिया गया था कि चुनावों के लिए कुल राज्य वित्त पोषण तब तक वांछनीय था जब तक राजनीतिक दलों को अन्य स्रोतों से धन लेने से प्रतिबंधित रखा गया हो। आयोग इस आधार पर भी सहमत था कि उस समय की आर्थिक स्थितियों को देखते हुए केवल आंशिक राज्य वित्त पोषण ही संभव था। लेकिन इसके अतिरिक्त, यह उचित नियामक ढांचे की सिफारिश करता है जिसमें यह सुनिश्चित करने के प्रावधान शामिल हैं कि राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र का पालन करते हैं और आंतरिक संरचनाओं और खातों को व्यवस्थित रखते हैं, उनकी ऑडिटिंग करते हैं, और राज्य के वित्त पोषण की अनुमति से पहले चुनाव आयोग को प्रस्तुत करते हैं। उससे लगभग एक दशक पहले, दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग की 'शासन में नैतिकता' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में भी चुनाव खर्चों की 'नाजायज और अनावश्यक फंडिंग' को प्रतिबंधित करने के लिए चुनावों में आंशिक राज्य वित्त पोषण की सिफारिश की गई थी।

लेकिन दुर्भाग्य से, संविधान के कामकाज की समीक्षा करने के लिए राष्ट्रीय आयोग, 2001 ने चुनावों के लिए राज्य के वित्त पोषण का समर्थन नहीं किया, हालांकि यह 1999 के विधि आयोग की रिपोर्ट से सहमत था कि राज्य के वित्त पोषण से पहले राजनीतिक दलों के विनियमन के लिए उचित ढांचे को लागू करने की आवश्यकता होगी।

कुल परिणाम यह है कि इन सिफ़ारिशों के बावजूद, राज्य वित्त पोषण काफी हद तक अकादमिक ही रहा है। राज्य वित्त पोषण के समर्थक चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, समानता और भ्रष्टाचार में कमी लाने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डालते हैं। सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए अधिक समान अवसर प्रदान करके, राज्य वित्त पोषण मौजूदा प्रणाली से जुड़े पक्षपात के आरोपों से मुक्त, एक स्वस्थ लोकतांत्रिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दे सकता है।

वर्तमान चुनावी बांड योजना को पारदर्शिता की कमी के कारण भी आलोचना का सामना करना पड़ा है, क्योंकि दानदाताओं की पहचान अज्ञात है। इस अपारदर्शिता ने राजनीतिक शासन प्रणाली के संभावित दुरुपयोग के बारे में चिंताएं पैदा कर दी हैं, जिससे पूरी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता पर सवाल खड़े हो गये हैं।

भारत के लिए चुनावी वित्तपोषण के प्रति अपने दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन करने और एक ऐसी प्रणाली को अपनाने का समय आ गया है जो वास्तव में एक लोकतांत्रिक गणराज्य की भावना का प्रतीक है। संभवतः सर्वोच्च न्यायालय देश की चुनावी प्रणाली में इस तरह के महत्वपूर्ण बदलाव की शुरुआत करने की स्थिति में है।

> **सत्ताधारी पार्टी को बेरोकटोक राजनीतिक फंडिंग की सुविधा देने के लिए आलोचना की गई और चुनावी बांड योजना तेजी से जांच के दायरे में आ गई है। भाजपा ने इस योजना से अधिकांश धन प्राप्त किया है, जबकि मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी सहित अन्य पार्टियों को कुल राशि का केवल दसवां हिस्सा ही मिला है। अनुपातहीन धन शक्ति ने सत्ताधारी पार्टी को विपक्षी शासित राज्यों के खिलाफ कुछ सबसे विचित्र अस्थिरता उत्पन्न करने की योजनाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है।**

## पावन प्रसंग

# यथार्थ त्याग का मर्म

त्याग अर्थात वह जो अपने पास निरर्थक है उसे हटा देना, छोड़ देना। जब हम अपने पास से निरर्थकता को हटा देते हैं तभी नयेपन की संभावना की राह खुलती है। इसलिए त्याग को प्रगति का नवचरण कहा गया है। त्याग जीवन की विकास यात्रा का एक अनिवार्य अंग है। यह आत्मशोधन का राजमार्ग है। यह अशुभ के स्थान पर शुभ की प्रतिष्ठा का नियम है। एक को छोड़ने पर ही दूसरे की प्राप्ति संभव होती है। रखा हुआ कदम उठाकर ही पथ पर नवचरण धरा जा सकता है। शुद्ध वायु को ग्रहण करने के लिए फेफड़ों में स्थित अशुद्ध वायु को छोड़ना पड़ता है। संग्रह करने से पदार्थों को चिपकाए रहने से तो जीवन गति में विसंगति व विषमता पैदा हो जाती है। जैसे रुकने पर पानी सड़ने लगता है, वैसे ही पेट यदि खाए पदार्थों को अपने अंदर ही संग्रह करते रहे तो अनेकों बीमारियां पैदा होकर शरीर में अनेकों विकृतियां एवं उपद्रव पैदा होंगे। हृदय रक्त की वितरण व्यवस्था में संग्रह बुद्धि से काम ले तो शरीर की चेतनता ही नष्ट हो जाएगी।

त्याग के बिना विकास, प्रगति सक्रियता एवं उन्नति का पथ प्रशस्त नहीं होता। जब तक हम किन्हीं पदार्थों, परिस्थितियों यहां तक कि विचारों, भावनाओं में बंधे पड़े रहते हैं, तब तक अन्य विषयों की ओर ध्यान नहीं जाता। इसलिए किसी वस्तु या विषय विशेष से बंधना, उसमें लिप्त रहना सर्वथा त्याज्य है। जो कुछ हमारे पास है, हम जो कुछ भी जानते हैं, उसे हम अपनी उन्नति का आधार बना सकते हैं। जिस सीढ़ी पर हम खड़े हैं, उसका सहारा लेकर ऊपर उठ सकते हैं, लेकिन अंततः सीढ़ी हमें छोड़नी पड़ेगी। यह असंभव है कि हम उस पर खड़े भी रहें और ऊपर भी पहुंच जाएं। जीवन का आयाम व्यापक है। जीवन की पगड़ी बड़ी लंबी है। संसार का क्षेत्र बड़ा विस्तृत है। आगे बढ़ने के लिए, प्राप्त करने के लिए हमें नित्य त्याग करना पड़ेगा ही। यहां कोई भी ऐसा धाम नहीं है, जहां पहुंचकर यह कहा जा सके कि बस, हमारी यात्रा पूरी हो गई, अब यहां से हटना नहीं पड़ेगा। जब तक जीवन है, संसार है, तब तक हमें छोड़ना पड़ेगा, त्याग करते रहना होगा। परिवर्तन ही संसार का नियम है इसलिए त्याग कीजिए, मैं और मेरेपन का, त ाकि हम परमसत्ता की अनुभूति कर सकें। जब तक मैं है, तब तक हम परमात्मा की विराट सत्ता की अनुभूति प्राप्त नहीं कर सकेंगे। मेरेपन के कारण वस्तुओं. पदार्थों, विषयों की सीमा से बाहर नहीं निकल सकेंगे। ऐसी स्थिति में हम विश्वचक्र की गति के साथ तारतम्य स्थापित नहीं कर पाएंगे।

सारा संसार ही त्याग धर्म पर चल रहा है, अतः संग्रह और रोके रखने की वृत्ति हमारे जीवन में संघर्ष पैदा कर देगी। यहां का धर्म है कि जीवन को गति देने के लिए कुछ न कुछ त्याग करते रहा जाए। यदि हम चाहेंगे कि मैं नहीं दूंगा, मैं नहीं छोड़ूंगा- ऐसी स्थिति में विरोध का सामना करना पड़ेगा और तब हमको विवश होकर छोड़ना पड़ेगा, एक पराजित योद्धा की तरह। फिर क्यों न स्वेच्छा से त्याग कर के विश्वक्रम में सहयोग किया जाए। इससे दो लाभ होंगे- एक स्वधर्म पालन करने का संतोष मिलेगा तो दूसरे हमारा जीवन एकाकी, संकीर्ण न रहकर व्यापक हो जाएगा। हमारा जीवन विकसित होगा। चूंकि त्याग एक को हटाकर दूसरे की प्रतिष्ठा का अवसर देता है, इसलिए मन, कर्म, वचन से अशुभ का भी त्याग करना चाहिए। जिस तरह द्वार के किवाड़ों को खोलते ही सूर्य का प्रकाश सहज ही भवन को प्रकाशित कर देता है, उसी तरहजीवन से अशुद्ध तत्वों को निकाल देने पर शुभ का आगमन स्वतः हो जाता है, बुराइयों के छूटते ही अच्छाइयां स्वतः पेदा हो जाती हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलन

पंजाब से उठी किसान आंदोलन की चिंगारी हरियाणा होकर अनेक राज्य में पहुंच सकती है। किसान आंदोलन के पीछे सोची समझी साजिश है। हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर आंदोलनकारियों ने जमकर हंगामा किया। सवाल यह है कि हर बार आंदोलन पंजाब से ही क्यों शुरू होता है। क्या अन्य राज्यों को एमएसपी की आवश्यकता नहीं है? यह इतना हिंसक क्यों हो गया। चुनाव आते ही किसान सड़कों पर उतर आते हैं और किसान संगठनों को सहायता देने के लिए कांग्रेस सबसे पहले तैयार हो जाती है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में स्थगित कर किसानों के बीच पहुंचकर उनको समर्थन किया। केंद्र सरकार किसानों के हित में कोई गलत कदम नहीं उठाएगी।

एमएसपी पर 10 लाख करोड़ का बाजार खर्च रहा था। पंजाब में भड़के किसान आंदोलन को कांग्रेस सपोर्ट कर रही है। आंदोलन को हिंसक बनाने का प्रयास राजनैतिक दलों या अराजक तत्वों ने किया है। 2022 में भी ये ही अराजक तत्व छुपे रुस्तम निकले थे। किसानों की दुर्दशा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पंजाब किसान मजदूर संघर्ष समिति का कहना है कि वे टकराव नहीं चाहते हैं और वार्ता के लिए तैयार है। स्वामीनाथन आयोग के आधार पर किसान फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की मांग कर रहे हैं। लेकिन यह सरकारी तिजोरी पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। वर्तमान सरकार ने किसानों के साथ सौतेला व्यवहार नहीं किया है। देश बदल रहा है तो किसान भी अपनी दीनहीन और कमजोर छवि बदलने की ओर चल पड़ा है। पंजाब और हरियाणा से जो चिंगारी आग में तब्दील हुई है कांग्रेस के कार्यकाल में किसानों का संकट बढ़ता गया था। किसानों के कर्ज के जाल में फंसने और खुदखुशी करने की खबरें ही आती थीं। 1995 से 3 लाख 40 हजार किसान आत्महत्या कर चुके थे। किसानों की अहमियत बरकरार रही थी। आर्थिक उदारीकरण लागू होने के बाद किसान संगठन कमजोर नहीं हुए। अर्थव्यवस्था के नए क्षेत्र खुल रहे हैं। कांग्रेस के साथ किसान संगठनों की राजनैतिक हमजोली ने भी इसे कमजोर किया है। वहीं देश में कुकरमुत्तों की तरह उग आए गैर सरकारी संगठनों के किसानों के मुद्दे में दखल बढ़ाना शुरू कर दिया। किसान संगठन भी एनजीओ बन कर रह गए। किसान आंदोलन की ताकत दिखाने के लिए दूसरे राज्यों के किसान एक साथ जुड़ते थे। लेकिन राजनैतिक दलों की दखलंदाजी ने इन प्रयासों को तोड़ दिया है। कर्ज माफी सहित बारह मांगों को लेकर किसान दिल्ली कूच के लिए तैयार हैं। लेकिन अभी तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। तीसरी वार्ता पर कैसी सहमति बनती है। यह समय की बलिहारी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## चीन के करमाडेक द्वीप क्षेत्र में भूकम्प के झटके

**बीजिंग।** चीन के करमाडेक द्वीप क्षेत्र में मध्यम स्तर के भूकम्प के झटके महसूस किए गए। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने गुरुवार को बताया कि स्थानीय समयानुसार बुधवार रात करीब 11:04 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 28.18 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 177.54 डिग्री पश्चिम देशांतर तथा जमीन की सतह से 79.8 किलोमीटर की गहराई में में रहा।

# देश विदेश

# इमरान ने उमर अयूब को प्रधानमंत्री पद के लिए पीटीआई उम्मीदवार के रूप में चुना



**रावलपिंडी, 15 फरवरी (एजेंसियां)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता असद कैसर ने गुरुवार को खुलासा किया कि पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष इमरान खान ने वरिष्ठ नेता उमर अयूब खान को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में चुना है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व पीएम इमरान खान से मुलाकात के बाद अदियाला जेल के बाहर मीडिया को संबोधित करते हुए पूर्व नेशनल असेंबली स्पीकर (विधानसभा अध्यक्ष) असद कैसर ने कहा कि उन्हें अगली सरकार बनाने के लिए सभी राजनीतिक दलों से संपर्क करने का काम सौंपा गया है।

पीटीआई नेता ने 'चुनाव में धांधली' का आरोप लगाते हुए कहा कि इमरान खान गुरुवार शाम तक देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की तारीख की घोषणा करेंगे।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, हमारी पार्टी का जनादेश चोरी हो गया है।

**■ पीटीआई का चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की तैयारी**

केंद्र में सरकार के गठन के लिए राजनीतिक संपर्कों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए असद कैसर ने कहा कि उन्हें पार्टी संस्थापक ने जेयूआई-एफ, एएनपी, आफताब शेरपाओ और अन्य सहित राजनीतिक दलों से संपर्क करने का काम सौंपा है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पीटीआई को दिए गए जनादेश को कमजोर करने के लिए 8 फरवरी के चुनावों में 'धांधली' की गई थी।

पीटीआई द्वारा समर्थित एक स्वतंत्र उम्मीदवार उमर अयूब ने 192,948 वोट हासिल करके नेशनल असेंबली-18 निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव जीता।

पाकिस्तान के रिटर्निंग ऑफिसर/चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, उनके उपविजेता पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के उम्मीदवार बाबर नवाज खान थे, जिन्होंने 112,389 वोट हासिल किए। मतदान प्रतिशत 49.88 फीसदी रहा।

## चार मामलों में इमरान की जमानत 19 तक बढ़ी



**इस्लामाबाद।** एक आतंकवाद विरोधी अदालत ने यहाँ गुरुवार को 9 मई की हिंसा से संबंधित चार मामलों में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान की जमानत याचिका 19 फरवरी तक बढ़ा दी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत को सूचित किया गया कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान के वकील अल कादिर ट्रस्ट मामले में व्यस्त हैं और अपनी दलीलें पेश करने के लिए और समय चाहते हैं। एटीसी न्यायाधीश अरशद जावेद ने अनुरोध स्वीकार कर लिया और जमानत 19 फरवरी तक बढ़ा दी। अदालत ने अगली सुनवाई पर वीडियो लिंक के माध्यम से खान की उपस्थिति की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया।

## नेपाल में दो यातायात दुर्घटनाओं में 20 लोगों की मौत

**काठमांडू, 15 फरवरी (एजेंसियां)।** नेपाल में पिछले दो दिन में दो यातायात दुर्घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। चालीस लोगों को नेपाल की राजधानी काठमांडू लेकर जा रही एक यात्री बस गुरुवार तड़के कपिलवस्तु जिले में एक नदी में गिर गई, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई और अन्य सभी घायल हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी हरि बहादुर ओली ने शिन्हुआ को बताया, घायलों में से छह को छुट्टी दे दी गई है, जबकि 24 अन्य का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। एक अन्य घटना में पाल्पा जिले में बुधवार को एक ओवरलोडेड जीप राजमार्ग से फिसल गई, जिससे आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गये। घायलों में से दो की इलाज के दौरान मौत हो गयी। नेपाल में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा देते हैं।




## म्यांमार में कार दुर्घटना में सात लोगों की मौत

**यांगून।** म्यांमार के दक्षिणी राज्य मोन में गुरुवार को एक लॉरी और एक निजी कार की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। म्यांमार अग्निशमन विभाग ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार तड़के लगभग पांच बजे हुई। जब मोन राज्य के थाटन टाउनशिप में लॉरी एक कार से टकरा गई और कार लॉरी के नीचे फंस गई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गयी। मो काउंग बचाव संगठन के एक अधिकारी ने बताया, प्रोवॉक्स कार में सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा, दो शवों को निकाला जा सका, जबकि शेष शव लॉरी को उठाने और कार की छत को काटने के बाद बरामद किए गए। इस घटना से संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है।

## सुडोकू 6468

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 8 | | | |
| | | 8 | 3 | | | | | |
| | 5 | 9 | | | | | 3 | |
| | | 7 | 8 | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | 1 | | 5 | | | 3 |
| | 1 | | 6 | | 7 | 4 | | |
| | 2 | | | | | 9 | 8 | |
| | | | | | 6 | 1 | | |
| | | | 7 | | | 3 | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 16 फरवरी, 2024 माघ शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष -दिन के आरंभ में नए काम की शुरुआत को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। शरीर और मन की स्वस्थता भी आपके उत्साह को दोगुना कर देगी। स्नेही मित्रों के साथ समारोह में जाना हो सकता है।

वृषभ -घर के सदस्यों के साथ आप आवश्यक चर्चा करेंगे। घर की सुंदरता बढ़ाने में व्यस्त रहने वाले हैं। मां का विशेष आशीर्वाद मिलेगा। कार्यालय में अधिकारियों के साथ मधुर संबंध बनेंगे।

मिथुन -पारिवारिक और व्यवसायिक क्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर आवश्यक चर्चाओं में व्यस्त रहने वाले हैं। काम का भार बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ ढीलापन आएगा।

कर्क -आज आपका व्यवहार लोगों के साथ अच्छा रहेगा। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। शुरुआत में आपको ऐसा लगेगा, जैसे आपके प्रयास गलत दिशा में आगे बढ़ रहे हो। स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा। क्रोध की मात्रा भी अधिक रहेगी।

सिंह -आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ और चिंता में रहेंगे। किसी बात को लेकर गुस्से में रह सकते हैं। दोपहर बाद स्थिति में सुधार होगा। परिवार में भी आनंद का वातावरण होगा।

कन्या -आज नए काम और प्रवास ना ही करें। आध्यात्मिक क्षेत्र में आज सिद्धि प्राप्त होने का योग है। स्वास्थ्य में शिथिलता का अनुभव होगा। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। इससे आपका काम बिगड़े नहीं इसका ध्यान रखें।

तुला -आज दिन की शुरुआत आनंद के साथ होगी। मन में किसी बात को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक लाभ के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। दोपहर के बाद आप वाणी पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक -किसी खास बौद्धिक काम में आज आप व्यस्त रहेंगे। लोगों के साथ आज आपका व्यवहार अच्छा बना रहेगा। छोटे प्रवास की संभावना है। धन-सम्बंधित आयोजन के लिए समय शुभ है।

धनु -शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य का आज विशेष ध्यान रखें। अधिक मेहनत के बाद भी काम में सफलता कम मिलेगी। इससे निराशा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं। आज यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा।

मकर -आज आप कुछ अधिक संवेदनशील रहेंगे। आपकी भावना को भी ठेस पहुंच सकती है। वाहन चलाते समय ध्यान रखें। किसी निराशाजनक विचार और काम से दूर रहें। किसी भी काम में शीघ्र निर्णय ना लें।

कुंभ -आवश्यक काम का निर्णय आज ना लें, इसका ध्यान रखें। नए काम की शुरुआत के लिए समय अभी इंतजार करने का है। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर चिंता बढ़ेगी।

मीन -आज धन का खर्च अधिक हो जाने से आप चिंता में रह सकती है। किसी से मनमुटाव और तनाव हो सकता है। आज आपको वाणी पर नियंत्रण रखने की सलाह दी जाती है। आर्थिक विषय में संभलकर चलें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## श्रीलंका ने 42 भगोड़े अपराधियों के खिलाफ उठाए कदम

**कोलंबो, 15 फरवरी (एजेंसियां)।** श्रीलंका की सरकार ने देश से भागे 42 अपराधियों को वापस लाने के लिए उनके खिलाफ इंटरपोल से 'रेड कॉर्नर नोटिस' जारी कराने के वास्ते कदम उठाये हैं। देश के कार्यवाहक पुलिस महानिरीक्षक देशबंधु तेन्नाकून ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्री तेन्नाकून ने कोलंबो नेशनल हॉस्पिटल के सामने नयी पुलिस चौकी खोलने की घोषणा करने के लिए आयोजित एक समारोह में कहा कि उपरोक्त 42 व्यक्ति अपराधों से जुड़े हैं और नशीली दवाओं के व्यापार में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमें पूरा भरोसा है कि विदेश में रहने वाले अपराधियों को इंटरपोल की सहायता से देश में वापस लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में एक बड़े गिरोह के प्रमुख सदस्य पियुम हस्तिका उर्फ 'पियुमा' को क्रीमिया तड़के दुबई से श्रीलंका वापस भेज दिया गया, जो दुबई में छिपा हुआ था। श्री तेन्नाकून ने कहा कि उससे पूछताछ से श्रीलंका में संगठित अपराधों के कई पहलुओं का पता चलेगा। इंटरपोल के सहयोग से कई अन्य अपराधियों को जल्द ही उन देशों से वापस लाया जाएगा, जहां उन्होंने शरण ले रखी है।

## कतर में प्रवासी भारतीयों से मिले पीएम मोदी, जताया आभार



**दोहा, 15 फरवरी (एजेंसियां)।** संयुक्त अरब अमीरात की दो दिवसीय यात्रा के समापन के बाद दोहा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर में भारतीय प्रवासियों से मुलाकात की और कहा कि वह समुदाय के 'आभारी' हैं। वह बुधवार देर रात यहां पहुंचे।

जून 2016 के बाद, यह मोदी की कतर की दूसरी यात्रा है, जहां लगभग 8 लाख 40 हजार भारतीय रहते हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के सदस्यों द्वारा स्वागत किए जाने की तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, दोहा में असाधारण स्वागत! भारतीय प्रवासियों का आभारी हूं। उन्होंने पहले एक बयान में कहा था कि दोहा में मजबूत भारतीय समुदाय की उपस्थिति हमारे लोगों के बीच मजबूत संबंधों का प्रमाण है। उनके आगमन पर, विदेश राज्य मंत्री सोल्तान बिन साद अल-मुरैखी ने उनका स्वागत किया और अपने कतरी समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर से की मुलाकात

**दोहा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी तथा उनके पिता अमीर हमद बिन खलीफा अल थानी से मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग की भविष्योन्मुखी योजनाओं पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्री मोदी ने कतर के अमीरी पैलेस में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की। कतर के अमीर ने श्री मोदी का पैलेस में रस्मी ढंग से स्वागत किया। इसके बाद दोनों पक्षों ने प्रतिनिधिमंडल स्तर और प्रतिबंधित वार्ता की। चर्चा में आर्थिक सहयोग, निवेश, ऊर्जा साझेदारी, अंतरिक्ष सहयोग, शहरी बुनियादी ढांचे, सांस्कृतिक बंधन और लोगों से लोगों के संबंधों सहित कई विषयों पर चर्चा हुई।

## यूक्रेन का काला सागर में रूसी लैंडिंग जहाज डुबाने का दावा

**कीव, 15 फरवरी (एजेंसियां)।** यूक्रेन के सुरक्षा बलों ने क्रीमिया के तट के पास काला सागर में रूसी लैंडिंग जहाज 'सीज़र कुनिकोव' पर हमला करके उसे डुबा देने का दावा किया है। यूक्रेनी सशस्त्र बलों के प्रमुख ने बुधवार को टेलीग्राम पर बताया कि अलुपका शहर के पास 'यूक्रेन के सशस्त्र बलों' ने मुख्य खुफिया निदेशालय की इकाइयों के साथ मिलकर' जहाज पर हमला किया था। उधर, यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय ने बताया कि जहाज पर पर 'मगुरा वी5' लड़ाकू समुद्री ड्रोन से हमला किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बायीं ओर बड़े छेद हो गए। यूक्रेनीस्का प्रावदा मीडिया आउटलेट ने अपने सूत्रों के हवाले से बताया कि हमले के बाद जहाज डूब गया। रूसी पक्ष ने हमले की पुष्टि नहीं की है। सीजर कुनिकोव को समुद्र तट पर उतरने के लिए डिजाइन किया गया था और यह 500 टन तक माल वहन कर सकता था। यह अन्य हथियारों के अलावा एके-725 ऑटोकैनन और ग्रैड-एम रॉकेट लॉन्चर से लैस था। यूक्रेन की सेना ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि उसने फरवरी 2022 से अब तक 25 रूसी जहाजों या रूस के काला सागर बेड़े के लगभग 33 प्रतिशत को क्षतिग्रस्त कर दिया है।



## इटली में डेंगू का बढ़ा प्रकोप


**रोम, 15 फरवरी (एजेंसियां)।** इटली में डेंगू के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर इसके प्रसार के रोकथाम के लिए सीमा अलर्ट का स्तर बढ़ा दिया गया है। इटली के स्वास्थ्य मंत्रालय ने वैश्विक स्तर पर डेंगू के मामलों में वृद्धि और विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। इटली यूरोप में सीमा अलर्ट का स्तर बढ़ाने वाले पहले देशों में से है। हाई इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ (आईएसएस) के अनुसार इटली में पिछले वर्ष डेंगू के 362 मामले सामने आये थे। बदलते मौसम के मिजाज के बीच इसका जोखिम बढ़ रहा है। इतालवी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि देश के मुख्य संक्रामक रोग केंद्र, रोम के स्पैलनजानी अस्पताल ने डेंगू के लिए टीकों का भंडारण शुरू कर दिया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 2023 की शुरुआत से डेंगू के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि के साथ चल रहे संचरण के परिणामस्वरूप 80 से अधिक देशों और क्षेत्रों में पांच मिलियन से अधिक मामले और 5,000 से अधिक डेंगू से संबंधित मौतें हुई हैं।

**■ अलर्ट का स्तर बढ़ाया गया**

## बेलारूस के कई नागरिकों पर प्रतिबंध लगाएगा ईयू

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के डोनबास से बेलारूस में बच्चों को स्थानांतरित करने में कथित भूमिका के लिए बेलारूस रेड क्रॉस के महासचिव दिमित्री शेवत्सोव और कई अन्य बेलारूसी नागरिकों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की योजना है। ईयूऑब्जर्वर ने रिपोर्ट में कहा है कि प्रतिबंधों के नए पैकेज में विटेबस्क क्षेत्र के नगरपालिका प्रमुख दिमित्री डेमिडोव, पैरालंपिक एथलीट और चैरिटी फाउंडेशन के प्रमुख एलेक्सी तालाई के साथ-साथ विकलांग बच्चों के लिए डॉल्फ़िन गैर-सरकारी संगठन के निदेशक ओल्गा वोल्कोवा को भी निशाना बनाया जाएगा।

## वर्ग पहेली 6468




**बायें से दायें:-**

१. पूरी तरह शुद्ध और साफ
३. पूरी तरह पका हुआ
५. आंखों के सामने
६. दूरी, अंतर
७. युधिष्ठिर
८. समुद्र रूपी संसार
१३. नाजुक
१५. राजा, सम्राट
१६. हृष्ट-पुष्ट
१७. वीरता, तेज
१९. वास्तविक
२०. शासन द्वारा लगाया जाने वाला एक कर
२२. प्रधान, मुखिया (उर्दू)
२३. सभी लोगों के लिए

**ऊपर से नीचे:-**

१. उजागर, प्रत्यक्ष (उर्दू)
२. शुद्ध, मुनाफा
३. पक्षी, तरफदारी करने वाला
४. गरूड़ (उपमा)
५. तारीफ
९. इत्यादि (उर्दू)
१०. बेचैनी
११. चुप, खामोश
१२. प्रसन्नता
१४. एकाएक होने वाला
१७. कोशिश
१९. स्वाभाविक, सरल
२०. फौज
२१. पृथ्वी

### वर्ग पहेली-6467



युसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1745-मराठा सामाज्य के चौथे थोरले माधवराव पेशवा का जन्म।
1822-भारत विद्या से संबंधित विषयों के प्रख्यात विद्वान राजेन्द्रलाल मित्रा का जन्म।
1914-लॉस एंजिलिस और सैन फ्रांसिस्को के बीच पहले विमान ने उड़ान भरी।
1918-लुथियाना ने खुद को स्वतंत्र घोषित किया।
1931-भारतीय हिंदी लेखक, आलोचक, कवि तथा गद्यकार विश्वनाथ त्रिपाठी का जन्म।
1944-भारत के प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता-निर्देशक एवं पटकथा लेखक दादा साहब फाल्के का निधन।
1959-राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो ने फुलगेनसियो बतिस्ता को अपदस्थ करने के बाद क्यूबा की सत्ता संभाली।
1969-मिर्जा गालिब की 100वीं पुण्यतिथि पर डाक टिकट जारी किया गया।
1978-भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर का जन्म।
1982-कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में पहली बार जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।
1986-मैरिओ सोरेस पुर्तगाल के प्रथम असैनिक राष्ट्रपति निर्वाचित।
1987-पनडुब्बी से पनडुब्बी पर मार करने की क्षमता वाले मिसाइल को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।
1990-सैम नुजोमा नामीबिया के पहले राष्ट्रपति निर्वाचित।
1994-इंडोनेशिया के सुमात्रा में 6.5 तीव्रता के भूकंप के भीषण झटकों से 200 लोगों की मौत।

**जानकारी** दिल्ली से वीजा आवेदन की मात्रा में हुई 10 प्रतिशत की वृद्धि

## कनाडा, चीन, अमेरिका और ब्रिटेन हैं भारतीयों के पंसदीदा स्थल

**नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)।** बीते वर्ष में भारतीयों के बीच कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड्स, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका लोकप्रिय स्थलों में शामिल है। वीजा से जुड़ी सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी वीएफएस ग्लोबल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कहा कि वर्ष 2023 में भारतीयों ने सबसे अधिक कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड्स, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के लिए वीजा आवेदन किये। उसने कहा कि 2023 में दिल्ली से वीज़ा आवेदन में 10 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गई है।

वैश्विक गंतव्यों की खोज करने के लिए यात्रियों का विश्वास पुन-स्थापन हो गया है और यात्रा प्रतिबंधों में ढील दी गई है, जिसकी वजह से यह महामारी पूर्व के स्तर के नजदीक पहुंच गया है। कंपनी के अनुसार दिल्ली से वीजा आवेदन की मात्रा में वर्ष-दर-वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि देखी गई है। पूर्व-महामारी संख्या से तुलना की जाए, तो 2019 के स्तर के 82 प्रतिशत तक दिल्ली से वीज़ा आवेदन की मात्रा पहुंच गई है। उसने कहा कि वैसे भारत में वीजा आवेदन में 16 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 2023 में हुई है। पूर्व-महामारी संख्या से तुलना की जाए, तो भारत से वीज़ा आवेदन की मात्रा 2019 के 93 प्रतिशत स्तर तक पहुंच गई है। वीएफएस ग्लोबस के दक्षिण एशिया के प्रमुख विशाल जयरथ ने कहा, भारत और पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र से हमें 2023 में अद्वितीय मांग देखने को मिली है। इसके कारण दिसंबर तक स्थिर वीज़ा आवेदन की मात्रा की वजह से एक विस्तारित व्यस्ततम (पीक) आउटबाउंड यात्रा का समय रहा है। 2024 में भी यह सकारात्मक यात्रा की गति बनी रहेगी ऐसा हमारा विश्वास हैं। इसलिए भारत से विदेश यात्रा की योजना बना रहें आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अपने वीज़ा के लिए अग्रिम ही आवेदन कर लें ताकि अंतिम समय में होने वाली भीड़ से बचा जा सकें।



## आम चुनाव से पहले मंदी की चपेट में ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन आम चुनाव से कुछ ही महीने पहले मंदी की चपेट में आ गया है। गुरुवार को जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मंदी के कारण प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की आर्थिक संवृद्धि पैदा करने की प्रतिज्ञा पटरी से उतर गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) ने कहा कि जुलाई से सितंबर की अवधि में 0.1 प्रतिशत गिरावट के बाद 2023 के अंतिम तीन महीनों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई। मंदी को आमतौर पर लगातार दो तिमाहियों में गिरावट के रूप में परिभाषित किया जाता है।

## दुनिया को जानें

## सिडनी में खसरे के संक्रमण को लेकर चेतावनी जारी

**सिडनी, 15 फरवरी (एजेंसियां)।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) प्रांत में स्वास्थ्य प्राधिकरण ने देश में खसरे का एक मामले का पता चलने के कुछ ही दिनों बाद सार्वजनिक चेतावनी जारी की है। एनएसडब्ल्यू स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को स्थानीय समुदायों से खसरे के संकेतों और लक्षणों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया। मंत्रालय ने बताया कि सिडनी में खसरे के संक्रमण का एक नया मामला सामने आया है। इससे संक्रमित व्यक्ति कई जगहों की यात्रा करते हुए सात फरवरी को यहां पहुंचा था। दक्षिण पूर्वी सिडनी स्थानीय स्वास्थ्य जिले में सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक विक्की शेफर्ड ने कहा, खसरे के लक्षणों में बुखार, नाक बहना, आंखों में दर्द और खांसी शामिल है, जिसके बाद आमतौर पर तीन या चार दिन बाद लाल, धब्बेदार दाने निकलते हैं जो सिर से शरीर के बाकी हिस्सों तक फैल जाते हैं। श्री शेफर्ड ने कहा कि संक्रमण के सात से 18 दिनों के बीच लक्षण प्रकट हो सकते हैं, इसलिए लोगों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे संपर्क में आने पर सतर्क रहें।

# प्रादेशिकी

### जिला रेडक्रास सोसाईटी सदस्यों ने जरूरतमंदों को किए कम्बल वितरित

**देहरादून।** जिला रेडक्रास सोसाईटी के सदस्यों ने सोसाईटी के सहयोग से बसंत पंचमी के अवसर पर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किये। इस दौरान सदस्यों ने स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर भी उन्हें जागरूक किया। बुधवार को पावन दिवस बसंत पंचमी के मौके पर जिला रेडक्रास सोसाईटी के अध्यक्ष डा.एम.एस. अंसारी, जनरल सेक्रेटरी कल्पना बिष्ट, कार्यकारिणी सदस्य डा. मनोज गोयल व आजीवन सदस्य अनिल पैन्यूली ने सोसाईटी के सहयोग से देहरादून के प्रीतम रोड़ क्षेत्र में रह रहे जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित करने के साथ उन्हें स्वस्थ रहने, पौष्टिक भोजन करने के अलावा स्वच्छ व साफ सफाई को लेकर भी जागरूक किया। सोसाईटी सदस्य इस तरह के सामाजिक कार्य पिछले कई वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं।

## एक साल में ही कांग्रेस सरकार से जनता हुई निराश : जयराम

**शिमला,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल से समाज का हर वर्ग निराश है। उन्होंने कहा कि सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरी तरह से विफल रहा है और सरकार ने पांच सालों के लिए ही नहीं, बल्कि वर्षों के लिए प्रदेश की जनता का भरोसा खो दिया है। जयराम ठाकुर वीरवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार द्वारा लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर आरंभ हुई चर्चा में हिस्सा ले रहे थे।

जयराम ठाकुर ने सरकार से पूछा कि उसकी विधानसभा चुनावों में दी गई गारंटियों का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ये गारंटियां ही उसके सत्ता से बाहर जाने का रास्ता है और कांग्रेस जल्द ही सत्ता से बाहर जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को इस बात को स्वीकार करना चाहिए कि गारंटियां देकर कांग्रेस से गलती हुई है। उन्होंने सुक्खू को चुनौती देते हुए कहा कि मर्द लोग गलतियों को स्वीकार करते हैं और ठाकुर तो खुलकर स्वीकार करते हैं। इसलिए मुख्यमंत्री को भी समय रहते गलतियां मान लेनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें आनंद ही बंद करने में आता है। उन्होंने आशंका जताई कि संस्थानों की तरह एक दिन कहीं सुक्खू सरकार ही न बंद हो जाए। उन्होंने कहा कि गारंटियों के लिए सुक्खू दोषी नहीं है, बल्कि ये गारंटियां सुक्खू के गले पड़ गई हैं। उन्होंने



कहा कि सुक्खू सरकार साल में एक लाख नौकरियां देने की गारंटी पर सत्ता में आई, लेकिन पहली साल में ही सरकार ने 10 हजार से अधिक लोगों को निकाल दिया। यही हाल महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह सम्मान राशि देने की गारंटी का भी हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार अब कर्मचारियों के साथ ओपीएस के नाम पर भी धोखा कर रही है और पहले पेंशन को 50 फीसदी से घटाकर 30 फीसदी करने और अब उससे भी कम 20 फीसदी करने की योजना है। जयराम ठाकुर ने अपनी सरकार के कार्यकाल में कर्मचारियों को दिए गए लाभों का भी जिक्र किया। उन्होंने यह भी कहा कि जिस दिन से कांग्रेस सत्ता में आई है, उस दिन से करों का बोझ बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार 14 माह में 14 हजार करोड़ रुपए का ऋण ले चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व भाजपा सरकार ने कर्ज लेकर गलती की है तो सुक्खू सरकार को कर्ज लेना तुरंत बंद कर देना चाहिए।

जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र ने प्रदेश में आई आपदा से निपटने के लिए लगभग 1800 करोड़ रुपए दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार आपदा राहत के नाम पर बंदरबांट कर रही है और बहुत बड़ा घोटाला है। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्य के पर्यटक वाहनों पर लगाए गए टैक्स से प्रदेश का पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

भाजपा विधायक हंस राज ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार हिमाचल के इतिहास की अब तक की सबसे निकम्मी सरकार है। उन्होंने सरकार को नसीहत दी कि वह शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसे क्षेत्रों से खिलवाड़ न करे। हंस राज ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार के सत्ता में आने के बाद उनके क्षेत्र में चली हुई बसें बंद कर दी गई। भाजपा विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि सुक्खू सरकार ने 1500 रुपए की सम्मान राशि न देकर प्रदेश की 24 लाख महिलाओं के साथ धोखा किया है। इससे पूर्व, धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आरंभ करते हुए कांग्रेस सदस्य संजय रतन ने प्रदेश में आपदा पीड़ितों के लिए 4500 करोड़ रुपए राहत पैकेज घोषित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। विधायक रवि ठाकुर ने लाहौल-स्पीति में सरकार द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, किशोरी लाल, नंद लाल, विनोद कुमार, राम कुमार, बलबीर वर्मा और अन्यों ने भी चर्चा में हिस्सा लिया।

### 4500 लोगों को मिल रहा है ओपीएस



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चर्चा में दखल देते हुए कहा कि सरकार ने ओपीएस में कोई कटौती नहीं की है और विपक्ष इस संबंध में भ्रांतियां फैलाकर कर्मचारियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों ने प्रदेश के विकास की गाथा लिखी है। इनके योगदान को देखते हुए ही कांग्रेस ने ओपीएस को बहाल करने का वादा पूरा किया और आज राज्य के 4500 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मौजूदा सरकार द्वारा बहाल की गई ओपीएस का लाभ मिल रहा है।

## हिमाचल का 10 हजार करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट विधानसभा में पारित

**शिमला,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वीरवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10307.59 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया, जिसे सदन ने पारित कर दिया। चालू वित्त वर्ष के लिए अनुपूरक अनुदान मांगों की यह पहली और अंतिम किस्त है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत अनुपूरक बजट में से 7267.41 करोड़ रुपए राज्य स्कीमों के लिए और 3040.18 करोड़ रुपए केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों के लिए रखे गए हैं। राज्य स्कीमों के अन्तर्गत मुख्यत: 3367 करोड़ 76 लाख रुपए वेज एंड मींस और ओवरड्राफ्ट के लिए, 696 करोड़ 44 लाख रुपए जलापूर्ति एवं मल निकासी योजनाओं के लिए, 598 करोड़ 71 लाख रुपए पेंशन और अन्य सेवानिवृति लाभ के लिए, 442 करोड़ 09 लाख रुपए हिमाचल पथ परिवहन निगम को सहायता, 372 करोड़ 66 लाख विद्युत उपदान और एचपीपीसीएल को ऋण, 279 करोड़ 32 लाख रुपए अस्पतालों के निर्माण, हिमकेयर योजना और मुख्यमन्त्री चिकित्सा सहायता कोष, 215 करोड 02 लाख सड़कों और पुलों के लिए, 110 करोड़ 76 लाख रुपए बहुद्देशीय भवनों, मिनी सचिवालयों, द्वारका, नई दिल्ली में राज्य अतिथि गृह के निर्माण और कार्यालय भवनों के रख-रखाव के लिए, 110 करोड़ 67 लाख रुपए रेल



परियोजनाओं के लिए, 102 करोड़ 47 लाख 15वें वित्तायोग और अम्रुत के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकायों को सहायता अनुदान, ढली सुरंग और खलीनी फ्लाईओवर के निर्माण के लिए, 96 करोड़ 25 लाख ब्याज अदायगियों को, 87 करोड़ 26 लाख पोलीटैक्निक कॉलेजों, आईटीआई, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं और महाविद्यालयों के भवनों के निर्माण और वेतन अदायगी को, 80 करोड़ 85 लाख रुपए आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और सलापड़ में एनडीआरएफ भवन के पुनर्निर्माण को, 71 करोड़ 18 लाख एचपी-शिवा प्रोजेक्ट और कीटनाशकों की खरीद को, 63 करोड़ 87 लाख रुपए मुख्यमन्त्री सुख आश्रय कोष के लिए, महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन और मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान, 61 करोड़ 79

**सार संक्षेप**

### संदिग्ध हालत में मिला शिक्षक का शव,हत्या की आशंका

**नई टिहरी।** गुरूवार की सुबह जाखणीधार ब्लाक के लामरीधार में संदिग्ध हालत में एक शिक्षक का शव मिला है। रात को हुई घटना का सुबह पता चलने के बाद मौके पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय बौराड़ी भेजा है। शिक्षक की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हिंडोलाखाल पुलिस थानाध्यक्ष धनराज बिष्ट ने बताया कि प्रेमलाल (54) पुत्र सोबन लाल निवासी ग्राम चैंड जसपुर तहसील जाखणीधार जिला टिहरी गढ़वाल रात नौ बजे करीब अपनी बाइक से लामरीधार बजार से अपने घर जसपुर के लिए गया था, लेकिन वह रात को घर नहीं पहुंचा तो सुबह परिजनों ने गांव में फोन कर उसका पता लगाने को कहा। उसके बाद ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की तो लामरीधार से कुछ दूर आगे ही पालकोट-चैंड जसपुर रोड किनारे उसकी बाइक खड़ी मिली। ग्रामीणों ने आस-पास देखा तो वह करीब 20 फीट नीचे झाड़ियों में पड़ा मिला। ग्रामीण उसको निकालने के लिए नीचे पहुंचे तो वह मृत अवस्था में पाया गया।

### दुष्कर्म आरोपी 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

**देहरादून।** एक साल से फरार चल रहे 25 हजार के ईनामी दुष्कर्म का आरोपी बदमाश को एसटीएफ ने सहारनपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एक महिला के साथ मारपीट व बलात्कार के प्रकरण में थाना गदरपुर जनपद ऊधमसिंहनगर में दर्ज मुकदमें में कुख्यात अपराधी गुरमेज सिंह पुत्र खजान सिंह निवासी कथूलिया नानकमत्ता जनपद ऊधमसिंहनगर की धरपकड़ हेतु उत्तराखण्ड एसटीएफ द्वारा देर रात को सहारनपुर उ.प्र. में दबिश देकर पिछले एक वर्ष से फरार कुख्यात ईनामी गुरमेज सिंह को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि उक्त अपराधी वर्ष 2020 में एक महिला के सम्पर्क में आया और उसको अपने झूठे वादों में फंसाकर शादी का झांसा देकर उसके साथ अवैध सम्बन्ध बनाये। जब महिला ने शादी करने का दबाव बनाया तो अपराधी गुरमेज सिंह वहॉ से फरार हो गया।

### बनभूलपुरा में 8 वें दिन क फ्र्यू में दी गई दो घंटे ढील

हल्द्वानी। नैनीताल जिले के हल्द्वानी स्थित बनभूलपुरा में मलिक के बगीचे से शुरू हुई हिंसा के बाद बनभूलपुरा में लगातार क फ्र्यू 8वें दिन भी जारी है। 8 फरवरी को हुई हिंसा के 8वें दिन जिला प्रशासन ने थोड़ी राहत देते हुए क फ्र्यू में सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे की छूट दी है। जिला प्रशासन की मानें तो धीरे-धीरे छूट को बढ़ाया जाएगा। 8 फरवरी की रात से फर्फ्यू प्रभावित हल्द्वानी का बनभूलपुरा इलाका पुलिस जवान और पैरामिलिट्री फोर्स के सुरक्षा घेरे में है। उधर जिला प्रशासन की टीम क्षेत्र के हालातों की निगरानी कर रही है। जिला प्रशासन के निगरानी में लोगों को खाने-पीने का सामान, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रही हैं।

## सरकार उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का काम कर रही: धामी

चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौचर में रोड शो किया। साथ ही 'नंदा गौरा महोत्सव' के तहत 'बेटी ब्वारी आवा उत्तराखंड तै अगनि बढ़ावा' कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान सीएम धामी ने करोड़ों की कई योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। सीएम धामी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि भगवान बदरी विशाल, नीति और माणा की यह धरती विकास की नई ऊंचाइयों को छुएं।

बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीआरओ गेस्ट हाउस गौचर से मेला ग्राउंड तक रोड शो किया। जिसमें हजारों की भी उमड़ी। इस दौरान पारंपरिक परिधान में सजी महिलाओं ने सीएम धामी पर फूल बरसाए। इसके बाद सीएम धामी ने विभिन्न हस्त निर्मित उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण किया। जहां महिलाएं अपने हस्तशिल्प को प्रदर्शित करती दिखीं। जिस पर सीएम धामी ने कहा कि यह पीएम मोदी के श्वोकल फॉर लोकलश् के मंत्र को दर्शाता है, जो उन्होंने माणा गांव से दिया था।



- मुख्यमंत्री ने किया रोड शो, नंदा-गौरा महोत्सव में पहुंचे
- महिलाओं ने यूसीसी कविता को भोजपत्र पर लिखकर किया भेंट

सीएम धामी ने अपने संबोधन में कहा कि आज 97 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाएं पूरी हो गई और 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास किया गया है, जो क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। सरकार उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का काम कर रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार उत्तराखंड में विकास कर रही है। सरकार का प्रयास है कि भगवान बदरी विशाल और नीति-माणा की धरती में विकास हो। यहां की बहनें विभिन्न उत्पाद बनाए रहे हैं। जो वोकल फोर लोकल के मंत्र को आत्मसात कर रही हैं। सीएम धामी ने कहा कि हमारी मातृशक्ति सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। वो किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। दुर्गम क्षेत्र में महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से कुटीर उद्योग चला कर विकास को गति देने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 4 लाख बहनों को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है। महिलाओं को चारधाम यात्रा और अंतरराज्यीय मेले के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। महिलाओं के पास कौशल की कमी नहीं है। अब यही कौशल उनके परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बना रहा है।

### राज्य सभा के लिए भाजपा अध्यक्ष भट्ट ने किया नामांकन

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने गुंरूवार को प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम और सीएम पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया है । विधानसभा में भट्ट ने मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी, पूर्व सीएम, कैबिनेट मंत्री, विधायकों और पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रात: 11 बजे चुनाव अधिकारी के सम्मुख 4 सेटों में नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने पीएम मोदी समेत केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने जमीन से उठे कर्मठ, जुझारू और लोकप्रिय कार्यकर्ता को राज्यसभा जाने का अवसर दिया है। भट्ट की नुमाइंदगी को प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान बताते हुए उम्मीद जताई कि वे केंद्र से राज्य के समन्वय को और अधिक बेहतर करने में मददगार साबित होंगे, साथ ही उच्च सदन में क्षेत्रीय जनता की आवाज बनेंगे। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए भट्ट ने कहा कि पीएम मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, सीएम धामी समेत समूचे केंद्रीय नेतृत्व ने जो भरोसा मुझ पर किया है, उस पर में शतप्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि वे एक राज्यसभा सांसद के रूप में श्री अनिल बलूनी की स्थानीय विकास की भावना अनुरूप नीति से बेहद प्रभावित हैं और उसे ही वे आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

## सुधारीकरण के चलते एक माह बंद रहेगा गौरीकुंड : केदारनाथ हाईवे

रुद्रप्रयाग, 15 फरवरी (देशबन्धु)। केदारघाटी जाने वाले यात्रियों के लिए एक जरूरी खबर है। यहां गौरीकुंड-केदारनाथ हाईवे एक महीने के लिए बंद रहेगा। हाईवे पर वाहनों की आवाजाही थमी रहेगी, वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। हाईवे के बंद रहने की वजह भी बताते हैं। दरअसल गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग कुंड-सेमी-भैंसारी से कालीमठ मार्ग तिराहा तक सुधारीकरण कार्य किया जाना है। जिसके चलते यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। इस दौरान रुद्रप्रयाग से केदारघाटी जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग कुंड-चुन्नी बैंड-विद्यापीठ-कालीमठ से संचालित किया जाएगा। उप जिलाधिकारी ने आदेश जारी कर एनएच को तत्काल प्रभाव से यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने हाईवे सुधारीकरण कार्य को बिना किसी परेशानी के पूरा कराने के लिए एक माह तक पांच किमी क्षेत्र में यातायात को पूर्णरूप से प्रतिबंधित कर दिया है।

हाईवे पर कुंड से सेमी-भैंसारी तक सुधारीकरण के साथ ही कुंड-काकड़ागाड़ बाईपास निर्माण के चलते 13 फरवरी से 12 मार्च तक रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय रजमार्ग कुंड पुल से कालीमठ गेट तक यातायात के लिए प्रतिबंधित किया गया है। बता दें कि जून 2013 की आपदा के बाद से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे कुंड से सेमी-भैंसारी तक भू-धंसाव जोन में है। बीते एक दशक में यहां पर सुरक्षा कार्य के नाम पर अरबों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। लेकिन, हालात जस के तस हैं। पिछले साल से प्रभावित क्षेत्र का तकनीक से ट्रीटमेंट किया जा रहा है। भू-धंसाव जोन में पांच किमी सड़क को सीसी किया जाना है। साथ ही निकास नाली बनाई जा रही है। यह पूरा क्षेत्र काफी संकरा है, जिस कारण सुधारीकरण कार्य के चलते आए दिन जाम लग रहा है। ऐसे में अब यहां वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। वैकल्पिक मार्ग के तौर पर कालीमठ-विद्यापीठ-चुन्नी-कुण्ड मोटर मार्ग का प्रयोग किया जाएगा।

## व्यापारियों के धरने को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और विधायक उमेश ने दिया समर्थन



**रूड़की,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। गुरूवार को भी पिरान कलियर में व्यापारियों का धरना रहा। पूर्व सीएम हरीश रावत और विधायक उमेश कुमार ने व्यापारियों को अपना समर्थन दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि जिन दुकानों से गरीब दुकानदारों के परिवार की रोजी रोटी चल रही है, उन दुकानदारों को परेशान नहीं करना चाहिए। इस मामले में उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और जिलाधिकारी धीराज गर्ब्याल से भी फोन पर वार्ता की। साथ ही सीएम धामी से दुकानदारों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। वहीं, सीएम धामी ने हरीश रावत को कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद हरदा ने दरगाह साबिर पाक में चादर फूल पेश कर अमनो अमान की दुआ की। दुकानदारों के समर्थन में दूसरे दिन क्षेत्रीय विधायक फुरकान अहमद और खानपुर विधायक उमेश कुमार भी पहुंचे। उन्होंने धरना दे रहे दुकानदारों का समर्थन करते हुए वक्फ बोर्ड सीईओ सैयद सिराज उस्मान से नियाज लंगर बनाने वाली दुकानों के टेंडर रद्द करने और दरगाह प्रबंधक रजिया को हटाने की मांग की। उन्होंने दरगाह कार्यालय में हस्तक्षेप करने पर उनके पति के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। खानपुर विधायक उमेश कुमार ने कहा कि नियाज बनने के टेंडर के नाम पर गरीब दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है। इसके अलावा दुकानदारों को भी धमकाया जा रहा है, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने वक्फ बोर्ड सीईओ को दरगाह प्रबंधक से हटाने ओर टेंडर को निरस्त करने की मांग की है। साथ ही कहा कि साबरी जामा मस्जिद में स्थानीय इमाम की तैनाती की जाए।

## सिंघवी ने हिमाचल राज्यसभा उम्मीदवार के तौर पर किया नामांकन

**शिमला,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने वीरवार को हिमाचल से कांग्रेस के राज्य सभा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया। सिंघवी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू , पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह व प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सिंघवी ने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी व पार्टी हाई कमान मल्लिकार्जुन खरगे का उन्हें राज्य सभा उम्मीदवार बनाने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि हिमाचल से उनका गहरा रिश्ता है। हिमाचल बेशक छोटा प्रदेश है, मगर .यहां के निवासयों का दिल बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा सांसद चुने जाने के बाद वह भी हिमाचल के विकास में योगदान करेंगे।



चुनावी बॉंड रद्द करने के सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को लेकर पूछे जाने पर सिंघवी ने कहा कि भाजपा को इससे फायदा हो रहा था। उन्होंने कहा कि बेशक अदालत का यह फैसला देरी से आया है, मगर सही दिशा में है।

भाजपा के हर्ष महाजन को राज्य सभा उम्मीदवार बनाए जाने पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यह केवल प्रतीकात्मक चुनावी जंग है। बीते सालों में भी विधान सभा में बहुमत न होने के बावजूद कांग्रेस भी राज्य सभा के लिए उम्मीदवार उतारती रही है। विधायकों की नाराजगी को लेकर विपक्ष के आरोपों को लेकर पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सभा चुनाव का नतीजा इन आरोपों का उत्तर होगा। 68 सदस्यों वाली हिमाचल विधान सभा में कांग्रेस के 40 सदस्य हैं। भाजपा के 25 तथा 3 विधायक निर्दलीय हैं। संख्या बल के हिसाब से कांग्रेस का पलड़ा भारी है। मगर चुनावी ऊंट किस करवट बैठता है यह समय के अंतराल में छिपा है।

### भाजपा ने हर्ष महाजन को उतारा

**शिमला।** भाजपा कोर ग्रुप के सदस्य हर्ष महाजन ने वीरवार को हिमाचल से पार्टी के राज्य सभा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया। 2022 के विधान सभा चुनाव से पहले हर्ष महाजन कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा में शामिल होने से पहले हर्ष महाजन प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष थे। उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व सांसद सुरेश कश्यप की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सनद रहे कि हर्ष महाजन छह मर्तबा प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्व. वीरभद्र सिंह के खास सिपह सालारों में शुमार रहे हैं।

## पिथौरागढ़ में पुलिस ने रूकवाया बाल विवाह

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड का सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की धारचूला पुलिस ने एक नाबालिग बालिका की शादी रुकवाई है। पूरे मामले में पुलिस ने परिवार वालों की काउंसलिंग के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया है। पुलिस ने बालिका के परिजनों से लिखित में पत्र भी लिया है। एसपी पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह ने बताया कि पिथौरागढ़ पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम को सूचना मिली कि कोतवाली धारचूला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कालिका मल्ला गांव निवासी एक व्यक्ति अपनी नाबालिग बेटी की शादी करा रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो बालिका नाबालिग पाई गई। पुलिस ने मामले की सूचना बाल विकास टीम धारचूला को दी। ग्राम प्रधान कालिका मल्ला राधिका देवी ने बताया कि दोनों परिवारों को बाल विवाह कानून की जानकारी नहीं थी। जिसके बाद पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ दिया है। वहीं, बालिका के परिवार वालों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि वे अब अपनी लड़की की शादी बालिग होने पर ही करेंगे। टीम ने भी लोगों को बाल विवाह कानून की जानकारी दी गई और सभी को बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति न कराने के संबंध में जागरूक किया गया। एसपी पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह ने बताया कि पिछले 1 साल में पिथौरागढ़ पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम ने तत्परता से कार्य करते हुए पिथौरागढ़ क्षेत्र से इस वर्ष 6 बाल विभाग के मामले रूकवाए गए हैं।

## 10 हजार की रिश्वत लेते दो शिक्षक गिरफ्तार

काशीपुर, 15 फरवरी (देशबन्धु)। सीआरसी काशीपुर ब्लॉंक में नियुक्त प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक को 10 हजार रूपये रिश्वत लेते हुए विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। प्राइवेट स्कूलो में चेकिंग के दौरान उनके स्कूल में मेंटेन की जाने वाले रजिस्टरों में पकड़ी गई कमियों को उच्च स्तर पर ना भेजने के एवज में शिक्षकों ने 10 हजार रूपये की रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री नम्बर 1064 पर शिकायत अंकित कराई कि सीआरसी काशीपुर ब्लॉंक जो राजकीय प्राईमरी पाठशाला बासखेड़ा काशीपुर में स्थित है में नियुक्त प्रधानाध्यापक दिनेश शर्मा एवं सहायक अध्यापक अंकुर प्रताप काशीपुर ब्लॉंक के अंतर्गत आने वाले प्राइवेट स्कूलो में चेकिंग के दौरान उनके स्कूल में मेंटेन की जाने वाले रजिस्टरों में पकड़ी गई कमियों को उच्च स्तर पर ना भेजने के एवज में दस हजार रूपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ता भ्रष्ट कर्मचारी के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई चाहता है।

शिकायत सतर्कता अधिष्ठान सैक्टर नैनीताल, हल्द्वानी ने जॉंच से प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर तत्काल ट्रैप टीम का गठन किया गया। टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रधानाध्यापक दिनेश शर्मा को शिकायतकर्ता से दस हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ एवं सहायक अध्यापक अंकुर प्रताप को रिश्वत की मांग करने के साक्ष्य होंने के आधार पर सीआरसी कार्यालय जो राजकीय प्राईमरी पाठशाला बासखेड़ा काशीपुर में से गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गित प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा । निदेशक सतर्कता डॉ. वी. मुरूगेसन ने ट्रैप टीम को नगद पुरूष्कार से पुरूस्कृत करने की घोषणा की।



- प्राइवेट स्कूल के रजिस्टरों की कमियां छिपाने को ले रहे थे रिश्वत

## कैलाश भगत कुरूक्षेत्र लोकसभा में भाजपा उम्मीदवारी के प्रबल दावेदार के रूप में उभरे



नई दिल्ली। एक अनुभवी राजनीतिक नेता और सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में एक प्रमुख व्यक्ति कैलाश भगत आगामी लोकसभा चुनाव प्रतिष्ठित कुरुक्षेत्र निर्वाचन क्षेत्र से लड़ सकते हैं, अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें एनडीए उम्मीदवार के रूप में पेश करती है। सार्वजनिक सेवा से जुड़े परिवार में जन्मे कैलाश भगत को समाज के कल्याण के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता की विरासत विरासत में मिली है। उनके पिता, श्री अमरनाथ भगत जी, राजनीतिक क्षेत्र में एक दिग्गज थे, उन्होंने इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और विधान सभा चुनाव लड़ा, और राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। दशकों के समृद्ध राजनीतिक और सामाजिक अनुभव के साथ, कैलाश भगत क्षेत्र के सामाजिक-राजनीतिक ढांचे को आकार देने में सक्रिय भागीदार रहे हैं। विधानसभा चुनाव लड़ने से लेकर इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) जैसी प्रमुख पार्टियों में प्रमुख पदों पर रहने तक, उन्होंने अपने घटकों के उत्थान के लिए अथक प्रयास किया है।राजनीति से परे, सामाजिक सरोकारों के प्रति कैलाश भगत की प्रतिबद्धता अनुकरणीय है। गौ रक्षा और शिक्षा, विशेषकर लड़कियों के लिए उनका जुनून, गौशालाओं, स्कूलों और कॉलेजों के निर्माण में उनकी पहल से स्पष्ट होता है। कैलाश धाम और जय राम आदर्श गौशाला जैसे मंदिरों और धर्मशालाओं की स्थापना, धार्मिक और आध्यात्मिक कल्याण के प्रति उनकी भक्ति के प्रमाण के रूप में खड़ी है।

### सुडोकू 6466 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 |

# प्रादेशिकी

**ब्रिटिश हाई कमीशन एवम चितकारा विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किए गए: प्रो दिनेश कुमार**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विषय के प्रो दिनेश कुमार, जोकि चितकारा विश्वविद्यालय, पंजाब के एडजंकड प्रोफेसर भी है, चितकारा विश्वविद्यालय पंजाब में आयोजित ग्लोबल इंटिरेक्शन समिट में कैरोलीन रोवेट ( ब्रिटिश उप उच्चायुक्त ) और बेन पगस्ले (प्रथम सचिव, न्याय और गृह मामले), ब्रिटिश उच्चायोग, नई दिल्ली एवं चितकारा विश्वविद्यालय, पंजाब ने भारत-यूके के बीच 'यंग प्रोफेशनल स्कीम' के प्री-लॉन्च कार्यक्रम -2024 के अवसर पर विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया स यंग प्रोफेशनल स्कीम ब्रिटेन और भारतीय सरकार की एक पहल है जो दोनों पक्षों के 18-30 आयु वर्ग के 3000 डिग्री धारक नागरिकों को अपने संबंधित देशों में दो साल की अवधि के लिए रहने और काम करने की अनुमति देगी।

## संदेशों की राजनीति में भी अखिलेश यादव को झटके पर झटके

# पहले रालोद, फिर स्वामी प्रसाद मौर्य और अब सपा के टिकट से जीतीं अपना दल की नेता पल्लवी पटेल भी बोलीं अनाप-शनाप

■ रतिभान त्रिपाठी

**लखनऊ,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। राजनीति में संदेश बहुत अहम होते हैं। राजनीति की दिशा तय करने में इनकी भूमिका होती है। यही संदेश समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को झटके पर झटके दे रहे हैं। पहले



**■ सपा के राज्यसभा उम्मीदवार को वोट भी न देने की धमकी दी**

राष्ट्रीय लोकदल ने उनसे पिंड छुड़ाकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उनकी ताकत को कमजोर किया, फिर स्वामी प्रसाद मौर्य ने आरोप लगाकर पद से इस्तीफा दे दिया, और अब पल्लवी पटेल के बयान से ऐसा राजनीतिक करंट लगा है कि चुनाव के ऐन मौके पर अखिलेश यादव को संभलने का मौका ही नहीं मिल पा रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती के साथ समझौते से समाजवादी पार्टी को बहुत नुकसान पहुंचा था बावजूद इसके गंभीरता दिखाते हुए अखिलेश यादव चुप रहे लेकिन जिनके वोटों के सहारे दस सीटें जीतने वाली मायावती ने ही उनको झटका देते हुए गठबंधन तोड़ दिया। इसके बाद विधानसभा चुनाव में उन्होंने रालोद को साथ लिया। तब सपा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 111 सीटें हासिल की। अब जब आईएनडीआईए बना तो सपा को कुछ मजबूती मिलने की उम्मीद जगी लेकिन हफ्ते भर पहले रालोद ने उनसे किनारा कर लिया, जबकि अखिलेश यादव रालोद मुखिया जयंत चौधरी से अपने अच्छे रिश्ते बताने में चूके नहीं थे। इस बीच रालोद के लगाए करंट से वह कुछ संभल पाते कि 'उन्हीं की बिल्ली उन्हीं से म्याऊं' वाली तर्ज पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। जो स्वामी प्रसाद मौर्य अखिलेश यादव के आगे पीछे हाथ जोड़े घूमते दिखा करते थे, वही उन्हें उपदेश देने लगे और पीडीए का पाठ पढ़ाने लगे। कहा जाता है कि नवल किशोर शाक्य उनके दामाद रहे हैं लेकिन उनकी बेटी अब नवल से अलग हो चुकी हैं। नवल किशोर शाक्य स्वामी प्रसाद मौर्य से पहले से सपा में हैं और पार्टी ने उनको फर्रूखाबाद से चुनाव लड़ाने को कहा है। स्वामी प्रसाद को यह बात अपमानजनक लगी इसलिए भी उन्होंने अखिलेश यादव के खिलाफ बगावत सा माहौल खड़ा कर दिया है। बात इसी झटके तक सीमित नहीं रही। जिन पल्लवी पटेल को सपा मुखिया ने सड़क से लाकर विधानसभा पहुंचाया, वह भी उनके खिलाफ अनाप-शनाप बोलने से नहीं चूकीं। अपना दल (कमेरावादी) की इस नेता ने पार्टी के सपा के राज्यसभा प्रत्याशी को वोट न देने तक का एलान कर दिया है जबकि वह सपा के टिकट पर ही विधायक बनी हैं। उनका कहना है कि समाजवादी पार्टी पीडीए के हक के साथ न्याय नहीं कर रही है। इसलिए वह सपा को प्रत्याशियों को वोट नहीं देंगी। उनका यह भी कहना है कि स्वामी प्रसाद मौर्य एक कद्दावर नेता हैं और उन पर सपा के अंदर से लगातार हमले बोले जा रहे हैं। यह ठीक नहीं है। पल्लवी पटेल के बारे में जानकारी यह भी मिल रही है कि वह भाजपा में शामिल होने की फिराक में हैं और प्रयागराज के फूलपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ने का मंसूबा पाले हुए हैं। कहते हैं कि भाजपा के ही कुछ लोगों के इशारे पर वह अखिलेश यादव के विरुद्ध बोल रही हैं। इन बातों में कितना दम है, यह वक्त आने पर पता चलेगा लेकिन फिलहाल इन दोनों नेताओं ने सपा में उथल-पुथल मचा रखी है।

### आठवें उम्मीदवार से यूपी का राज्यसभा चुनाव दिलचस्प

सपा में मचे बवाल के बीच भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए आठवां उम्मीदवार भी मैदान में उतार दिया है। इससे उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव दिलचस्प हो गया है। लखनऊ के टॉप बिल्डरों में शुमार संजय सेठ ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए पर्चा भर दिया है। इससे साफ है कि अब निर्वाचन निर्विरोध नहीं होगा। यह भी स्पष्ट है कि नंबर गेम के लिए क्रॉस वोटिंग होना तय है। हार्स ट्रेडिंग के खतरे से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है, इसलिए कि तमाम गुणा-गणित के बावजूद आठवें उम्मीदवार को जिताने के लिए 17 वोट और चाहिए होंगे, जिनका जुगाड़ करना ही होगा। वैसे उत्तर प्रदेश में ऐसे चुनावों के लिए हार्स ट्रेडिंग का इतिहास काफी पुराना है।

# डिजिटल शक्ति योजनाः रूद्रा के छात्रों को मोबाइल फोन वितरित



**■ यूपी को डिजिटल रूप से सक्रिय राज्य बनाना सरकार का उद्देश्यः उर्मिला**
**■ स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे**
**■ बीएड अंतिम वर्ष के छात्र हुए लाभांवित**

**मवाना,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रतिष्ठित संस्थान आरआई टी मवाना एवं गौरीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन ने डिजिटल शक्ति योजना के तहत बीएड अंतिम वर्ष के छात्रों को मोबाइल फोन का वितरण किया गया। आरआईटी मवाना की प्रिंसिपल डॉ. उर्मिला मोरल के नेतृत्व में और नोडल अधिकारी राहुल पोसवाल की सहायता से यह प्रयास निर्बाध रूप से पूरा किया गया।

मवाना के ब्लॉक प्रमुख पति डा.योगेश प्रधान की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम ने तकनीकी उन्नति और शिक्षा के उभरते परिदृश्य के प्रति इन संस्थानों की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। डिजिटल इंडिया पहल से प्रेरित होकर, सरकार ने सेवा वितरण, व्यवसाय करने में सुविधा और जीवनयापन में सुविधा को बढ़ावा देने के लिए उत्तरोत्तर ऑनलाइन प्लेटफार्मों को अपनाया है। संस्थान की प्राचार्या डॉ.उर्मिला मोरल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को डिजिटल रूप से सक्रिय राज्य बनाने और राज्य के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए, यूपी सरकार ने राज्य के विभिन्न वर्गों के छात्रों को टैबलेट/स्मार्टफोन वितरित करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत उच्चध्उच्च शिक्षण संस्थानों के विभिन्न शिक्षण/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल और नर्सिंग छात्र आदि को इस योजना का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार छात्रों को उनके संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्थान के माध्यम से टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरित करेगी। इस अवसर पर आर आई टी मवाना के डायरेक्टर डॉ मनोज शर्मा, कॉलेज डीन रुचिका गुप्ता, शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष पुनीत कुमार, मोनिका रस्तोगी, सतेंद्र भाटी, मैनेजमेंट डीन संजीत चौधरी, प्रवेश प्रभारी सुमित काकरान एवं रुद्रा ग्रुप के सभी वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे। रुद्रा ग्रुप अपने सभी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करता है और यह वचन देता है कि छात्रों के कल्याण के लिए राज्य या केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रत्येक योजना को यथासंभव छात्रों तक पहुंचाता रहेगा।

## सार संक्षेप

### डिस्ट्रिक हैण्डलूम एक्सपो का आयोजन

**मेरठ।** विकास आयुक्त हथकरघा, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0 कानपुर द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक हैण्डलूम एक्सपो, मेरठ स्थान-राजकीय रेशम फार्म, खिर्वा रोड, कंकरखेडा, मेरठ के प्रांगण में दिनांक 14.02.2024 से दिनांक 20.02.2024 तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें बागपत की दरी, बरेली की दरी, मेरठ के डोरमेट्स, बनारस की साडियां एवं सूट, मुरादाबाद की चादरो आदि हथकरघा वस्त्रो का प्रदर्शन एवं बिक्री किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ वरूण खरे, मुख्य कोषाधिकारी, मेरठ द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रदर्शनी में रेशम विभाग की ओर से अपनी स्टाल का भी प्रदर्शन किया गया। सहायक आयुक्त मनोज कान्त गर्ग ने बताया कि प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के सहयोग से इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन प्रदेश के विभिन्न जनपदो में इस उद्देश्य से किया जाता है कि बुनकरों को बिक्री हेतु प्लेटफार्म उपलब्ध हो सके एवं जनता को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के उत्पाद सस्ती दरो पर उपलब्ध हो सके।

### संजीव पारिया, चीनू एडवोकेट व अनुपम दुबे पर गैंगस्टर लगा

**फर्रुखाबाद।** बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव प्रिया की मुश्किलें और बढ़ गई है कोतवाली फतेहगढ़ के प्रभारी निरीक्षक ने श्री पारिया के साथ ही शिव प्रताप सिंह उर्फ चीनू एडवोकेट व अनुपम दुबे एडवोकेट के विरोध गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मुझे दौराने ड्यूटी जनता द्वारा अवगत कराया गया कि थाना क्षेत्र के संजीव पारिया पुत्र जदुनाथ सिंह पारिया निवासी ओल्डग्रान्ट बंगला नम्बर 10 कैण्ट,अनुपम दुबे पुत्र महेश चन्द दुबे निवासी मोहल्ला कसरट्टा शिवप्रताप सिंह उर्फ चीनू पुत्र बृजमोहन सिंह निवासी सोता बहादुरपुर पांचाल घाट ने मिलकर अपना एक आपराधिक गैंग बना रखा है। जिन पर जनपद के विभिन्न थानों पर कई अभियोग पंजीकृत है।

### हादसों में युवक व महिला की मौत

**फर्रुखाबाद।** हादसों में महिला पिंकी व बबलू शाक्य की मौत हो जाने से कोहराम मच गया। कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी अवधेश कुमार कौशल अपनी 38 वर्षीय पत्नी पिंकी को अलीगंज ससुराल से बाइक द्वारा घर जा रहे थे। जब वह कायमगंज रेलवे स्टेशन के निकट से गुजर रहे थे उसी समय चार पहिया वाहन चालक बाइक में टक्कर मार कर भाग गया। अवधेश ने गंभीर घायल पत्नी को कायमगंज सीएचसी पहुंचाया। डॉ शोभित शाक्य ने पिंकी को मृत घोषित कर दिया।

# कई स्थानों पर कूड़े के ढ़ेर मिले, सफाई नायक को नोटिस

**कूड़ा नहीं उठने पर चेयरमैन ने नाराजगी जताई**

**मवाना,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने गुरुवार सुबह करीब नौ बजे नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थित पालिका के नलकूपों और मोहल्लों का निरीक्षण किया। मोहल्ला मुन्नालाल में गंदगी के ढ़ेर मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और सफाई नायक सुजीत कुमार को नोटिस जारी करने के आदेश दिये। साथ ही पालिका के अधिशासी अधिकारी व वरिष्ठ लिपिक को नगर की सफाई व्यवस्था बेहतर करने के आदेश दिये। चेयरमैन अखिल कौशिक ने मोहल्ला कल्याण सिंह पर जाकर औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें पालिका अध्यक्ष ने नलकूपों पर कार्यरत कर्मचारियों से नलकूपों को चलाने के समय व नलकूपों पर मशीनों व पम्प आदि के सही संचालन की जानकारी की गयी। मोहल्ला कल्याण सिंह में ढिकौली रोड व भैसा रोड पर चल रहे नलकूपों पर तैनात कर्मचारियों को निधारित समय पर नलकूप चलाने को कहा। इसके बाद चेयरमैन भैसा रोड पर कूड़ा निस्तारण प्लांट पर कार्य देखा। बताया कि प्लांट के चलने से कूड़े का ढ़ेर कम हुआ है। इसके अतिरिक्त पालिका अध्यक्ष मोहल्ला मुन्नालाल डाकखाने वाली गली में पहुंचे, वहां पर कई स्थानों पर कूड़े के ढेर देखे तो मौके पर सफाईनायक सुजीत कुमार को बुलवाया और कूड़े के ढ़ेर उठाने के आदेश दिये। मोहल्ले के नागरिकों ने बताया कि सफाई कर्मी कई-कई दिनों में आते है, उनके मोहल्ले में कूड़े के ढेर से बदबू भरा वातावरण बना रहता है। उन्होंने सफाई नायक का जवात तलब किया और अधिशासी अधिकारी को जिम्मेदार सफाई नायक सुजीत कुमार को नोटिस जारी करने के आदेश दिये।

# वेंक्टेश्वरा संस्थान में बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**■ रिसर्च एवं अनुसंधान को बढ़ावा दे रहा वेंक्टेश्वराः डॉ. सुधीर**
**■ विकसित भारत संकल्प की ओर तेजी से बढ़ रही सरकारी संस्थाऐंः प्रो. जेपी मिश्रा**

**मेरठ,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में आज बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शानदार समापन हुआ। इस दो-दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला के अलग-अलग आठ सत्रों में देश के विभिन्न सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, शिक्षाविदों एवं भारत सरकार उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं समेत एक दर्जन वक्ताओं ने इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री के विकसित भारत/2047 संकल्प के लिए इसको अहम कड़ी करार दिया।

शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, पंतनगर विश्वविद्यालय के सी.ई.ओ. प्रो. जे.पी. मिश्रा, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक पाण्डे, उद्योग मंत्रालय के यासिर अब्बास जैदी, रक्षा मंत्रालय (डी.आर.डी.ओ.) के पूर्व निर्देशक डॉ. अविनाश कुमार एवं कुलपति डॉ. ऐ.के. शुक्ला आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के सी.ई.ओ. प्रो. (डॉ.) जे.पी. मिश्रा ने कहा कि आज विकसित एवं विकासशील देशों की ग्रोथ में फर्क सिर्फ इतना है कि विकसित देश अपनी बौद्धिक सम्पदाओं को बहुत पहले से ही कॉपीराईट, पेटेंट एवं ट्रेडमार्क जैसी ''फूलप्रूफ स्क्यिोर तकनीक'' द्वारा सुरक्षित करके पूरी दुनिया पर राज करते रहे हैं। आज भारत में भी प्रत्येक विभाग में देश के वैज्ञानिक, शोधार्थी, औद्योगिक इकाईयों, शिक्षण संस्थान, सभी सरकारी संस्थाऐं अपनी योजनाओं एवं अपने उत्पादों को पेटेंट कर ''विकसित भारत संकल्प/2047'' की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला को प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. ऐ.के. शुक्ला, डी.आर.डी.ओ. के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश सिंह एवं डॉ. मोहित शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डे, प्रतिकुलपति डॉ. राकेश यादव, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. सी.पी. सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, डॉ. प्रिया यादव, एस. एस. बघेल, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर निर्देशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉ. शिल्पा रैना ने किया।

# विनायक विद्यापीठ में साइबर सिक्योरिटी पर सेमिनार



**■ अंजान लोगों के संपर्क से बचकर इंटरनेट का प्रयोग करेंः राघवेन्द्र**
**■ जानकारी के अभाव में हैकर्स के शिकार हो रहे लोगः डा. अनुप्रिता**

**मेरठ,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम के बीसीए विभाग द्वारा साइबर सिक्योरिटी पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राघवेंद्र कुमार सब इंस्पेक्टर, साइबर क्राइम ब्रांच, मेरठ रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत संस्थान के निदेशक इंजी. विकास कुमार ने बुके देकर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सेमिनार की शुरुआत की। कार्यक्रम में बीसीए विभाग के छात्र-छात्राओं ने साइबर सिक्योरिटी पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा अपने विचार रखे, जिनको मुख्य अतिथि द्वारा सराहा गया मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर्स का अवलोकन भी किया।

अंत में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल द्वारा अर्चना चौहान बीसीए प्रथम वर्ष को प्रथम, भूपेंद्र सिंह बीसीए तृतीय वर्ष को द्वितीय एवं अदिति चौधरी बीसीए प्रथम वर्ष को तृतीय स्थान दिया गया। सभी विजेताओं को पुरस्कार और कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि इंटरनेट का प्रयोग करते समय कभी भी अंजान लोगों और अंजान नंबरों के संपर्क में नहीं आना चाहिए उन्होंने नेटवर्क सुरक्षा एवं डाटा सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने इस सेमिनार के आयोजन पर बीसीए विभागाध्यक्ष विदुषी शर्मा एवं उनकी टीम के सराहना की ओर कहा कि इस प्रौद्योगिकी युग में साइबर क्राइम का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है इसकी जानकारी के अभाव में लोग हैकर्स के चंगुल में फंसकर अपनी गोपनीयता को शेयर कर देते हैं और बैंकों में जमा पूंजी से भी हाथ धो देते हैं उन्होंने कहा कि इसकी जागरूकता ही इसके बचने का एक मात्र उपाय है। वही निदेशक इंजि. विकास कुमार ने कहा कि कहा कि टैक्नोलोजी का प्रयोग जीवन में आगे बढ़ने के लिए तो करें मगर प्रयोग करते वक्त हमेशा सतर्क रहना बहुत ही जरूरी है। अत: हमेशा सावधान रहें व खुद के साथ होने वाले किसी भी अपराध से बचें। इस सेमिनार में डीन एकता सिंधु, साइंस विभाग डीन मोहम्मद आसिफसिद्दीकी, बीसीए विभाग अध्यक्ष विदुषी शर्मा, बीजेएमसी विभाग अध्यक्ष सारिका गौतम , बीबीए विभाग अध्यक्ष पारुल शर्मा, बीपीएस विभाग अध्यक्ष सचिन कुमार ,बीए विभाग अध्यक्ष सीमा चौधरी, साइंस विभाग अध्यक्ष आरजू चौधरी, बीएफए विभाग अध्यक्ष इंदु प्रजापति के अलावा सहायक प्रोफेसर रंजित सिंह, सतेंद्र चौधरी, सैफुद्दीन , सुनील, स्वाति गुलफ्शा, नेहा चौधरी, आदि मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता पोस्ट प्रतियोगिता में पूर्णिमा प्रथम

**मवाना,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में अंग्रेजी माध्यम की छात्राओं के मध्य भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में स्वीप मेरठ के अंतर्गत जिलाधिकारी दीपक मीणा तथा मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल के निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान को तीव्र गति देने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन अंग्रेजी माध्यम की छात्राओं के मध्य कराया गया, जिसमें छात्राओं ने आने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के प्रति मतदाताओं को संदेश दिए कि वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम। इस प्रतियोगिता में कक्षा 8 की छात्रा पूर्णिमा ने



प्रथम , कक्षा 6 की छात्रा पूजा ने दूसरा तथा कक्षा 9 की छात्रा अदिति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह, कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह, नोडल अधिकारी सोनिया ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सुभारती विधि संस्थान में 17 फरवरी को होगा राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन



**मेरठ,** 15 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में आगामी 17 फरवरी 2024 (शनिवार) को मानवाधिकारों व महिला अधिकारों के विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जायेगा। इस सेमिनार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया जायेगा। सुभारती विधि संस्थान के डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय ने बताया कि इस राष्ट्रीय सेमिनार का उद्देश्य मानव अधिकारों व महिला अधिकारों के बारे में युवाओं को एक दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान करना है । इसी के साथ संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य, एजेंडा 2023 की महत्वाकांक्षा को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली के सहयोग से इस राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन सरदार पटेल प्रेक्षागृह सुभारती विधि संस्थान में आयोजित किया जा रहा हैं ।

**चुनाव** — *इस सीट पर फिरोज गांधी, इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी बन चुकी हैं सांसद*

# रायबरेली में दादा, दादी और मम्मी की सियासी विरासत संभालेंगी प्रियंका

स्वामीनाथ शुक्ल

**रायबरेली, 15 फरवरी (देशबन्धु)। सोनिया गांधी राज्यसभा सांसद बनेंगी। जिससे रायबरेली सीट खाली हो गई है। रायबरेली गांधी परिवार की पुश्तैनी सियासी विरासत है। जिससे रायबरेली में दादा, दादी और मम्मी की सियासी विरासत अब प्रियंका गांधी संभालेंगी। नेहरू खानदान की इस सीट पर फिरोज गांधी, इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी सांसद बन चुकी है। राज्यसभा सांसद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सोनिया गांधी रायबरेली की जनता के लिए एक भावुक संदेश लिखा है।**

सोनिया गांधी का भावुक संदेश सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। रायबरेली की जनता के लिए सोनिया गांधी का भावुक संदेश। मेरे स्नेही परिवारीजन। मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर-आप लोगों से मिलकर पूरा होता है। यह स्नेह नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गांधी जी को यहां से जीताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी जी को आपने अपना बना लिया।



तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है।

### 'अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी'

अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन यह तय है कि मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा। मुझे पता है कि आप भी हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे जैसे अब तक संभालते आए हैं। बड़ों को प्रणाम! छोटों को स्नेह! जल्द मिलने का वादा! आपकी सोनिया गांधी।

## मुझे 'गिरगिट' बनना पसंद है, जो किरदार के रंग में ढल जाए : दिब्येंदु

**मुंबई।** अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज 'पोचर' में केरल वन विभाग के एक फील्ड डायरेक्टर की भूमिका निभा रहे एक्टर दिब्येंदु भट्टाचार्य ने कहा है कि एक अभिनेता के रूप में, वह एक गिरगिट बनना पसंद करते हैं और चुनौती के रूप में सामने आने वाले किसी भी किरदार को निभाना पसंद करते हैं। एक्टर ने मुंबई में शो के ट्रेलर लॉन्च पर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि मुझे गिरगिट बनना पसंद है, जो किसी भी किरदार में आसानी से रंग बदल सकता है। मैं अलग-अलग तरह के किरदार निभाने का प्रयास करता हूं। पोचर लगातार हाथियों की निर्दयी हत्याओं की मामलों की झलक पेश करता है। इसे अंतरराष्ट्रीय एमी विजेता फिल्म निर्माता रिची मेहता द्वारा निर्मित और निर्देशित किया गया है।

## 'पोचर' की कई खूबियों ने मुझे इस शो का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया : आलिया भट्ट



**मुंबई,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट स्ट्रीमिंग शो 'पोचर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बारे में एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने इस शो का हिस्सा बनने का फैसला कई फैक्टर्स के आधार पर लिया था। शो में एग्जीक्यूटिव प्रॉड्यूसर के रूप में काम करने वाली एक्ट्रेस आलिया ने गुरुवार को 'पोचर' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर मीडिया से बात की।

उन्होंने एक्टर दिब्येंदु भट्ट ाचार्य और रोशन मैथ्यू, शो के निर्माता और निर्देशक रिची मेहता और प्राइम वीडियो के अधिकारियों के साथ स्टेज शेयर किया। शो के एग्जीक्यूटिव प्रॉड्यूसर के रूप में काम करने के अपने फैसले के बारे में बात करते हुए, आलिया ने कहा कि मैं सिर्फ एक चीज की ओर इशारा नहीं कर सकती, जिसने मुझे एक एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में इस शो का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। इसमें कई चीजें एक साथ हैं, जो मुझे पसंद आईं, जैसे रिची द्वारा तैयार की गई शानदार कहानी, रिसर्च में उनकी कड़ी मेहनत, देश के कुछ बेस्ट एक्टर्स की शानदार भूमिका और निश्चित रूप से दर्शकों पर शो का असर। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि रिची और एक्टर्स सहित टीम ने इतना अद्भुत काम किया है कि सीरीज देखकर मेरी आंखें भर आईं और इसका मुझ पर गहरा प्रभाव पड़ा। शो में ऐसे कई सीन्स हैं, जिनके बारे में मैं अभी बात नहीं कर सकती, लेकिन, मैंने और मेरी बहन ने सीन्स पर नोट्स का आदान-प्रदान किया और ये 3-4 सीन्स वास्तव में हमारे लिए खास रहे। पोचर 23 फरवरी को प्राइम वीडियो पर आएगा।

# जन्म के समय का वजन तय करता है भविष्य में हृदय रोग की संभावना

## अपर्याप्त न्यूट्रिशन का सेवन से विकासशील भ्रूण का मेटाबॉलिज्म प्रभावित

**लंदन,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। अध्ययनकर्ता ने पाया कि माताओं और उनके बच्चों में साझा जोखिम वाले जीन के चलते जन्म के समय वजन का जुड़ाव व्यस्कों में हृदय रोग से होता है। अधिकतर पिछले स्टडीज से पता चला है कि छोटे कद के पैदा हुए लोगों में बड़े होने पर हाइपरटेंशन और हृदय रोग विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है।

इस घटना के बायोलॉजिकल कारण पर दशकों से बहस चल रही है, लेकिन कोई सटीक रिसर्च परिणाम नहीं है। एक थ्योरी के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान अपर्याप्त न्यूट्रिशन का सेवन विकासशील भ्रूण के मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करता है, इससे ओवरन्यूट्रिशन के दौरान हृदय रोग होने की संभावना बढ़ जाती है।

जर्नल कम्युनिकेशंस बायोलॉजी में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चला है कि विकासशील भ्रूण के विकास को प्रभावित करने वाले मां से मिलने वाले जीन बच्चे के वजन पर प्रभाव डालते है।

फिनलैंड में हेलसिंकी यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने कहा कि ऐसा लगता है कि ये जीन बीमारी के जोखिम में केवल तभी भूमिका निभाते हैं, जब वे बच्चे में प्रवेश कर जाते हैं।



हेलसिंकी यूनिवर्सिटी में इंस्टीट्यूट फॉर मॉलिक्यूलर मेडिसिन फिनलैंड (एफआईएमएम) में पोस्टडॉक्टोरल रिसर्चर जाक्को लेइनोनेन ने कहा कि मां से मिलने वाले कुछ जीन गर्भ में बच्चे की विकास स्थितियों को प्रभावित करते हैं, इससे बच्चे का जन्म के समय वजन प्रभावित होता हैं। बदले में बच्चे को मां से इन जीन्स की एक कॉपी मिलती है। लीनोनेन ने कहा कि जब हमने बच्चों के बीमार होने की संभावना पर बर्थ वेट वाले जीन्स के प्रभाव का अध्ययन किया, तो हमने पाया कि जन्म से पहले बच्चे के विकास में मां की वजह से होने वाले छोटे-मोटे बदलावों का बच्चे में व्यस्क होने पर बीमारी विकसित होने के जोखिम पर बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है। इसकी बजाय, ऐसा लगता है कि बच्चे के स्वयं के जीन उसके भविष्य के स्वास्थ्य जोखिमों को निर्धारित करने में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नए रिसर्च के रिजल्ट 36,000 से ज्यादा ऐसे मां-बच्चे के जोड़े के जेनेटिक डेटा को देखकर प्राप्त किए गए थे।

रिसर्चर्स के अनुसार, पिछले जेनेटिक स्टडीज ने आंशिक रूप से अलग-अलग परिणाम दिए हैं। स्टडी का नेतृत्व करने वाले डॉ. तारू तुकियानेन ने कहा कि रिसर्च में हमने एक ही समय में माताओं और उनके बच्चों दोनों के जेनेटिक डेटा का उपयोग किया है। यह तरीका पता लगाने के लिए बहुत ही प्रभावी साबित हुआ है कि मां के स्वास्थ्य और गर्भ में बच्चे की स्थिति बच्चे के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर सकती है।

यह पता लगाने के लिए और ज्यादा रिसर्च की आवश्यकता है कि जन्म के समय काफी कम वजन होना या जन्म के समय वजन में अन्य महत्वपूर्ण परिवर्तन बड़े होने पर बीमारी के जोखिम को कैसे प्रभावित करते हैं।

## अंतरिक्ष से वैश्विक मीथेन उत्सर्जन को मैप करने में मदद करेगा गूगल

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। गूगल ने अंतरिक्ष से मीथेन प्रदूषण और तेल-गैस के इंफ्रास्ट्रक्चर को मैप करने के लिए गैर-लाभकारी पर्यावरण रक्षा कोष (ईडीएफ) के साथ साझेदारी की घोषणा की है।

पर्यावरण रक्षा कोष का उपग्रह, मीथेनसैट, उपग्रह डेटा एकत्र करने के लिए जल्द ही पृथ्वी की परिक्रमा करेगा। टेक दिग्गज ने एक बयान में कहा कि यह डेटा, गूगल के एआई और इंफ्रास्ट्रक्चर मैपिंग के साथ मिलकर, मीथेन उत्सर्जन को कम करने के तरीके के बारे में बेहतर समझ पैदा करेगा।रिकॉर्ड पर 2023 सबसे गर्म साल था, और पिछले 10 साल 1850 के बाद से सबसे गर्म वर्ष रहे हैं। गूगल के जियो डेवलपर और सस्टेनेबिलिटी के वीपी और महाप्रबंधक येल मैगुइरे ने कहा कि हम ईडीएफ के साथ साझेदारी की घोषणा कर रहे हैं जो मीथेन उत्सर्जन को कम करने के लिए हमारे विज्ञान और प्रौद्योगिकी को जोड़ती है। यह सबसे शक्तिशाली, अल्पकालिक कार्यों में से एक है जिसे हम वार्मिंग को कम करने के लिए उठा सकते हैं। मानव स्रोतों से प्राप्त मीथेन आज ग्लोबल वार्मिंग के लगभग 30 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है, और वायुमंडल में मीथेन का एक बड़ा योगदानकर्ता पृथ्वी से तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन निकालने से आता है। क्लाउड कंप्यूटिंग के साथ मीथेन डिटेक्शन एल्गोरिदम को सशक्त बनाने और दुनिया भर में तेल और गैस के बुनियादी ढांचे की पहचान करने के लिए उपग्रह इमेजरी में एआई लागू करके, लक्ष्य ईडीएफ को उनके स्रोत पर मीथेन उत्सर्जन की मात्रा निर्धारित करने और उसका पता लगाने में मदद करना है। गूगल ने कहा कि इस जानकारी के साथ, ऊर्जा कंपनियां, शोधकर्ता और सार्वजनिक क्षेत्र तेल और गैस बुनियादी ढांचे से उत्सर्जन को तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से कम करने के लिए कार्रवाई कर सकते हैं।

## नेशनल ह्यूमन वेलफेयर काउंसिल ने 5वां वार्षिक भारतश्री पुरस्कार 2024 किया प्रदान




**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। नेशनल ह्यूमन वेलफेयर काउंसिल (एनएचडब्ल्यूसी) ने गुरुवार को नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में 5वें वार्षिक भारतश्री पुरस्कार 2024 का आयोजन किया। यह पुरस्कार भारत के विभिन्न राज्यों के 14 लोगों को दिया गया। उनमें हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल चेयरमैन अनुराग बख्शी आईआरएस (सेवानिवृत्त) हरियाणा सरकार और अभिनेता आशुतोष राणा भी शामिल रहे। इस कार्यक्रम ने समाज के प्रति व्यक्तियों और संगठनों के अनुकरणीय योगदान को पहचानने और सम्मानित करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। एनएचडब्ल्यूसी के संस्थापक गुंजन मेहता ने अपने भाषण में सभी उपस्थित लोगों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। और सेवा की संस्कृति को बढ़ावा देने में ऐसी सभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर डाला। उन्होंने कहा, 'एनएचडब्ल्यूसी में, हम सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामूहिक कार्रवाई की शक्ति में विश्वास करते हैं। भारतश्री पुरस्कार 21वीं सदी में हमारे राष्ट्र की भलाई के लिए समर्पित व्यक्तियों के असाधारण प्रयासों के लिए एक आदर्श उदाहरण है।' अनुराग बख्शी ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, 'सच्ची सेवा हमारे राष्ट्र के कल्याण को बेहतर बनाने के निरंतर प्रयास में निहित है। इस पुरस्कार ने मुझे और अधिक जिम्मेदार बना दिया है और मैं समाज की सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा करता हूं।'

इस वर्ष के भारतश्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए सेवा और नेतृत्व की भावना का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। बोध राज सीकरी, राज्य समन्वयक, एनजीओ सेल, हरियाणा अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्राइज, उपाध्यक्ष और ट्रस्टी हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट को कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास में उनकी अग्रणी पहल के लिए सम्मानित किया गया।

## किटू गिडवानी फीचर फिल्म 'मैडम ड्राइवर' में आएंगी नजर

मुंबई, 15 फरवरी (एजेंसियां)। 'अर्थ', 'स्वाभिमान' और 'फैशन' जैसी फिल्मों से स्टारडम हासिल करने वाली एक्ट्रेस किटू गिडवानी निर्देशक इंद्रजीत नट्टोजी की अपकमिंग फीचर फिल्म 'मैडम ड्राइवर' में नजर आने के लिए तैयार हैं।

नट्टोजी ने कहा कि मैडम ड्राइवर गुजरात की एक मध्यम आयु वर्ग की महिला की कहानी है, जब वह गाड़ी चलाना सीखती है, तो समाज के ताने-बानों का सामना करती है, नए रिश्ते बनाती है और स्वतंत्रता को अपनाती है।




फीचर फिल्म में 'मनमोहिनी' और 'बेहद 2' फेम अंकित सिवाच और एक्ट्रेस भावना पानी भी हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया गया है।

'मैडम ड्राइवर' कलाकार और फिल्म निर्माता इंद्रजीत नट्टोजी द्वारा निर्मित है, जो भारत के छोटे शहरों में महिलाओं की कहानियों को प्रदर्शित करते हैं। स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स क्रमश: अरुशी कौशल और समीर सतीजा द्वारा हैं।

आई.एन.के. पिक्चर्स एल.एल.पी. द्वारा निर्मित, ग्रेऑउल बार्नस्टॉर्म प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से और काइनेटिग्रा मीडियास एंड प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सह-निर्मित है।

## वैज्ञानिकों ने कहा, बाहरी सौर मंडल में जीवन खोजना लगभग असंभव

**टोरंटो,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। इस बात की संभावना बहुत कम है कि अंतरिक्ष वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्री बाहरी सौर मंडल में चार 'विशाल' ग्रहों बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून में जीवन खोज पाएंगे। इस बात का खुलासा एक शोध में हुआ है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कनाडाई वैज्ञानिकों की एक टीम ने पाया है कि टाइटन के उपसतह महासागर में संभवत: रहने योग्य वातावरण नहीं है, जिसका अर्थ है कि बर्फीली जगह पर जीवन पाने की उम्मीद खत्म हो गई है। कनाडा में वेस्टर्न ओंटारियो विश्वविद्यालय में पृथ्वी विज्ञान के प्रोफेसर, खगोल जीवविज्ञानी कैथरीन नीश ने कहा कि दुर्भाग्य से अब हमें अपने सौर मंडल के भीतर अलौकिक जीवन रूपों की खोज करते समय थोड़ा कम आशावादी होने की जरूरत है। नीश ने कहा कि वैज्ञानिक समुदाय बाहरी सौर मंडल की बर्फीली दुनिया में जीवन खोजने को लेकर बहुत उत्साहित है



और इस खोज से पता चलता है कि इसकी संभावना हमारे पहले अनुमान से कम हो सकती है।

बाहरी सौर मंडल में जीवन की पहचान ग्रह वैज्ञानिकों, खगोलविदों और नासा जैसी सरकारी अंतरिक्ष एजेंसियों के लिए रुचि का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि विशाल ग्रहों में पानी के बड़े उपसतह महासागर हैं। उदाहरण के लिए, माना जाता है कि टाइटन की बर्फीली सतह के नीचे एक महासागर है, जो पृथ्वी के महासागरों से 12 गुना अधिक है।

एस्ट्रोबायोलॉजी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में नीश और उनकी टीम ने इम्पैक्ट क्रेटरिंग के डेटा का उपयोग करके उन कार्बनिक अणुओं की मात्रा निर्धारित करने का प्रयास किया, जिन्हें टाइटन की कार्बनिक-समृद्ध सतह से उसके उपसतह महासागर में स्थानांतरित किया जा सकता है।

पूरे इतिहास में टाइटन पर प्रभाव डालने वाले धूमकेतुओं ने चंद्रमा की बर्फीली सतह को पिघला दिया है जिससे तरल पानी के पूल बन गए हैं, जो सतह के कार्बनिक पदार्थों के साथ मिश्रित हो गए हैं। नीश ने पाया कि इस तरह से हस्तांतरित कार्बनिक पदार्थों का वजन काफी कम है। यह ग्लाइसीन के 7,500 किलोग्राम/वर्ष से अधिक नहीं है।

## 6 कन्याओं का शुभ विवाह निर्विघ्न हुआ सम्पन्न

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर बुराड़ी जिले में छह कन्याओं का शुभ विवाह निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। विवाह का कार्य वेद पार्टी लोन मेंन 100 फूटा रोड नत्थूपुरा बुराड़ी में सम्पन्न हुआ। इस बार खास बात ये रही की जिले में पहली बार घुमंतू समाज (गाड़िया लुहार) से भी एक जोड़ा रहा। सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर। संतोषी मड़वाल की भजन मंडली ने सरस्वती वंदना व गनेश वंदना की प्रस्तुति दी। बारात आने का सिलसिला साढ़े नो बजे से शुरू हुआ बारात का स्वागत बाजे गाजे ढोल मजीरा, पुष्प वर्षा, चंदन का तिलक लगा कर किया गया। बारी बारी से जय माला व फेरों की रस्म पूरी हुई महिला कार्यकर्ता व शिक्षिका, निरिक्षिका के तत्परता से सभी काम उत्कृष्ट तरीके से सम्पन्न हुआ।



इस बीच समाज के गणमान्य सज्जन शक्ति सिंह चौहान बुराड़ी जिला और दानदाताओं का मंच पर अभिनंदन कार्यक्रम भी अनवरत चलता रहा। विवाह में आये सभी बाराती व अतिथियों ने स्वादिस्ट भोजन का आनंद लिया। व्यवस्था में बुराड़ी नगर कार्यवाह संदीप व उनके साथ स्वमसेवकों नेबहुत बड़ा सहयोग दिया जिससे सभी कार्य समय से सम्पन्न हो सके। इस अवसर पर देविन्दर जोशी मान्य संघ चालक बुराड़ी जिला ने अपने उद्बोधन भाषण में नव युगलों को सुखी दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विजेंदर शर्मा विभाग सह कार्यवाह, लल्लन जिला कार्यवाह, श्री कांत जिला प्रचारक, राज नरेश विभाग में घुमंतू समाज कार्य प्रमुख, पूर्व विभाग संघ चालक दिनेश, वरिष्ठ कार्यकर्ता दान बहादुर, सेवाभारती प्रान्त से मान्य कुंदन कार्यकारणी सदस्य प्रान्त, बहन सिमरन, विभाग से आज़ाद सिंह मंत्री, नरिंदर त्यागी खुशीराम, रीना शर्मा, तथा जिले सुभाष चंद त्यागी, कृष्ण त्यागी, राज सिंह, तेजप्रताप, ओमप्रकाश चोपड़ा, सुनील त्यागी, पवन त्यागी, सुबोध त्यागी, नंद किशोर जोशी, कृष्ण अवतार, मनोज गुप्ता, वेदप्रकाश, सुनील राणा, मीनाक्षी, मंजुश्री, मंजू राणा, पूजा चौहान, सीमा उर्मिला रेखा, आदि कार्य कर्ता उपस्थित रहे। अंत में नव युगलों को सनातनी रीति रिवाज, दान दहेज व सुखी दाम्पत्य जीवन की कामनाओं के साथ विदा किया।

## जब निर्देशक ने महिमा मकवाना से कहा 'तुमसे न हो पाएगा', एक्ट्रेस ने सुनाया पूरा किस्सा

**मुंबई,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस महिमा मकवाना ने एक निर्देशक की सबसे घटिया बात के बारे में खुलासा किया। महिमा अपकमिंग सीरीज 'शोटाइम' में महिका नंदी का किरदार निभाती नजर आएंगी। शो के ट्रेलर लॉन्च के दौरान महिमा ने कहा कि एक निर्देशक ने मुझसे सबसे घटिया बात यह कही है कि 'तुमसे न हो पाएगा'। मैं सेट पर गई, मैं पूरी तरह तैयार थी और जाहिर तौर पर नर्वस भी थी। वे मेरे पास आए और मुझसे कहा, तुम



यहां क्या कर रही हो, मुझे नहीं लगता कि तुम फिल्मों के लिए बनी हो। 'शोटाइम' में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज फिल्मों की दुनिया, प्रोडक्शन हाउस और उनके काम करने के तरीके के बारे में विस्तार से बताती है। मिहिर देसाई और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित, यह शो धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है।

## चर्चित उपन्यास 'सुगंधा' का विश्व पुस्तक मेले में विमोचन



**जयपुर/नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। युवा उपन्यासकार मुरारी गुप्ता के चर्चित उपन्यास 'सुगंधा- एक सिने सुंदरी की त्रासद कथा' का दिल्ली में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में प्रख्यात साहित्यकार लीलाधर मण्डलोई, प्रेम जनमेजय और गीताश्री के हाथों विमोचन हुआ। इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि यह उनका पहला उपन्यास है। उन्होंने बताया कि सिनेमा जगत की बेहद दिलचस्प अंदरूनी घटनाक्रमों को सुगंधा नामक चरित्र के ज़रिए एक मज़ेदार और रोमांचकारी कहानी के माध्यम से पाठकों के सामने लाने का प्रयास किया है। साहित्य समालोचक डॉ. रेवंत ने कहा कि उनका यह उपन्यास पाठकों के लिए बिलकुल ताजगी भरा है।

इस उपन्यास में वह सब कुछ है जो एक पाठक पढ़ना चाहता है। रोमांच, रोमांस, थ्रिलर, सस्पेंस। उपन्यास उन चीजों को भी बारीकी से छूता है जिस पर हमेशा सिनेमा जगत पर उंगलियां उठाई जाती रही हैं। दो अलग अलग पृष्ठभूमि के कलाकारों के बीच पनपने वाली प्रेम कहानी इस उपन्यास की आत्मा है। वैसे तो यह प्रेम कहानी ही इस उपन्यास की यूएसपी है, मगर प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द कई तिलिस्मी संसार का खूबसूरत नजारा उपन्यास में नजर आता हैं।

सस्पेंस और थ्रिल पढ़ने वालों के लिए मुरारी गुप्ता का यह उपन्यास काफी दिलचस्प हो सकता है। अंडरवर्ल्ड और टेररिज्म का कॉकटेल और उनकी कहानियां पाठकों को बिलकुल नई दुनिया में ले जाती हैं। उपन्यास का सूत्रधार एक पत्रकार आशीष पटनायक हैं। उसके हाथ में आई लोकप्रिय अभिनेत्री सुगंधा की डायरी के जरिए यह कहानी आगे बढ़ती है। सूत्रधार के जरिये कहानी आगे बढ़ती है, लिहाजा भाषा, लहजा और व्याकरण भी वही है जो आम बोलचाल में होता है।

उपन्यास की शुरुआत हिमाचल के छोटे से कस्बे छैलापुर से होती है। छैलापुर में मशहूर अभिनेत्री सुगंधा सुंदरम की मौत की खबर आती है। उसके बाद सूत्रधार कहानी को आगे बढ़ाता है। कहानी खाड़ी मुल्कों को पार करती हुई अमरीका तक पहुंचती है। उपन्यास की कहानी मशहूर फिल्म अभिनेत्री सुगंधा सुंदरम की है। दक्षिण से मुंबई आकर फिल्मी दुनिया पर राज करने से लेकर उसके अंडरवर्ल्ड और चरमपंथी गुटों से संबंध और अमरीका में संदिग्ध मौत के इर्द-गिर्द यह कहानी गढ़ी गई है।

## वैज्ञानिकों का कोविड संक्रमण को लेकर खुलासा

# हर्पीस वायरस से डिमेंशिया का खतरा हो सकता है दोगुना

**लंदन,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। जिन लोगों को अपने जीवन में कभी भी हर्पीस वायरस का संक्रमण हुआ है, उनमें डिमेंशिया विकसित होने की संभावना उन लोगों के मुकाबले अधिक होती है, जिन्हें कभी भी यह संक्रमण नहीं हुआ है। यह बात एक शोध में सामने आई है। स्वीडन में उप्साला विविद्यालय द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के 1,000 लोगों पर आधारित, 15 वर्षों तक किए गए शोध से इस बात की पुष्टि होती है कि हर्पीस डिमेंशिया के लिए एक संभावित जोखिम हो सकता है।

**70 वर्ष से अधिक उम्र के 1,000 लोगों पर आधारित**

जर्नल ऑफ अल्जाइमर डिजीज में प्रकाशित परिणामों से पता चला है कि जो लोग अपने जीवन में किसी भी समय हर्पीस सिम्प्लेक्स वायरस से संक्रमित हुए थे, उनमें उन लोगों की तुलना में डिमेंशिया (मनोभ्रंश) विकसित होने की संभावना दोगुनी थी जो कभी संक्रमित नहीं हुए थे।

हर्पीस सिम्प्लेक्स वायरस बहुत आम है और इसका संक्रमण आजीवन रहता है। लेकिन इसके लक्षण जीवन में कभी भी आ सकते हैं। कई लोगों को कभी भी उनके संक्रमण से जुड़ा कोई लक्षण नहीं मिलता है।



उप्साला में एक मेडिकल छात्रा एरिका वेस्टिन ने कहा कि यह परिणाम पिछले अध्ययनों की पुष्टि करते हैं। शोध में अधिक से अधिक सबूत सामने आ रहे हैं जो हमारे निष्कर्षों की तरह हर्पीस सिम्प्लेक्स वायरस को डिमेंशिया के लिए एक जोखिम की ओर इशारा करते हैं। वेस्टिन ने कहा कि इस विशेष अध्ययन की खास बात यह है कि इसमें भाग लेने वाले लगभग सभी लोग एक ही उम्र के हैं, जो परिणामों को और अधिक विश्वसनीय बनाता है , क्योंकि उम्र के अंतर डिमेंशिया के विकास से जुड़े होते हैं, जो परिणामों को भ्रमित नहीं कर सकते हैं। दुनियाभर में 5.5 करोड़ लोग डिमेंशिया से प्रभावित हैं। बढ़ती उम्र और एपोलिपोप्रोटीन ई4 जोखिम जीन का होना पहले से ही ज्ञात जोखिम कारक हैं। यह जांचने के लिए पहले भी शोध किया जा चुका है कि क्या हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस भी डिमेंशिया के लिए एक संभावित जोखिम कारक हो सकता है, लेकिन अब इस अध्ययन में इसकी पुष्टि की गई है।

शोध में कहा गया है कि क्या हर्पीस सिम्प्लेक्स वायरस के खिलाफ पहले से ही ज्ञात दवाएं डिमेंशिया के जोखिम को कम कर सकती हैं, इस पर काम करना अभी बाकी है। शोधपत्र में इस बात की जांच करने की जरूरत बताई गई है कि क्या हर्पीस सिम्प्लेक्स वायरस के खिलाफ पहले से ही ज्ञात दवाएं डिमेंशिया के जोखिम को कम कर सकती हैं, साथ ही कहा कि नए टीके इसे विकसित करने की संभावना को कैसे कम कर सकते हैं, इसकी भी जांच की जरूरत है।

वेस्टिन ने कहा कि परिणाम सामान्य एंटी-हर्पीज वायरस दवाओं का उपयोग करके शुरुआती चरण में बीमारी का इलाज करने या बीमारी को होने से पहले रोकने की दिशा में डिमेंशिया अनुसंधान को आगे बढ़ा सकते हैं।

# [अर्थ जगत]

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 6.51 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.58 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.79 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.46 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 2.15 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 2.11 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.85 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.58 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.34 प्रतिशत |
| सन फ़ार्मा | 0.79 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए संकल्प और समन्वय की जरूरत : दास

**मुंबई,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुये आज यहां कहा कि इससे निपटने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की जरूरत है।

श्री दास ने यहां आयोजित 59वें एसईएसीईएन गवनर्स सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ तो भरपूर हैं, लेकिन नये अवसर भी दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई वास्तविकताओं के अनुरूप हों। अनिश्चित दुनिया में, केंद्रीय बैंकों को मूल्य और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए सक्रिय होने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि इस माहौल में सहयोग एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की आवश्यकता है। यह सम्मेलन क्षेत्र के केंद्रीय बैंकों के लिए एक मंच के रूप में, उन्नत प्रगति और समृद्धि के लिए कई क्षेत्रों में अंतर्दृष्टि साझा करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

श्री दास ने कहा कि दक्षिण-पूर्व एशियाई अर्थव्यवस्थाओं ने बड़े वैश्विक झटकों के सामने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है। काफी हद तक, इसका श्रेय बेहतर मौद्रिक और व्यापक आर्थिक नीति ढांचे को दिया जा सकता है जिसे इन देशों ने हाल के वर्षों में अपनाया है। इस क्षेत्र में विकास मजबूत बना हुआ है, जबकि मुद्रास्फीति ओईसीडी औसत से कम रही है। क्षेत्र की आर्थिक गतिविधि को खुदरा व्यापार, डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में लचीली सेवा गतिविधि द्वारा समर्थित किया गया है। यह क्षेत्र व्यापार और श्रम प्रवाह संबंधों के साथ क्षेत्रीय एकीकरण का एक मॉडल बना हुआ है।



**भारत कई चुनौतियों से सफलतापूर्वक पार पाया है और सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। विवेकपूर्ण मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों ने इन कठिन परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है:- शक्तिकांत दास**

केन्द्रीय बैंक के गवर्नर ने भारतीय अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुये कहा कि भारत कई चुनौतियों से सफलतापूर्वक पार पाया है और सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। विवेकपूर्ण मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों ने इन कठिन परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है। रिज़र्व बैंक का अनुमान है कि 2024-25 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था 7.0 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जो लगातार चौथे वर्ष 7 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि को चिह्नित करेगा। मुद्रास्फीति 2022 की गर्मियों के उच्चतम स्तर से कम हो गई है। बार-बार खाद्य कीमतों के झटके और भू-राजनीतिक तनाव चुनौतियां पैदा करते हैं। स्थिर और निम्न मुद्रास्फीति सतत आर्थिक विकास के लिए आवश्यक आधार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल झटकों की एक श्रृंखला के सामने भारत की समन्वित नीति प्रतिक्रिया भविष्य के लिए एक अच्छा खाका हो सकती है। जबकि मौद्रिक नीति ने मुद्रास्फीति की उम्मीदों को नियंत्रित करने और मांग-प्रेरित दबाव को कम करने पर काम किया, सरकार द्वारा आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप ने आपूर्ति-पक्ष के दबाव को कम किया और लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति को नियंत्रित किया।

# असम में लगेगा 25000 करोड़ का सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्लांट



**गुवाहाटी** 15 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास एवं उद्यमिता और जल शक्ति राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आज कहा कि असम में जल्द ही करीब 25000 करोड़ रुपये का सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्लांट लगेगा। श्री चंद्रशेखर ने गुरुवार को गौहाटी विश्वविद्यालय के बिरिंची कुमार बरुआ ऑडिटोरियम में आयोजित डिजिटल इंडिया फ्यूचरस्किल्स शिखर सम्मेलन के दौरान कहा, असम सरकार और टाटा समूह के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा। हम जल्द ही सभी प्रकार की मंजूरी प्राप्त कर लेंगे और इसे अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट को सौंप देंगे। सेमीकंडक्टर की दुनिया में प्रवेश करने के इच्छुक युवा भारतीयों को अब अपना राज्य छोड़ने या दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं होगी। आईटी राज्यमंत्री ने असम में सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्लांट लगाये जाने का श्रेय राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व को दिया।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश की अर्थव्यवस्था में पिछले एक दशक के दौरान काफी प्रगति हुई है और कभी दुनिया के पांच सबसे बदहाल अर्थव्यवस्थाओं में शुमार भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक ताकत है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज प्रगति के पथ पर अग्रसर है और देश में युवाओं के लिए अवसरों की अपार संभावनाएं हैं, विशेष रूप से उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत शेष दुनिया के साथ अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। उन्होंने कहा, ''फ्यूचरस्किल्स के माध्यम से, हम देश के युवाओं को यह बताना चाहते हैं कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों के कारण आने वाले वर्षों में उनके लिए अनेक अवसरों पैदा होंगे। विद्यार्थियों को एआई, साइबर सुरक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में खुद को सशक्त बनाने और कौशल से लैस करने की आवश्यकता है। इन क्षेत्रों में दुनिया की अग्रणी कंपनियां, जिनमें एनवीआईडीआईए, इंटेल, एएमडी, एचसीएल, विप्रो और आईबीएम शामिल है, आज यहां गुवाहाटी में मौजूद हैं।

# अमेजन फ्रेश ने लॉन्च किया वेगन स्टोर : लीजिए प्लांट-बेस्ड पैराडाइज़ का आनंद

नई दिल्ली। प्लांट बेस्ड जैसे सेहतमंद विकल्पों की स्वीकार्यता बहुत तेजी से बढ़ रही है। तन, मन और इस संसार पर इनके बेहतर प्रभाव के कारण लोग तेजी से प्लांट-बेस्ड आहार को अपना रहे हैं। शाकाहारी लोग फलों, सब्जियों, अनाज, फलियां, मेवे और बीजों से प्राप्त पोषण को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। दिल की सेहत से लेकर शरीर में एनर्जी के स्तर को बनाए रखने से लेकर इम्युनिटी बढ़ाने तक, शाकाहारी आहार के कई सेहतमंद फायदे हैं। भारत में शाकाहार के बारे में बढ़ती जागरूकता को ध्यान में रखते हुए, अमेजन फ्रेश ने ग्राहकों के लिए सो गुड, सोफिट, एपिगैमिया, रॉ जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के फ्रेश प्लांट बेस्ड प्रोडक्ट और रेडी टु यूज वस्तुओं की एक विस्तृत श्रंखला के साथ एक वेगन स्टोर तैयार किया है। चाहे नाश्ते के लिए स्मूथी बाउल तैयार करना हो, या दोपहर के भोजन के लिए भुनी हुई सब्जियों के साथ क्विनोआ सलाद या फिर रात के खाने के लिए वेजी पैक पास्ता, आप सुविधाजनक स्लॉट डिलीवरी के साथ पहले से ही अपने खाने की पूरी प्लानिंग तैयार कर सकते हैं। आप आसानी से प्लांट-बेस्ड भोजन बना सकें और यह आसानी से उपलब्ध हो, इसके लिए वेगन स्टोर अपने अनूठे उत्पादों जैसे टोफू, आल्मंड मिल्क, फ्रेश फ्रूट, सब्जियां आदि के साथ हर जरूरत को पूरा कर रहा है। अमेजन फ्रेश फ्री शिपिंग की पेशकश करता है, यानी, 249 रुपये से ऊपर के सभी ऑर्डर पर आपको *फ्री डिलीवरी का फायदा मिल सकता है।

# जनवरी में वस्तुओं का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली 15 फरवरी (वार्ता) देश से इस वर्ष जनवरी में पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान, लौह अयस्क, इलेक्ट्रॉनिक सामान, दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स समेत वस्तुओं का निर्यात इसके पिछले वर्ष की समान अवधि के 35.80 अरब डॉलर के मुकाबले 3.12 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 36.92 अरब डॉलर हो गया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में देश ने 54.41 अरब डॉलर के वस्तुओं का आयात किया, जो जनवरी 2023 के 52.83 अरब डॉलर से 2.9 प्रतिशत अधिक है।

इस अवधि में सेवा क्षेत्र का निर्यात 28 अरब डॉलर से 17.14 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 32.80 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह सेवाओं का आयात 14.83 अरब डॉलर के मुकाबले 8.22 प्रतिशत बढ़कर 16.05 अरब डॉलर पर पहुंच गया।



- **जनवरी 2024 में देश ने 54.41 अरब डॉलर के वस्तुओं का आयात किया**
- **सेवा क्षेत्र का निर्यात 28 अरब डॉलर से 17.14 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 32.80 अरब डॉलर हो गया**

आलोच्य अवधि में वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात 63.80 अरब डॉलर की तुलना में 9.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69.72 अरब डॉलर जबकि इनका कुल आयात 67.65 अरब डॉलर के मुकाबले 4.15 प्रतिशत बढ़कर 70.46 अरब डॉलर हो गया। इस तरह जनवरी 2023 के मुकाबले जनवरी 2024 में व्यापार घाटा 3.85 अरब डॉलर से कम होकर 0.74 अरब डॉलर हो गया।

आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 7.7 अरब डॉलर से 6.57 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8.21 अरब डॉलर, इंजीनियरिंग सामान का निर्यात 8.41 अरब डॉलर से 4.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 8.77 अरब डॉलर, इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात 2.11 अरब डॉलर से 9.31 प्रतिशत बढ़कर 2.30 अरब डॉलर तथा दवाओं और फार्मास्युटिकल उत्पादों का निर्यात दो अरब डॉलर से 6.84 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2.13 अरब डॉलर हो गया।

## सार संक्षेप

### रुपया तीन पैसे फिसला

**मुंबई।** आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे फिसलकर 83.05 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.02 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया दो पैसे बढ़कर 83.00 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। सत्र के दौरान लिवाली होने से यह 83.05 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर पर आ गया और इसी स्तर पर बंद हुआ।

### 2023 में नई दिल्ली से वीज़ा आवेदन की मात्रा में वर्ष-दर-वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि

नई दिल्ली। 2023 में नई दिल्ली से वीज़ा आवेदन की मात्रा जोरदार रही है। वैश्विक गंतव्यों की खोज करने के लिए यात्रियों का विश्वास पुन-स्थापन हो गया है और यात्रा प्रतिबंधों में ढील दी गई है, जिसकी वजह से यह मात्रा पूर्व-महामारी के स्तर के नजदीक गई है। वी.एफ.एस ग्लोबल के अनुसार, 2023 में नई दिल्ली से वीज़ा आवेदन की मात्रा में वर्ष-दर-वर्ष 10न्न वृद्धि देखी गई है। पूर्व-महामारी संख्या से तुलना की जाए, तो 2019 के स्तर के 82 प्रतिशत तक नई दिल्ली से वीज़ा आवेदन की मात्रा पहुंच गई है। भारत में दर्ज कराई गई समग्र विकास प्रवृत्ति के अनुरुप नई दिल्ली से वीज़ा आवेदन की मात्रा बढ़ने की यह प्रवृत्ति दिख रहीं है, जिसमें 16 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 2023 में हुई है। पूर्व-महामारी संख्या से तुलना की जाए, तो भारत से वीज़ा आवेदन की मात्रा 2019 के 93 प्रतिशत स्तर तक पहुंच गई है।

### सुंदरबन दिवस पर सफोला हनी ने लॉन्च की नई पैकेजिंग





नई दिल्ली। भारत के वैश्विक सौंदर्य और सेहत के क्षेत्र में भारत की अग्रणी उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों में से एक और मशहूर अग्रणी शहद ब्रांड्स मैरिको लिमिटेड का सफोला हनी 14 फरवरी को सुंदरबन दिवस के अवसर पर अपने सफोला हनी एक्टिव को बिलकुल नए व आकर्षक पैकेजिंग में लॉन्च करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस नए पैक के साथ, ब्रांड ने अपने अभियान के तहत एक इमर्सिव सीजीआई वीडियो को भी लॉन्च किया है। नए अभियान का उद्देश्य नए सफोला हनी एक्टिव पैक के प्रति उत्साह और आकर्षण पैदा करना है, जो सुंदरबन सहित जंगलों और प्राचीन क्षेत्रों से प्राप्त प्राकृतिक और शुद्ध शहद के ब्रांड के वादे का प्रतीक है। ताजा पैकेजिंग के साथ, उपभोक्ता अब आकर्षक और नए प्रारूप में इसके एहसास का अनुभव कर सकते हैं। नई रिफ्रेश पैकेजिंग के बारे में बोलते हुए मैरिको लिमिटेड में इंडिया एंड फूड बिजनेस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर वैभव भंचावत ने कहा, हम सफोला हनी एक्टिव की ताजा पैकेजिंग को लेकर उत्साहित हैं। हम इसे आकर्षक नए रूप में पेश कर रहे हैं जो हमारे शहद के लिए शुद्धता और प्राकृतिक सार का मिश्रण है और जिसमें सुंदरबन वन का शहद शामिल है।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

**मुंबई** 15 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और पावर समेत अठारह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 227.55 अंक मजबूत होकर एक सप्ताह बाद 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 70.70 अंक की तेजी के साथ 21,910.75 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.93 प्रतिशत चढ़कर 39,621.72 अंक और स्मॉलकैप 1.24 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,351.18 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3938 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2354 में लिवाली जबकि 1504 में बिकवाली हुई वहीं 80 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 26 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 24 में गिरावट रही।

बीएसई के 18 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.54, सीडी 0.90, ऊर्जा 2.28, वित्तीय सेवाएं 0.69, इंडस्ट्रियल्स 0.68, आईटी 0.65, दूरसंचार 1.26, यूटिलिटीज 2.59, ऑटो 1.41, बैंकिंग 0.40, कैपिटल गुड्स 0.47, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.49, धातु 1.02, तेल एवं गैस 2.61, पावर 1.99, रियल्टी 0.92, टेक 0.47 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.65 प्रतिशत मजबूत रहे।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.11, जर्मनी का डैक्स 0.66, जापान का निक्केई 1.21, हांगकांग का हैंगसेंग 0.41 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.28 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 239 अंक की तेजी के साथ 72,061.47 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 71,644.44 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 72,164.97 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 71,822.83 अंक के मुकाबले 0.32 प्रतिशत चढ़कर 72,050.38 अंक हो गया। निफ्टी भी 67 अंक की बढ़त लेकर 21,906.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,794.80 अंक के निचले जबकि 21,953.85 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,840.05 अंक की तुलना में 0.32 प्रतिशत बढ़कर 21,910.75 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 6.51, एनटीपीसी 3.58, पावरग्रिड 2.79, एसबीआई 2.46, एचडीएफसी बैंक 2.15, एशियन पेंट 1.32, टाइटन 0.98, विप्रो 0.82, इंफ़ोसिस 0.70, टेक महिंद्रा 0.59, मारुति 0.55, भारती एयरटेल 0.49, टाटा मोटर्स 0.21, अल्ट्रासिमको 0.19, टाटा स्टील 0.04 और टीसीएस 0.02 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एक्सिस बैंक 2.11, आईटीसी 1.85, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.58, नेस्ले इंडिया 1.34, सन फ़ार्मा 0.79, रिलायंस 0.70, बजाज फिनसर्व 0.62, एचसीएल टेक 0.61, आईसीआईआई बैंक 0.45, कोटक बैंक 0.44, बजाज फाइनेंस 0.39, एलटी 0.26, इंडसइंड बैंक 0.26 और जेएसडब्ल्यू स्टील ने 0.14 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर प्रतिबंधों पर रिजर्व बैंक से स्पष्टीकरण की मांग




नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसियां)। पेटीएम पेमेंट्स बैंक के कारोबार पर रिजर्व बैंक द्वारा लगायी रोक के मद्देनजर कनफ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रिज़र्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास से पेटीएम के ग्राहकों को संभावित खतरों को दूर करने और उपभोक्ताओं तथा हितधारकों के लिए पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापारियों एवं छोटे व्यवसाय की चिंताओं पर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया है। कैट ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस संबंध में श्री दास को पत्र भेजा गया है जिसमें कहा गया है कि पिछले सप्ताह रिज़र्व बैंक गवर्नर द्वारा पेटीएम के ख़िलाफ़ की गई कारवाई पर विचार न किए जाने के स्पष्ट बयान के बाद और पेटीएम पेमेंट्स बैंक में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जाँच की रिपोर्टों के कारण व्यापारिक समुदाय और छोटे व्यवसायों के पेटीएम के पास जमा धन की सुरक्षा के संबंध में चिंता बढ़ी है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने श्री दास को भेजे पत्र में कहा कि व्यापारिक समुदाय रिज़र्व बैंक द्वारा उठाये गये कदमों का पूर्ण समर्थन करता है। रिज़र्व बैंक का निर्णय जिसमें 29 फरवरी, 2024 से पेटीएम पेमेंट्स बैंक को जारी और जमा या टॉप-अप्स स्वीकार करने और अन्य सेवाओं में गतिविधियों के लिए प्रतिबंध लगाया गया है जो बेहद गंभीर है तथा रिज़र्व बैंक ने पेटीएम के भीतर कई अनियमितताओं पर स्पष्टता की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है वहीं बिना स्त्रोत की जाँच किए अकाउंट बनाना गंभीर प्रक्रियात्मक उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त, कई संबंधित पक्षीय लेन-देनों में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के शामिल होने के आरोप लगाए गये हैं जो रिज़र्व बैंक के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है। इन दोनों ने कहा कि रिज़र्व बैंक द्वारा उठाये गये सवालों में संबंधित विनियामक दिशानिर्देशों, लेन-देन सुरक्षा, वित्तीय स्थिरता, उपभोक्ता संरक्षण उपायों, और उद्योग नियमों का पेटीएम ने उल्लंघन किया है।

# जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 21 रिंगिट उतरकर 3968 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.48 सेंट की गिरावट लेकर 45.87 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में टिकाव रहा।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10200-10300, अरहर दाल 12500-12600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल = 2825-2925 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4100-4200, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4500-4600 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# भारत और पेरु व्यापार समझौते पर बातचीत में आई तेजी

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। भारत बौर पेरू के बीच व्यापार समझौते को गति देने के लिए दोनों देशों के बीच छठे दौर की वार्ता हुयी है। वाणिज्य मंत्रालय ने आज यहां जारी बयान में कहा कि व्यापार समझौते के लिए भारत-पेरू वार्ता का छठा दौर 12 से 14 फरवरी, 2024 तक पेरू के लीमा में आयोजित किया गया , ताकि वर्ष 2017 में वार्ता प्रकिया की औपचारिक घोषणा के पश्चात शुरू हुए काम को जारी रखा जा सके।

इस बैठक में पेरू की विदेश व्यापार उप मंत्री टेरेसा मेरा; पेरू में भारत के राजदूत विश्वास सपकाल; भारत के मुख्य वार्ताकार विपुल बंसल; पेरू के मुख्य वार्ताकार गेरार्डो मेज़ा और दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया। इस दौरान सुश्री मेरा और भारत के मुख्य वार्ताकार श्री बंसल ने संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पणी देते हुए दक्षता के साथ काम जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। कोरोना महामारी से पूर्व अगस्त 2019 तक दोनो देशों के बीच वार्ता के पांच सफल दौर आयोजित किए जा चुके थे। अक्टूबर, 2023 में वर्चुअल माध्यम से वार्ता का दौर दोबारा शुरू हुआ।



दोनों वक्ताओं ने रचनात्मक समाधान खोजने और आम सहमति तक पहुंचने के लिए व्यावहारिकता के साथ बातचीत प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के महत्व पर बल दिया। भारत और पेरू के बीच व्यापार समझौता दोनो देशों के नागरिकों और उद्यमों के लिए व्यापार के अधिक अवसर सृजित करेगा। इससे दोनो देशों के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध भी सुदृढ़ होंगे।

वार्ता के इस दौर में, नौ कार्य समूहों ने व्यक्तिगत बैठकें कीं। जिनमें वस्तु-व्यापार, उत्पत्ति के नियम, विभिन्न सेवाओं से संबद्ध व्यापार, सीमा शुल्क प्रक्रियाएं, व्यापार सुविधा, विवाद निपटान, प्रारंभिक प्रावधान और सामान्य परिभाषाएं, अंतिम प्रावधान और कानूनी तथा संस्थागत मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।


छठे दौर की इन बैठकों में दोनों देशों के 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान संबंधित वार्ता दलों ने भी हिस्सा लिया। पेरू की ओर से, प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश व्यापार और पर्यटन मंत्रालय ने किया, जिसमें अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, कृषि मंत्रालय, कृषि मंत्रालय, उत्पादन, सीमा शुल्क प्रशासन सहित अन्य प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में वाणिज्य विभाग, राजस्व विभाग और विदेश व्यापार महानिदेशालय के सरकारी अधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि शामिल थे।

# खेल जगत

## कतर ओपन से हटे नडाल ने कहा प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार नहीं हूं

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नं. नंबर 1 टेनिस स्टार राफेल नडाल ने आगामी कतर ओपन से हटने के बाद अपने ब्रेक को और बढ़ा दिया है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता को दोहा में 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करनी थी। लेकिन, 37 वर्षीय ने कहा कि वह दोहा में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। वो लास वेगास में और महीने के अंत में इंडियन वेल्स में कार्लोस अल्काराज के खिलाफ फ्रेंडली मैच पर फोकस कर रहे हैं।

स्पैनियार्ड ने एक्स पर लिखा, मैं दोहा में खेलना पसंद करूंगा, जहां टूर्नामेंट टीम के साथ-साथ अद्भुत कतर प्रशंसकों ने हमेशा मेरा बहुत समर्थन किया है। दुर्भाग्य से मैं प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हूं और मैं दोहा नहीं आ पाऊंगा। मैं लास वेगास में प्रदर्शनी और इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के लिए तैयार रहने के लिए काम करते रहने पर ध्यान केंद्रित करूंगा।



# रोहित और जडेजा का शतकीय सलाम, भारत ने बनाये पहले दिन 326 रन


■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 15 फरवरी (देशबन्धु)। कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के बेहतरीन शतकों और दोनों की चौथे विकेट की 204 रन की बेहतरीन भागीदारी की बदौलत भारत ने शुरू में मिले तीन बड़े झटकों से उबर कर इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन मैदान पर बृहस्पतिवार को शुरू तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन अपनी पहली पारी में 86 ओवर में पांच विकेट 326 रन का मजबूत आगाज किया। रोहित ने अपने टेस्ट करियर का 11 वां और रवींद्र जडेजा ने अपने टेस्ट करियर का चौथा शतक जड़ा। जडेजा पहले दिन का खेल बंद होने के समय 212 गेंद खेल कर दो छक्कों और नौ चौकों की मदद से 110 और रात्रि प्रहरी कुलदीप यादव दस गेंद खेल कर बिना कोई रन बनाए खेल रहे थे। जडेजा ने पहले दिन के आखिरी ओवर में जिमी एंडरसन की अंतिम पूर्व गेंद पर को वाइड मिड ऑन पर फ्लिक कर चौका जड़ अपने टेस्ट करियर के तीन हजार पूरे किए। दुनिया के नंबर एक ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा टेस्ट करियर में 3000 रन बनाने के साथ 250 विकेट चटकाने वाले दुनिया के 12वें क्रिकेटर बन गए।

जडेजा ने एंडरसन के 17 ओवर की आखिरी गेंद पर एक रन दौड़ कर 198 गेंद खेल कर दो छक्कों और सात चौके की मदद से पूरे किए। इससे पहली गेंद पर जडेजा की गलती से अपने टेस्ट करियर का आगाज करने उतरे मुंबई के मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान (62 रन, 66 रन, एक छक्का, 9 चौके) के रूप पांचवां विकेट 314 रन पर खोया। जडेजा ने अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले सरफराज के साथ पांचवें विकेट के लिए 77 रन की भागीदारी भी की। सरफराज ने बदकिस्मती से रन आउट होने से पहले अपने टेस्ट करियर का आगाज करते हुए

■ रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के शतकों से
■ भारत का तीसरे टेस्ट में मजबूत आगाज
■ जडेजा ने रोहित के साथ चौथे विकेट के लिए 204 रन जोड़ भारत को संकट से उबारा






खासतौर पर इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ खुलकर स्ट्रोक खेल अर्धशतक जड़ अपनी छाप छोड़ी।

भारत जब दूसरे टेस्ट की पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल (10, 10 गेंद, दो चौके), दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले शुभमन गिल (0 रन, 9 गेंद) और रजत पाटीदार(5 रन, 15 गेंद, एक चौका) के रूप में तीन विकेट मात्र 33 रन पर खो संकट में फंस गया तो तब पारी को संभालने के लिए अनुभवी रवींद्र जडेजा को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। कप्तान रोहित शर्मा के साथ रवींद्र जडेजा ने यह जिम्मेदारी बहुत शिद्दत से निभाने के साथ न केवल पारी संभाली बल्कि पहले दिन भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। इंग्लैंड के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज मार्क वुड (3/69) ने सुबह अपने पहले स्पैल में यशस्वी और शुभमन को आउट करने के बाद चायकाल के बाद आखिरी सत्र में कप्तान रोहित शर्मा का सबसे कीमती विकेट चटकाया। अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले सरफराज खान ने ऑफ स्पिनर जो रूट की यॉर्कर मिड विकेट पर खेल तीन रन दौड़ अपने रन बनाने का सिलसिला शुरू किया बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले की सीधा छक्का जड़ा और अगली ही गेंद पर एक रन दौड़ कर अपना पहला अर्धशतक 48 गेंदों में एक छक्के और सात चौकों की मदद से पूरा किया। सरफराज भारत के लिए टेस्ट करियर का आगाज करते हुए सबसे तेज अर्धशतक जड़ने में पटियाला के युवराज (42 गेंद वि. इंग्लैंड, 1934) के बाद हार्दिक पांड्या(48 गेंद, वि. श्रीलंका, 2017) के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए।

रोहित शर्मा (131 रन, 196 गेंद, तीन छक्के और 14 चौके) अंतत- इंग्लैंड के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज मार्क वुड के 15 वे और पारी के 64 वें ओवर की तीसरी शॉर्ट गेंद को उड़ाने के प्रयास में कप्तान बेन स्टोक्स के हाथों मिड ऑन पर लपके और भारत ने अपना चौथा विकेट 237 रन पर खोया। तीसरे टेस्ट से पहले भारत के कप्तान रोहित शर्मा (कुल 90 रन) ने शुरू दो टेस्ट की चार पारियों में एक अर्धशतक नहीं जड़ा था। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने चायकाल के बाद पहले और लेग स्पिनर रेहान अहमद के छठे ओवर की तीसरी गेंद पॉइंट के बीच से खेल दो रन दौड़ कर 157 गेंद खेल कर दो छक्कों और 11 चौकों की मदद से अपने टेस्ट करियर का 11 और इंग्लैंड के खिलाफ अपना तीसरा शतक पूरा किया। बतौर कप्तान रोहित शर्मा का बतौर कप्तान यह आठवां शतक है। रोहित शर्मा (102) चायकाल के बाद दूसरे और जिमी एंडरसन के 12वें ओवर की दूसरी गेंद को रक्षात्मक ढंग से खेलने से चूके गेंद पैड पर पड़ी और अंपायर ने इस पर नॉटआउट दिया और इंग्लैंड ने एलबीडब्ल्यू के अपील की लेकिन तीसरे अंपायर ने मैदानी अंपायर के फैसले को बरकरार रख उन्हें नॉट आउट दिया। रोहित ने तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन के 13 वे ओवर की अंतिम गेंद को फ्लिक कर फाइन लेग पर चौका जड़ भारत को 56 वें ओवर में तीन विकेट पर 200 रन पूरे किए। तब रोहित 171 गेंद खेल कर दो छक्कों और 12 चौके की मदद से 110 और रवींद्र जडेजा 138 गेंद खेल कर एक छक्के और छह चौकों की मदद से 70 रन बनाकर क्रीज पर थे।

रोहित (27 रन) ने सुबह इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले के तीसरे ओवर में लगातार दो चौके लगाए लेकिन इसी ओवर की अंतिम गेंद को मिड विकेट की ओर ड्राइव करने की कोशिश लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा ले उछली लेकिन स्लिप में जो रूट कैच लपकने से चूक गए तब भारत का स्कोर तीन विकेट पर 47 रन था। रोहित के स्कोर में दो रन ही जुड़े कि वह जिमी एंडरसन की गेंद को ऑन ड्राइव करने लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी डैन लॉरेंस इसके लपके के लिए मिड ऑन पर उछले जरूर लेकिन गेंद उनके हाथ में नहीं आए। एंडरसन के दूसरे स्पैल के दूसरे कुल पांचवें ओवर तीसरी गेंद को रोहित शर्मा खेलने से चूक और गेंद उनके पैड पर पड़ी अंपायर विल्सन ने एलबीडब्ल्यू दिया लेकिन इस पर रोहित (29)ने रिव्यू लिया और तीसरे अंपायर ने फैसला पलट उन्हें नॉट आउट दिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 71 गेंद खेल कर बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले के नौवें ओवर की अंतिम पूर्व गेंद को फ्लिक कर दो रन लेकर आठ चौकों की मदद से अपना मौजूदा टेस्ट सीरीज का पहला अर्धशतक पूरा किया। रोहित शर्मा और बाएं हाथ के रवींद्र जडेजा की चौथे विकेट के लिए 152 रन की भागीदारी की बदौलत चायकाल तक भारत को अपनी पहली पारी में 52 ओवर में तीन विकेट पर 185 रन बनाए। तब कप्तान रोहित शर्मा 154 गेंद खेल कर दो छक्कों और 11 चौकों की मदद से 97 और रवींद्र जडेजा 126 गेंद खेल कर एक छक्के और छह चौकों की मदद से 68 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत ने लंच और चायकाल के बीच कोई और विकेट नहीं खोया और 92 जोड़े। मौजूदा टेस्ट सीरीज का एक पहला सत्र था जब कोई विकेट नहीं गिरा। लंच के बाद पहले घंटे अनुभवी रोहित और रवींद्र जडेजा ने कोई हड़बड़ी नहीं दिखाए और खासतौर पर इग्लैंड के अनुभवी और कंजूस तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन और मार्क वुड की शॉर्ट पिच गेंदबाजी का बहुत ही समझबूझ से सामना किया और बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले और जो रूट को निशाना बनाया। रोहित शर्मा ने रूट की गेंद पर छक्का जड़ने के साथ भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के जड़ने में महेंद्र सिंह धोनी (78 छक्के)को तीसरे स्थान पर धकेल कर खुद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 91 छक्के जड़ने का रिकॉर्ड विस्फोटक वीरेंद्र सहवाग के नाम है। रवींद्र जडेजा ने लंच के बाद तेज गेंदबाज मार्क वुड के दूसरे ओवर की तीसरी गेंद को स्टियर कर चौका जड़ भारत के स्कोर को 101 पर पहुंचाया। जडेजा ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड के 12 ओवर दूसरी गेंद को फ्लिक कर 97 गेंद खेल डीप मिड मिड विकेट पर खेल कर कर एक रन पांच चौके की मदद से अपना 21 वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया और इसी ओवर की अंतिम गेंद पर एक रन दौड़ कर भारत के स्कोर को 44 ओवर में तीन विकेट पर 150 रन पर पहुंचाया।

## स्वीयाटेक लगातार तीसरी बार दोहा क्वार्टरफाइनल में



**दोहा,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने राउंड 16 में नंबर 14 वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6-1, 6-4 से हराकर कतर ओपन में अपनी प्रभावशाली जीत का सिलसिला आगे बढ़ाया और लगातार तीसरी बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गईं। दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन स्वीयाटेक ने बुधवार शाम को 1 घंटे और 31 मिनट की जीत के साथ अलेक्जेंड्रोवा को हराकर टूर्नामेंट में अब लगातार 10 मैच जीते हैं। पोल अब क्वार्टर फाइनल में दो बार की दोहा चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से खेलेंगी। पूर्व विश्व नंबर 1 अजारेंका ने रात के मैच में नंबर 8 वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको को 6-0, 6-3 से हराया, जो इस साल ओस्टापेंको पर उनकी तीसरी जीत है।

वर्ल्ड नंबर-19 अलेक्जेंड्रोवा को हराकर, स्वीयाटेक ने शीर्ष 20 विरोधियों के खिलाफ अपने पिछले 11 मैच जीते हैं, और इस साल अब तक उस समूह के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 4-0 पहुंचा दिया है। डब्ल्यूटीए के अनुसार, स्वीयाटेक की शीर्ष 20 के किसी साथी सदस्य से आखिरी हार पिछले सितंबर में टोक्यो क्वार्टर फाइनल में वेरोनिका कुडरमेतोवा से हुई थी। इससे पहले बुधवार को, पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं, जब राउंड 16 की उनकी प्रतिद्वंद्वी, विश्व नंबर 37 लेसिया सुरेंको कोहनी की चोट के कारण मैच से हट गईं। ओसाका, जो 2022 के अंत और पूरे 2023 तक मातृत्व अवकाश पर थी, 2022 के मार्च में मियामी ओपन फाइनल में पहुंचने के बाद से अपने पहले डब्ल्यूटीए टूर क्वार्टर फाइनल में है।

क्वार्टर फाइनल में, दो बार की डब्ल्यूटीए 1000 टाइटलिस्ट ओसाका का सामना एक अन्य पूर्व विश्व नंबर 1, कैरोलिना प्लिस्कोवा से होगा, जिन्होंने अपनी साथी चेक लिंडा नोस्कोवा को तीन सेटों में 3-6, 7-5, 6-1 से हराया।

## इंग्लैंड का बैजबॉल दृष्टिकोण अतिरिक्त जोखिम के साथ आता है : सहवाग

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की आक्रामक शैली की प्रशंसा की, जिसे अक्सर बैज़बॉल कहा जाता है और विजाग में भारत-इंग्लैंड दूसरे टेस्ट का उदाहरण देते हुए तर्क दिया कि यह अतिरिक्त जोखिम के साथ आता है।

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर है, ऐसे में दोनों टीमों की नजर गुरुवार को राजकोट में होने वाले तीसरे टेस्ट को जीतकर शुरुआती बढ़त बनाने पर है। सहवाग ने श्रृंखला में इंग्लैंड के दृष्टिकोण पर जोर दिया और जिस तरह से उन्होंने उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में गेंदबाजी की, उससे वे काफी प्रभावित दिखे।



इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर हार्टले ने अपने पहले टेस्ट मैच में भारत के खिलाफ पहले मैच में नौ विकेट लेकर अपनी टीम को 28 रन से जीत दिलाई। जायसवाल के दोहरे शतक और शुभमन गिल के शतक के दम पर भारत ने दूसरा मैच 108 रन से जीत लिया। सहवाग ने एक आभासी बातचीत में आईएएनएस से कहा, श्रृंखला बेहद प्रतिस्पर्धात्मक है, दोनों टीमें संतुलित दिख रही हैं और बल्लेबाज और गेंदबाज अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभा रहे हैं। भारत ने शुरुआती झटके के बाद दूसरे टेस्ट में वापसी की, टेस्ट क्रिकेट यही है। खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करने का हर मौका मिलता है और यह प्रतिस्पर्धा है जो आपको ऐसा करने के लिए मजबूर करती है। पहले टेस्ट में, हमने इंग्लैंड के युवा डेब्यूटेंट टॉम हार्टले का प्रदर्शन देखा और अगले ही मैच में, यशस्वी जयसवाल ने दोहरा शतक बनाया। टेस्ट क्रिकेट आपको यही देता है, आपको इसे हासिल करने की जरूरत है यह दोनों हाथों से है। हाल के वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर, सहवाग ने कहा, जिस तरह से वे खेलते हैं वह मुझे पसंद है, टेस्ट क्रिकेट का निडर पक्ष कुछ ऐसा है जिसे वे खेल में लाए हैं। मुझे यह दृष्टिकोण पसंद है।

## सार संक्षेप

### हम ड्रेसिंग रूम में बैजबॉल के बारे में चर्चा नहीं करते : जायसवाल

**राजकोट।** भारत के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टीम मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला के दौरान ड्रेसिंग रूम में इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट खेलने की बैजबॉल शैली के बारे में चर्चा नहीं करती है। यशस्वी जायसवाल ने ब्रॉडकास्टर्स जियो सिनेमा से कहा, हम इस पर चर्चा नहीं करते हैं। हम सिर्फ इस पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि हम क्या कर सकते हैं। हमें किन प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए और हम फील्डिंग में अपनी टीम के लिए कैसे योगदान दे सकते हैं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक मजबूत सलामी जोड़ी बनाने के बारे में पूछे जाने पर जयसवाल ने कहा, उनके साथ खेलना सम्मान और खुशी की बात है। मैं उनसे बहुत कुछ सीख रहा हूं। उनके पास जाना और सवाल पूछना वास्तव में अच्छा है। भले ही सवाल ज्यादा सही न हो, फिर भी वह अच्छी सलाह देते हैं। कभी-कभी जब आपके मन में बहुत सारे सवाल होते हैं, तो उनके पास जाना और उनकी सलाह लेना वास्तव में अच्छा होता है। यशस्वी जायसवाल दूसरे टेस्ट में भारत की 106 रन की जीत के सितारों में से एक थे, जब उन्होंने पहली पारी में शानदार 209 रन बनाए।

### एशिया कप में हार के बाद नवीनतम फीफा रैंकिंग में भारत 117वें स्थान पर खिसका

**नई दिल्ली।** एएफसी एशिया कप में हार के बाद भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम नवीनतम फीफा रैंकिंग में 117वें स्थान पर गिर गई। पिछले महीने दोहा में महाद्वीपीय टूर्नामेंट के पहले दौर में टीम के बाहर होने के बाद, गुरुवार को जारी फीफा पुरुष विश्व रैंकिंग के नवीनतम संस्करण में भारत 102 से 15 स्थान फिसल गया। सीएएफ अफ्रीका कप ऑफ नेशंस और एएफसी एशियन कप में खेले गए मैचों के बाद स्टैंडिंग में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। अफ्रीकी पक्षों के बीच, आइवरी कोस्ट 10 स्थानों की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गया, जो कि घरेलू धरती पर उनकी महाद्वीपीय जीत का पुरस्कार है, जो एक शानदार एफकॉन अभियान के बाद सुरक्षित हुआ। एफकॉन उपविजेता नाइजीरिया महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए 14 स्थानों की छलांग लगाकर 28वें स्थान पर है, लेकिन अंगोला (93वें, 24 स्थान उठकर) से उसका कोई मुकाबला नहीं है, एक टीम जिसे उन्होंने अंतिम आठ में बाहर कर दिया था, जो वैश्विक रैंकिंग की नवीनतम किस्त में सबसे बड़े छलांग लगाने वाले हैं। दो बार के एशियाकप विजेता कतर (37वें, 21 स्थान ऊपर ) ने अपने महाद्वीपीय ताज का सफलतापूर्वक बचाव करने के लिए घरेलू सुविधाओं का लाभ उठाने के बाद सबसे बड़ी संख्या (92.04 अंक) हासिल की। वैश्विक रैंकिंग के शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं देखा गया है।

## रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत टी-20 विश्वकप जीतेगा : जय शाह

**राजकोट,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने आगामी टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी की अटकलों पर विराम देते हुए कहा कि उन्हें भरोसा है कि रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत खिताब जीतेगा। शाह ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम करने के कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान कहा, हम भले ही 2023 एकदिवसीय विश्वकप का फाइनल हार गए हों। लेकिन हमने लगातार 10 मैच जीतकर दिल जीत लिया। मैं कहना चाहूंगा कि मुझे पूरा विश्वास है कि भारत बारबाडोस में रोहित शर्मा की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्वकप जीतेगा। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शाह ने टी-20 विश्वकप के लिए रोहित को कप्तानी की कमान सौंपने के फैसले के बारे में यह जानकारी दी। इस दौरान भारतीय कप्तान रोहित, कोच राहुल द्रविड़ और पुरुष सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर भी मौजूद थे। उन्होंने कहा, रोहित कप्तानी कर रहे थे और वह एक साल बाद अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए वापस आए, जिसका मतलब है कि हम उन्हें कप्तानी जारी रखने देंगे। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में भारत का स्कोर 22/4 था और जिस तरह से रोहित शर्मा ने टीम को 212/4 तक पहुंचाया, हम उनके बारे में ज्यादा सवाल नहीं कर सकते, ठीक है? उनके पास क्षमता है, जैसा कि मैंने कहा, हमने एकदिवसीय विश्व कप में दस मैच जीते। हमने फाइनल नहीं जीता, लेकिन यह खेल का अभिन्न अंग है। जो बेहतर खेलेगा, वही जीतेगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि हार्दिक पंड्या टीम के उपकप्तान होंगे।

## केरला ब्लास्टर्स और चेन्नइयन एफसी के बीच होगी श्रेष्ठता की जंग

**चेन्नई,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 की दक्षिण भारतीय प्रतिद्वंद्विता चरम पर होगी, जब चेन्नइयन एफसी शुक्रवार, 16 फरवरी को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में केरला ब्लास्टर्स एफसी की मेजबानी करेगी।

मरीना मचान्स अंक तालिका में अपनी स्थिति बदलने को लेकर आतुर होंगे, क्योंकि वे इस समय 13 मैचों में 12 अंकों के साथ अंतिम से एक स्थान ऊपर हैं। लिहाजा, चेन्नइयन एफसी के लिए आने वाले नौ मैच बेहद चुनौतीपूर्ण होंगे।

इसी तरह, मिड सीजन ब्रेक के बाद फिर से शुरुआत करने के बाद से केरला ब्लास्टर्स एफसी ने भी लय गंवा दी है। इवान वुकोमानोविच की कोचिंग वाली टीम को ओडिशा एफसी और पंजाब एफसी के खिलाफ लगातार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। अपने प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से चिंतित कोच्चि की टीम फिर से शीर्ष पर पहुंचने की इच्छुक होगी।



ब्लास्टर्स (26) लीग लीडर ओडिशा एफसी (31) से पांच अंक पीछे हैं, और जगरनॉट्स (15) की तुलना में उनके पास एक मैच अधिक है। हालिया हार के बावजूद, वे अपने और सर्जियो लोबेरा की टीम के बीच अंतर को पाट सकते हैं, और चेन्नइयन एफसी के खिलाफ मुकाबले से इस लक्ष्य की ओर बढ़ने की कोशिश करेंगे।

चेन्नइयन एफसी को हाल के समय में केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, वो लीग में उनके खिलाफ अपने पिछले सात मैचों में जीत से वंचित रही है। हालांकि, मरीना मचान्स कोच्चि स्थित टीम के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर खेले पिछले आठ मैचों में नहीं हारे हैं। उनमें से चार मुकाबलों में उन्हें जीत मिली है और चार मैच ड्रा रहे हैं। लेकिन चेन्नइयन एफसी अपने पिछले तीन लीग मुकाबले हारी है, लिहाजा ओवेन कोयल को हालात जल्दी से बदलने की जरूरत है।

केरला ब्लास्टर्स एफसी लगातार प्रभावशाली, मनोरंजक प्रदर्शन करके पूरे आत्मविश्वास के साथ सीजन ब्रेक पर गई थी। लेकिन एड्रियन लुना और क्वामे पेप्राह की गैरमौजूदगी से ब्लास्टर्स को तगड़ा झटका लगा है, जिससे उनकी आक्रमण क्षमता में एक्स-फैक्टर की कमी आ गई। ऐसा लगता है कि दिमित्रियोस डायमांटाकोस पर भी टीम के लिए स्कोरिंग करने का बोझ बेहद बढ़ गया है। अब टीम को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी खिलाड़ी यहां से बेहतर प्रदर्शन करके उचित और समान योगदान करें।

## सरफराज खान के पिता भावुक हो गए, सपना सच होते ही बेटे की टेस्ट कैप चूम ली

**राजकोट,** 15 फरवरी (एजेंसियां)। भारत बनाम इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट की शुरुआत से पहले राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में भावनात्मक दृश्य सामने आया जब दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज खान ने टेस्ट कैप दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले से प्राप्त की। राजकोट में जैसे ही कुंबले ने सरफराज को टेस्ट कैप सौंपी, उनके पिता-सह-कोच नौशाद खान अपनी आंखों के सामने उभरते दृश्यों को देखकर भावुक हो गए। इसके बाद विजुअल्स में सरफराज को अपने पिता और पत्नी को दिखाने के लिए अपनी टेस्ट कैप के साथ सीमा रेखा के पार दौड़ते हुए दिखाया गया, जो किनारे से कार्यवाही देख रहे थे।

जैकेट के पीछे क्रिकेट हर किसी का खेल है लिखा हुआ था, नौशाद की आंखों में आंसू थे और गर्व महसूस कर रहे । नौशाद ने खुशी से उन्हें गले लगाया और टेस्ट कैप पर भारतीय बैज को चूमा, जबकि सरफराज अपनी पत्नी की आंखों से आंसू पोंछ रहे थे।

सरफराज खान पिछले कुछ वर्षों में घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए काफी रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं और हाल ही में उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ सीरीज में भारत ए के लिए भी बड़े रन बनाए। ढेर सारे रन बनाने के बावजूद सरफराज पहले भी कई मौकों पर टेस्ट डेब्यू नहीं कर पाए थे। केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के चोटों के कारण बाहर होने के बाद विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट के लिए टीम में नामित किए जाने पर उन्हें




भारतीय टीम में पहली बार मौका मिला, लेकिन रजत पाटीदार ने पदार्पण किया। शेष तीन टेस्ट मैचों के लिए श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल नहीं किया गया और राहुल अभी भी क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं, कई लोगों ने सरफराज को पदार्पण करने की सलाह दी। गुरुवार को, सरफराज का सपना सच हो गया जब उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट की शुरुआत से पहले भारत के लिए 311वां टेस्ट क्रिकेटर बनने के लिए टेस्ट कैप प्रदान की गई। वास्तव में आप पर गर्व है, जिस तरह से आप आगे बढ़े हैं। मुझे यकीन है कि आपने जो हासिल किया है उस पर आपके पिता और परिवार को बेहद गर्व है। मैं जानता हूं कि आपने पूरी मेहनत की है। कुछ निराशाएँ थीं लेकिन इसके बावजूद आपने घरेलू सीज़न में जो रन बनाए हैं, वे आपको यहाँ ले आए हैं।

कुंबले ने सरफराज को टेस्ट कैप देने से पहले भाषण में कहा, तुम्हें शाबाश, मुझे यकीन है कि आपके पास बनाने के लिए बहुत सारी अद्भुत यादें होंगी। यह एक लंबे करियर की शुरुआत है, आपसे पहले केवल 310 लोगों ने खेला है। शुभकामनाएं।

45 प्रथम श्रेणी मैचों में, सरफराज ने 69.85 की आश्चर्यजनक औसत से 3,912 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक और 11 अर्द्धशतक शामिल हैं। पिछले महीने, उन्होंने अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच और चार दिवसीय मैचों में 96, 4, 55 और 161 के स्कोर बनाए।

पहले सत्र के खेल के दौरान, नौशाद हिंदी कमेंट्री बॉक्स में थे और आकाश चोपड़ा ने उनसे पूछा कि क्या सरफराज के पहले टेस्ट मैच के लिए इंतजार बहुत लंबा था। उन्होंने जवाब दिया, रात को वक्त चाहिए गुज़ारने के लिए, सूरज मेरी मर्जी से नहीं निकलने वाला।